MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 09 सितंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-251

जीवदया का लाभ लीजिऐ...
Spl. 9 days Scheme ₹ 1125/-
Daily 1 Packet (50 Rotis)
"पहली रोटी गाय की"
गायों के लिए दान अवश्य करें। क्योंकि इससे सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।
7842223545
UPI : 7842223545@centralbank
पेमेंट करने के बाद स्क्रीन शॉट जरूर शेयर करें।
9395508877 / 9493366772
Scan QR Code & Join WhatsApp Group for latest updates

छोटी-सी है जिंदगी, तकरार किस लिए,
रहती है दिलों में, ये दीवार किस लिए,
है साथ कुछ दिनों का, फिर सब जुदा-जुदा,
तो राहों में हम बिछाएँ काँटे किसलिए॥

हम बहुत ध्यान रखते हैं कि, हमसे कोई नाराज न हो,
फिर भी व्यवहार में वार्तालाप में, कहीं न कहीं भूल हो सकती है।
संवत्सरी के इस महानक्षमापर्व पर
क्षमापना
मेरे द्वारा व्यक्तिगत व मेरे परिवार
द्वारा आपका दिल दुखाया गया हो तो
मैं अंत:करण से क्षमायाचना करता हू।



शैलेश-आरती, विशाल-प्रेक्षा, काजल, वंश,गौरव, विहाना, अव्यांश एवं समस्त आंचलिया परिवार
अमृत कुमार मीनाक्षी जैन

जम्मू-कश्मीर में गरजे रक्षा मंत्री, विपक्ष और पाकिस्तान को ललकारा

# पीओके निवासी जल्द ही भारत के साथ जुड़ेंगे: राजनाथ

- केंद्र कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध
- पाक सरकार पीओके के लोगों को विदेशी मानती है, लेकिन भारत सरकार उन्हें भारतीय मानती है
- वह समय दूर नहीं जब पीओके के लोग खुद भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे
- अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी तो क्या माला पहनाई जानी चाहिए थी?



**रामबन, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों को विदेशी मानती है, लेकिन भारत सरकार का मानना है कि वे भारतीय नागरिक हैं और वह समय दूर नहीं, जब वे भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे।

श्री सिंह ने यहां एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल ही में एक अदालत में प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पीओके निवासियों को विदेशी बताया गया था। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत सरकार का मानना है कि पीओके के लोग भारतीय नागरिक हैं।

▶10 पर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः

## भाजपा ने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर जारी की गयी पार्टी की छठी सूची में 10 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने उधमपुर पूर्व से आर. एस. पठानिया को टिकट दिया है।

▶10 पर

कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ीं

# ममता की निर्ममता से नाराज टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने दिया इस्तीफा



- ममता को लिखा- उम्मीद थी आप पुराने स्टाइल में एक्शन लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ
- सरकार अब जो भी दंडात्मक कदम उठा रही है वह बहुत अपर्याप्त और काफी देर से उठाए जा रहे
- डॉक्टर की कथित हत्या के बाद के घटनाक्रमों से निपटने के राज्य सरकार के तरीके की आलोचना की
- पार्टी नेताओं का एक बड़ा वर्ग भ्रष्टाचार में शामिल है, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है

**कोलकाता, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में रविवार को संसद से इस्तीफा देने की घोषणा की और कहा कि वे राजनीति से भी संन्यास भी लेंगे। श्री सरकार ने तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र में उनसे राज्य की सुरक्षा के लिए कुछ करने का आग्रह किया। उन्होंने दो पन्नों के पत्र में कहा, मैं वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी में और नहीं रह सकता।

▶10 पर

पूर्व प्रिंसिपल पर खुलासा

## करीबियों को ठेके दिलाए, गार्ड की पत्नी कैंटीन चलाती थी

**कोलकाता, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** दूसरी तरफ, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ अनियमितता मामले में नए खुलासे हुए हैं। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार 07 सितंबर को बताया कि घोष ने अपने करीबियों को अस्पताल में कई टेंडर दिलवाए थे। उसने सुमन हाजरा नाम के एक दवा वेंडर को सोफा और फ्रिज सप्लाई का कॉन्ट्रैक्ट दिलवाया था।

▶10 पर

## • मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद, ख्वाजा दीगर से पहले नहीं दे सकेंगे उपदेश



**श्रीनगर, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलाना मीरवाइज उमर फारूक को रविवार को फिर से नजरबंद कर दिया गया और उन्हें श्रीनगर में मनाए जाने वाले सालाना उर्स के अवसर पर ख्वाजा दीगर या सामूहिक अस्र की नमाज से पहले नक्शबंद साहिब दरगाह पर उपदेश देने की अनुमति नहीं दी गयी।

अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने कहा कि अधिकारियों ने एक बार फिर मीरवाइज को आज सुबह से ही नजरबंद कर दिया है। उन्हें रविवार को खानयार में नक्शबंद साहिब दरगाह पर सामूहिक अस्र की नमाज अदा करने के वार्षिक धार्मिक अवसर ख्वाजा दीगर से पहले उपदेश देना था। अंजुमन ने कहा कि पांच साल की मुश्किलों के बाद मीरवाइज रविवार को नक्शबंद साहिब में विशेष मजलिस-ए-इस्तिगफार और तौबा का नेतृत्व करने वाले थे। उसने कहा, अधिकारियों ने हमारी भावनाओं की पूरी तरह अनदेखी करते हुए मीरवाइज को एक बार फिर अपने धार्मिक और सामाजिक दायित्व को पूरा करने से रोक दिया। अंजुमन ने मीरवाइज की नजरबंदी की कड़ी निंदा की और इसे धार्मिक मामलों में स्पष्ट हस्तक्षेप करार दिया।

अंजुमन ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्ता में बैठे और हम पर शासन करने वाले लोग हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में अनभिज्ञ हैं और उनके प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाते हैं। अंजुमन मांग करती है कि अधिकारी तुरंत मीरवाइज की नजरबंदी हटायें और उन्हें ख्वाजा दीगर उर्स के विशेष अवसर पर अपना उपदेश देने की अनुमति दें।

## • भारत-जीसीसी विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए रियाद पहुंचे विदेश मंत्री




**रियाद/नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर पहली भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचे।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुलमाजीद अल स्मरी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा प्रथम भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए रियाद, सऊदी अरब पहुंचा। इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुलमजीद अल स्मरी को धन्यवाद।

रियाद में विदेश मंत्री द्वारा जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। भारत और जीसीसी के बीच राजनीतिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा सहयोग, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित कई क्षेत्रों में गहरे और बहुआयामी संबंध हैं। जीसीसी क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है और यह एक बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय का घर है, जिनकी संख्या लगभग 80 लाख 90 हजार है।

एक बयान में कहा गया है कि विदेश मंत्रियों की बैठक भारत और जीसीसी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संस्थागत सहयोग की समीक्षा करने और उसे गहरा करने का अवसर होगी। जीसीसी एक क्षेत्रीय, अंतरसरकारी, राजनीतिक और आर्थिक संघ है जिसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

▶10 पर

## • मणिपुर में रॉकेट हमलों के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा इंफाल घाटी में ड्रोन कर रहे निगरानी



**इंफाल, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** मणिपुर में रॉकेट हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। इंफाल घाटी की निगरानी के लिए ड्रोन तैनात किए गए हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। रविवार को समाचार लिखे जाने तक हिंसा का कोई मामला सामने आया है। जबकि सुरक्षा बल लगातार इंफाल घाटी में नजर रख रहे हैं। वहीं असम राइफल्स ने सीमांत क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। वहीं सीआरपीएफ ने राज्य पुलिस को ड्रोन सौंपा है।

बीते रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के कतुक गांव में ड्रोन से हमले किए गए थे। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हो गए। इसके अगले दिन सेनजाम चिरांग में ड्रोन से हमला किया गया। इसमें तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद शनिवार को जिरिबाम जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को सोते हुए गोली मारी गई। वहीं चार अन्य लोग आपसी गोलीबारी में मारे गए। पुलिस के अनुसार, उग्रवादी एक व्यक्ति के घर में घुसे और सोते हुए उसे गोली मार दी। इस घटना के बाद कुछ दूर ही हथियारबंद लोगों से उग्रवादियों का सामना हो गया और इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन लोग पहाड़ी इलाकों के निवासी थे। जनजातीय निकास इंडीजेनस ट्राइब्स एडवोकेसी कमेटी ने घटना में संलिप्तता से इनकार किया है। हालांकि जिरिबाम जिले में शनिवार रात निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। इसके मुताबिक पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है।

▶10 पर

## • तमिलनाडु में 2026 के चुनावी दंगल में उतरने को तैयार दलपति विजय



**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने रविवार को एक्टर विजय थलापति की पार्टी तमिझगा वेत्री कड़गम (टीवीके) को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव लड़ने की परमिशन भी मिल गई है। एक्टर विजय ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए 2 फरवरी को पार्टी की स्थापना की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। पार्टी को मान्यता मिलने के बाद उन्होंने कहा कि पार्टी की जल्द ही अपनी पहली जनसभा करेगी।

विजय ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि थलापति 69 मेरी आखिरी फिल्म होगी। थलापति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी ऑल इंडिया थलापति विजय मक्कल इयक्कम बना ली।

इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था।

साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपए कमाई करते हैं।

▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $27^0$
न्यूनतम : $26^0$

# बांग्लादेश की तरफ से घुसपैठ की कोशिश नाकाम


**गुवाहाटी, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को बताया कि सुबह असम पुलिस ने पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस खदेड़ दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि असम पुलिस ने इस महीने बांग्लादेश से 15 घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजा गया है। सीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए पोस्ट में लिखा कि, अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कड़ी निगरानी जारी है और असम पुलिस ने आज सुबह पांच अवैध घुसपैठियों को पकड़ा और वापस खदेड़ दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि घुसपैठियों की पहचान मस्तबिस रहमान, अस्मा बीबी, अबानी सद्दार, लीमा सद्दार और सुमाया अख्तर के रूप में हुई है।

सरमा ने पहले एक्स पर बताया कि पिछले सप्ताह दो दिनों में राज्य पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए दस और बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा और वापस खदेड़ा।

असम सीएम ने इससे पहले दावा किया था कि बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के बाद से अगस्त महीने के अंत तक करीब 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़कर वापस भेजा गया है।




सीएम हिमंत बोले- पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश

बांग्लादेश में उथल-पुथल के बाद बीएसएफ ने उत्तर पूर्व में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है। पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने पहले कहा था कि असम पुलिस भी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट बनाए हुए है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से राज्य में प्रवेश न कर सके। डीजीपी ने कहा था कि बीएसएफ सीमा पर रक्षा की पहली पंक्ति है और दूसरी पंक्ति के रूप में असम पुलिस भी कड़ी निगरानी में है।

उधर जोरहाट पुलिस ने होजाई जिले के काकी इलाके से मनाब कलिता को गिरफ्तार किया है।

मनाब कालिता पर गुवाहाटी में आईईडी लगाने का आरोप है। जोरहाट पुलिस अब उसे गिरफ्तारी के लिए गुवाहाटी पुलिस को सौंप रही है। जोरहाट के एसपी श्वेतांक मिश्रा ने यह जानकारी दी है।

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY



GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59



# गाजा में पोलियो अभियान के बीच में ही इजराइली हमला, 61 फलस्तीनी नागरिकों की मौत

**यरुशलम, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** गाजा में पोलियो टीकाकरण को लेकर हमास-इजराइल में हमले रोकने पर बात हुई थी लेकिन इसके बावजूद गाजा में इजराइली हमले जारी हैं। हाल ही में गाजा पट्टी में बच्चों के पोलियो टीकाकरण के दौरान इजराइली सेना के हमलों में 61 लोग मारे गए हैं, इनमें से 28 शनिवार को मारे गए है। इस दौरान जबालिया के शरणार्थी शिविर पर इजराइल ने हवाई हमला कर आठ लोगों को मार डाला और 15 को घायल कर दिया है।

**तीन स्वास्थ्य कर्मियों भी मारे गए, हमले की कई देशों ने की निंदा**

सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजराइली हमलों में अब तक करीब 41 हजार आम फलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। फलस्तीनी संगठन हमास, इस्लामिक जिहाद और फतह के लड़ाके भी आपसी मतभेद भुलाकर आर-पार की लड़ाई में इजराइली सेना पर जवाबी हमले कर रहे हैं। अमेरिका, मिस्त्र और कतर के प्रयास गाजा में युद्धविराम नहीं करवा पा रहे हैं।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में चल रहे टीकाकरण अभियान में करीब साढ़े तीन लाख बच्चों को पोलियो की वैक्सीन लगाई जा चुकी है। इस बीच इजराइली हमले में लेबनान में तीन स्वास्थ्य कर्मियों भी मारे जा चुके हैं। लेबनान सरकार समेत कई देशों ने इस इजराइली हमले की निंदा की है।

अमेरिकी खुफिया संगठन सीआइए के प्रमुख विलियम बर्न्स और ब्रिटिश खुफिया संगठन एमआइ सिक्स के प्रमुख रिचर्ड मूर ने एक लेख में गाजा में युद्धविराम की जरुरत पर बल दिया है। दोनों मिलकर क्षेत्र में तनाव कम करने के हर संभव प्रयास कर रही हैं, जिससे अरब जगत में हालात न बिगड़ें। हमास के खिलाफ जारी युद्ध रुकने से फलस्तीनियों का बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान रुक सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुतिन के बाद जॉर्जिया मलोनी का बड़ा बयान, भारत रुकवा सकता है रूस-युक्रेन युद्ध



**लंदन।** इटली की पीएम जॉर्जिया मलोनी ने शनिवार को कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान की दिशा में भारत और चीन महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। एक सम्मेलन से इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद जॉर्जिया मलोनी ने कहा कि वे रूस-यूक्रेन संघर्ष सुलझाने में चीन और भारत की अहम भूमिका देखती हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को अलग-थलग या उसे अकेला छोड़ कर इस संघर्ष का समाधान हरगिज नहीं निकाला जा सकता है। इटली की पीएम मेलोनी का यह बयान तब आया है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया, जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष के समाधान को लेकर संपर्क में हैं और ये देश इस मुद्दे को सुलझाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में चीन, भारत और ब्राजील मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। पुतिन ने कहा था कि युद्ध के पहले सप्ताह में इस्तांबुल में वार्ता के दौरान रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच हुआ एक प्रारंभिक समझौता, जो कभी लागू नहीं हुआ, वार्ता के लिए आधार बन सकता है।

### आतंकी गुरपतवंत पन्नू के घर में आग लगते लगते बची, साजिश की हो रही जांच



**ओटावा।** कनाडा में बैठकर भारत को धमकाने वाला आतंकी गुरपतवंत पन्नू का घर जलते जलते बच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि कोई साजिश तो नहीं है। आशंका इसलिए है कि पन्नू के घर के पास आग लगी, जिसमें 5 लाख डॉलर का नुकसान हुआ है। बहरहाल सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू के घर के बगल में मौजूद जिस घर में आग लगी थी, उसमें रहने वालों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत ने आतंकवादी घोषित कर रखा है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक आग लगने के बाद फैले धुएं के कारण घर के पास मौजूद और बीमार हो गए दो लोगों को मेडिकल मदद दी गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पन्नू ने अमेरिका में हिंदू समूहों के खिलाफ धमकियां जारी की थीं। 22 सितंबर को नासाउ कोलेजियम में होने वाले कार्यक्रम को निशाना बनाया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होने वाले थे। अपने दो मिनट के वीडियो में पन्नू ने ऐलान किया कि 'नरेंद्र मोदी ही निशाना हैं।' टोरंटो के ओकविले में रहने वाला कनाडाई वकील पन्नू मुख्य रूप से अमेरिका में प्रैक्टिस करता है। बताया गया कि आग लगने की घटना के बाद उसका घर सुरक्षित है। आग लगने के कारणों की जांच कर रहे स्थानीय अधिकारी सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं। जिसमें यह संभावना भी शामिल है कि कहीं गलत घर को निशाना तो नहीं बनाया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की उम्मीद को देखते हुए, पन्नू ने अमेरिकी सरकार से पीएम मोदी की मेजबानी और सम्मान में हिस्सा लेने वाले हर संगठन और शख्स की जांच करने और मुकदमा चलाने की अपील की थी ।

### अमेरिका की 22 मंजिला आइकॉनिक बिल्डिंग को बमों से उडाया

**बैटन रूज।** अमेरिका के लुइसियाना के लेक चार्ल्स में एक 22 मंजिला हर्ट्ज टॉवर को वहां की सरकार ने बम से जमीदोज कर दिया। कभी यह शहर की आइकॉनिक बिल्डिंग थी लेकिन अब बम धमाकों और धूल के गुबार में गुम हो गई। यह इमारत पिछले चार साल से खाली थी। दरअसल, 2020 में तूफान लॉरा और डेल्टा की वजह से इमारत को भारी क्षति पहुंची थी। इसके बाद से यह खाली थी। इस इमारत को पहले कैपिटल वन टावर के नाम से जाना जाता था। चार दशक तक यह इमारत शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाती रही लेकिन विनाशकारी तूफान के बाद से सबकुछ बदल गया। लेक चार्ल्स के मेयर निक हंटर की मौजूदगी में बम लगा 22 मंजिला इमारत को 15 सेकेंड में पांच मंजिला मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक सालों तक इमारत के मालिक और लॉस एंजिल्स स्थित रियल एस्टेट फर्म हर्ट्ज इन्वेस्टमेंट ग्रुप ने अपने बीमा प्रदाता ज्यूरिख के साथ कानूनी लड़ाई लड़ी। इमारत के मालिक ने मरम्मत के खातिर अनुमानित लागत 167 मिलियन डॉलर की मांग रखी।

# रूस-यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए, भारत की तरफ उम्मीद भरी नजर से देख रही दुनिया

**रोम, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** दुनिया के नक्शे में भारत की ताकत और हैसियत स्पष्ट दिखाई देती है। आज रूस और यूक्रेन की जंग को लेकर पूरा विश्व भारत की तरफ टक टकी लगाए बैठा है, और मानकर चल रहा है कि भारत ही एक ऐसा देश है तो यहां शांति स्थापित करवा सकता है। इसके संकेत रूस के राष्ट्रपति पुतिन पहले ही दे चुके हैं। यह पीएम मोदी की विदेश नीति का ही कमाल है कि अमेरिका सहित दुनिया के शीर्ष देश यह मानते हैं कि इस संघर्ष को खत्म करने में भारत का अहम रोल हो सकता है। इसी कड़ी में अब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का भी बयान आया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत और चीन जैसे देश यूक्रेन में संघर्ष को सुलझाने में भूमिका निभा सकते हैं। मेलोनी की यह टिप्पणी शनिवार को उत्तरी इटली के सेर्नोबियो शहर में एम्ब्रोसेटी फोरम में की गई, जहां उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदर्मिर जेलेंस्की के साथ भी बैठक की। मेलोनी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया, जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर संपर्क में हैं और कहा है कि वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।

मेलोनी ने कहा, यह स्पष्ट है कि यदि अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों को तोड़ा जाता है, तो इससे अराजकता और संकट को बढ़ावा मलिगा। यही बात मैंने चीन के प्रधानमंत्री से भी कही। मुझे लगता है कि चीन और भारत जैसे राष्ट्र यूक्रेन में संघर्ष को हल करने में भूमिका निभा सकते हैं और उन्हें भूमिका निभानी चाहिए। गुरुवार को व्लादिवोस्तोक में 9वें पूर्वी आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इस मुद्दे को सुलझाने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया था। पुतिन ने कहा था, हम अपने मित्रों और भागीदारों का सम्मान करते हैं, जो मुझे लगता है कि संघर्ष (यूक्रेन के साथ) से जुड़े सभी मुद्दों के समाधान करने में ईमानदारी से रुचि रखते हैं। मैं चीन, ब्राजील, भारत के नेताओं के संपर्क में हूं और मुझे इन देशों के नेताओं पर भरोसा है। वे समस्या के समाधान में भूमकिा नभिा सकते हैं। मेलोनी की टिप्पणी शनिवार को एम्ब्रोसेटी फोरम के दौरान जेलेंस्की के साथ उनकी बैठक के बाद आई। वहां दोनों नेताओं ने ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की।



एक अलग बयान में, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि भारत, यूक्रेन के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने में भूमिका निभा सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुतिन, जेलेंस्की और अमेरिका के साथ स्वतंत्र रूप से संवाद करते हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने जुलाई में रूस और फिर अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की थी, जहां उन्होंने ना सिर्फ पुतिन से युद्ध को खत्म करने की अपील की, बल्कि जेलेंस्की से भी यहा कि दोनों देश बिना समय गंवाए बात शुरू करें। जुलाई महीने में मॉस्को की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए समाधान खोजने के लिए रूसी राष्ट्रपति के साथ व्यापक चर्चा की थी। दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मैत्री और अच्छे संबंधों का उल्लेख करते हुए पुतिन ने यूक्रेन में चल रहे संकट को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की पहल की भी सराहना की थी। अगले महीने अगस्त में जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत और कूटनीति के जरिए चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की सैद्धांतिक स्थिति और प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की थी। उन्होंने क्षेत्र में शांति की शीघ्र वापसी के लिए सभी संभव तरीकों से योगदान देने की भारत की तत्परता को भी दोहराया था।

इसके बाद बीते 26 अगस्त को पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से टेलिफोन पर बात की थी, जहां उन्होंने बाइडेन को यूक्रेन के अपने हालिया दौरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा था कि शांति और स्थिरता लाने को भारत का पूरा समर्थन है। इसके अगले ही दिन 27 अगस्त को पीएम मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात हुई, जहां यूक्रेन की विनाशकारी नीति का आकलन किया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत की हैसियत अब उस मुकाम पर पहुंच गई है, जहां किसी भी अहम मुद्दे पर दुनिया की नजरें सबसे बड़े लोकतंत्र पर जाकर टिक जाती हैं। यही वजह है कि 30 महीने से भी अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए भारत की तरफ उम्मीदों से देखा जा रहा है।

## वायु प्रदूषण

# जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की जरूरत



**नैरोबी, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** पांचवां वार्षिक अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस 7 सितंबर को मनाया गया। इसमें वायु प्रदूषण से निपटने के लिए भारी निवेश करने का आह्वान किया गया। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के अलावा प्रदूषण अर्थव्यवस्थाओं को भी नुकसान पहुंच रहा है। यह हमारे ग्रह को गर्म कर रहा है, जो जलवायु संकट में आग में घी डालने का काम कर रहा। इसके लिए सरकार और व्यवसाय दोनों की ओर से जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की जरूरत है। आज पूरी दुनिया की 99 फीसदी से ज्यादा आबादी प्रदूषित हवा में सांस ले रही है। जिससे 80 लाख से ज्यादा हर साल मौत के मुंह में समा जाते हैं। इनमें पांच साल से कम उम्र के साल लाख से ज्यादा बच्चे शामिल हैं। प्रदूषित हवा महिलाओं, बच्चों और वृद्ध लोगों पर सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। वायु प्रदूषण वैश्विक स्तर पर शीघ्र मृत्यु का दूसरा प्रमुख जोखिम कारक बन गया है, यह वयस्कों के लिए तंबाकू से आगे निकल गया है और पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुपोषण के बाद दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण के बढ़ते आर्थिक, पर्यावरणीय और अस्तित्व संबंधी प्रभाव के बावजूद इससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय विकास निधि का एक प्रतिशत से भी कम समर्पित है। इससे हर साल दुनिया को स्वास्थ्य क्षति के रूप में 8.1 ट्रिलियन डालर का नुकसान हो रहा है।

**यूएन महासचिव ने चेताया, हर साल हो रही हैं 80 लाख से ज्यादा मौतें**

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नेतृत्व में इस साल की थीम लोगों और ग्रह के स्वस्थ और ज्यादा समृद्ध भविष्य के लिए स्वच्छ हवा को लेकर निवेश पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि स्वच्छ हवा को लेकर निवेश के लिए सरकार और व्यवसाय दोनों की ओर से जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की जरूरत है साथ ही वायु गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करने, मानकों को लागू करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों का निर्माण और मीथेन सहित हानिकारक उत्सर्जन को कम करने की जरूरत है।

# वेनेजुएलाः मादुरो के मुखर विरोधी रहे विपक्षी नेता गोंजालेज ने छोड़ा देश

**कराकास, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**

**वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे विपक्षी नेता एडमंडो गोंजालेज ने देश छोड़ दिया है। उन्होंने स्पेन से राजनीतिक शरण मांगी है। दो माह पहले हुए राष्ट्रपति चुनाव के विवादित नतीजों के बाद एडमंडो गोंजालेज के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से वे छिपे हुए थे। राष्ट्रीय चुनाव परिषद (सीएनई) ने निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया था।**



वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने सोशल मीडिया पर कहा कि कुछ दिनों पहले स्वेच्छा से स्पेन के दूतावास में शरण लेने के बाद अडमंडो गोंजालेज ने स्पेन की सरकार से राजनीतिक शरण देने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके सुरक्षित निकासी पर सहमति जताई और उन्होंने देश छोड़ दिया है। स्पेन के विदेश मंत्री मैनुअल अल्बेरेस ने कहा कि एडमंडो गोंजालेज ने स्पेन की वायुसेना के विमान से वेनेजुएला से उड़ान भरी।

वेनेजुएला में 28 जुलाई के चुनाव में राष्ट्रपति मादुरो को विजयी घोषित किए जाने के बाद से राजनीतिक संकट चल रहा है। विपक्ष ने दावा किया कि उसके पास गोंजालेज के आरामदायक अंतर से जीत के सबूत हैं।

# एक अक्टूबर को चुना जाएगा जापान का नया पीएम, जापान में बूढ़ी होती आबादी का असर शाही परिवार पर भी

**टोक्यो, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के उत्तराधिकारी का चयन एक अक्टूबर को होने वाले संसद सत्र में किया जाएगा। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) 27 सितंबर को अपना अध्यक्ष चुनेगी। संसद के दोनों सदनों पर एलडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी कोमिटो का नियंत्रण है, इसलिए प्रधानमंत्री के चयन को सिर्फ औपचारिकता माना जा रहा है।

सितंबर के अंत में किशिदा की कैबिनेट द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यदि अगले प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद प्रतिनिधि सभा को भंग करने का फैसला लेते हैं, तो आकस्मिक चुनाव की तारीख 27 अक्टूबर होगी और यदि नया नेता समय की मांग करता है, तो दूसरी संभावित तारीख 10 नवंबर है। फुमियो किशिदा इस महीने के आखिर में अपने तीन साल पूरे कर पद छोड़ रहे हैं, क्योंकि एक फंड घोटाले ने सत्तारूढ़ पार्टी को लेकर मतदाताओं के विश्वास को चोट पहुंचाई है।

जापान में बूढ़ी होती आबादी और घटती जनसंख्या का असर शाही परिवार पर भी पड़ा है। जापान में प्रिंस हिसाहितो शुक्रवार को 18 साल के हो गए। शाही परिवार में 40 साल बाद ऐसा समय आया है जब कोई बालिग हुआ है। यह परिवार के लिए खास दिन था। हिसाहितो जापानी सम्राट नारुहितो के भतीजे हैं। उनके पिता क्राउन प्रिंस अकीशिनो 1985 में वयस्कता हासिल करने वाले आखिरी इंसान थे। हिसाहितो 17 सदस्यीय पूर्ण वयस्क शाही परिवार में सबसे छोटे हैं, जिसमें वर्तमान में केवल चार पुरुष ही हैं। आखिरी उत्तराधिकारी के रूप में उनकी स्थिति उस व्यवस्था के लिए बड़ी समस्या है, जो साम्राज्ञियों को अनुमति नहीं देती है। 1947 का इंपीरियल हाउस कानून केवल एक पुरुष को सिंहासन पर बैठने की अनुमति देता है। नारुहितो सम्राट हैं। उनके भाई अकीशिनो सिंहासन पाने की पंक्ति में दूसरे नंबर पर हैं। इसके बाद अकीशिनो के पुत्र हिसाहितो का नंबर आता है।



# बांग्लादेशः राष्ट्रगान बदलने की जमात की मांग पर अंतरिम सरकार ने कहा, कोई विवादित कदम नहीं उठाएंगे

**ढाका, 06 सितंबर (एजेंसियां)।**

**मोहम्मद युनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से साफ किया गया है कि देश के राष्ट्रगान में बदलाव की कोई योजना नहीं है।सरकार ने उन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि बांग्लादेश का राष्ट्रगान बदला जा सकता है। सुप्रसिद्ध रचनाकार रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचना आमार सोनार बांग्ला को बांग्लादेश ने अपना राष्ट्रगान बनाया है, जिसे बदलने की मांग देश के कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं।**




पद्मा नदी के उत्तरी तट पर राजशाही में शनिवार को इस्लामिक फाउंडेशन का दौरा करने के बाद धार्मिक मामलों के सलाहकार अबुल फैज मुहम्मद खालिद हुसैन ने दावा किया कि अंतरिम सरकार विवाद पैदा करने वाला कोई कदम नहीं उठाएगी। सरकार सभी के सहयोग से बांग्लादेश का निर्माण करना चाहती है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाए जाने के मामले पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों को यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार दंडित करेगी। जो लोग पूजा स्थलों पर हमला करते हैं, वे मानवता के दुश्मन हैं। वे अपराधी हैं और उन पर मौजूदा कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कट्टरपंथी इसे बदलने की मांग कर रहे हैं।

बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के पूर्व अमीर गुलाम आजम के बेटे अब्दुल्लाहिल अमान आजमी ने देश के राष्ट्रगान और संविधान में बदलाव की मांग की है। आजमी का कहना है कि हमारा वर्तमान राष्ट्रगान हमारे स्वतंत्र बांग्लादेश के अस्तित्व के विपरीत है। दो बंगालों को एकजुट करने के लिए बनाया गया राष्ट्रगान एक स्वतंत्र बांग्लादेश का राष्ट्रगान कैसे बन सकता है यह राष्ट्रगान 1971 में भारत द्वारा हम पर थोपा गया था। सरकार को नया राष्ट्रगान चुनने के लिए आयोग बनाना चाहिए।

# चुनाव देखकर धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं कर रहे हेमंत सोरेन : शिवराज चौहान

**रांची, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**

भाजपा के झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री सिंह आज यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव अब नजदीक है और जिस गठबंधन की सरकार ने 5 साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव आते ही वह धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं करते चले जा रहे हैं।




कहा कि सैकड़ों वादे जो पूरे नहीं किए गए। 5 साल कोई नौकरी नहीं दी, पेपर लीक जैसी लगातार घटनाएं होती रही। लेकिन अब चुनाव आ गए हैं इसीलिए धड़ाधड़ घोषणाएं हो रही हैं। भर्तियां, सिपाही की भर्ती, लेकिन ये भी नहीं देखा कि किस मौसम में भर्ती कर रहे हैं। उन्हें पता था कि भर्तियां पूरी नहीं हो पाएगी ये भर्ती कोई नौजवानों को रोजगार देने के लिए, ये भर्ती नहीं है वोट के लिए भर्ती का नाटक फिजिकल टेस्ट भी पूरा नहीं हो पाएगा और इसलिए ऐसे मौसम में जो जानलेवा साबित हुआ 10-10 किलोमीटर दौडा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि अव्यवस्थाओं का आलम ये था, ना पीने का पानी, न छांव का इंतजाम, बीमार हो तो ना इलाज की व्यवस्था और इसी में 16 नौजवानों की जिंदगियां चली गई, तड़प-तड़प कर हमारे नौजवान साथी नौकरी नहीं ले पाए दुनिया छोड़ गए। कहा ये यह हादसा नहीं है, यह हत्या है। ये ऐसा अपराध है जिसके लिए जनता माफ नहीं कर सकती। कहा कि मुख्यमंत्री के और गठबंधन के दावा नहीं चलने वाले। लोग भयानक भ्रष्टाचार भूले नहीं है, आज भी भ्रष्टाचार झारखंड को तबाह और बर्बाद कर रहा है।

कहा जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है लेकिन भारतीय जनता पार्टी भी उनके झूठे और खोखले वादे जो इन्होंने किए थे उन्हें लेकर भ्रष्टाचार और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था की स्थिति, माता बहनों का अपमान, अवैध घुसपैठ, बदल रही डेमोग्राफी इन सब मुद्दों को लेकर यात्रा के रूप में जनता के बीच में जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री 15 तारीख को झारखंड की इस पवित्र धरा पर पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड बनाया अटल जी ने। भारतीय जनता पार्टी ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि 15 तारीख को जमशेदपुर प्रधानमंत्री जी पधारने वाले हैं। वो वंदे भारत ट्रेन की सौगात के साथ-साथ 1 लाख 13 हजार 195 गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के लिए पहली किस्त भी उनके खाते में डालेंगे। इसके अलावा देश के बाकी राज्यों के गरीबों के खाते में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि डाली जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि विकास की अनेकों सौगातें पहले केंद्र सरकार ने भारतीय जनता पार्टी की, उससे पहले जब हमारी सरकार थी विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। लेकिन ठगबंधन की सरकार केवल विनाश की तरफ ले जा रही है और उस विनाश से झारखंड को बचाने के लिए हमने कमर कसी है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

# नीतीश को महागठबंधन में शामिल होने को कोई आमंत्रित नहीं कर रहा : राजद

**पटना, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को स्पष्ट किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोई भी महागठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं कर रहा है।



राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने रविवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार अनावश्यक रूप से यह स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि वह फिर से महागठबंधन में शामिल नहीं होंगे क्योंकि वह वही गलती दोहराने के लिए तैयार नहीं हैं, जो उन्होंने पहले दो मौकों पर की थी। उन्होंने कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री श्री कुमार को महागठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं कर रहा है लेकिन इस संबंध में उनका अगला कदम क्या होगा यह उन्हीं को तय करना है।

श्री यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कहा कि यह दुखद है कि श्री कुमार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक ऐसे नेता के सामने इस तरह के स्पष्टीकरण दे रहे हैं, जो उनसे बहुत जूनियर है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार के करीबी लोगों ने उनका कद इस हद तक छोटा कर दिया है। इस बीच, बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्री कुमार द्वारा यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि वे कहीं नहीं जाएंगे। यह संकेत है कि वे फिर से महागठबंधन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि श्री कुमार पहले की तरह अपना पाला बदलते रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री श्री कुमार फिर से राजद से हाथ नहीं मिलाएंगे। श्री कुमार को पहले राजद के साथ मिलकर काम करने का कड़वा अनुभव रहा है और वे निश्चित रूप से वही गलती नहीं दोहराएंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने 06 सितंबर को पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के परिसर में एक सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में घोषणा की थी कि वे फिर से राजद से हाथ नहीं मिलाएंगे। उन्होंने कहा था कि इससे पहले वे दो बार महागठबंधन सरकार बनाने के लिए राजद से हाथ मिलाकर गलती कर चुके हैं।

# जमात-ए-इस्लामी की रैली ने दी खुली चुनौतियां

**जम्मू, 08 सितंबर (ब्यूरो)।**

वर्ष 1987 के बाद पहली बार अपनी बेड़ियां तोड़ते हुए प्रतिबंधित जमायते इस्लामी ने रविवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के बुगाम इलाके में एक विशाल रैली का आयोजन किया, जहां इसके उम्मीदवारों ने वादा किया कि अगर वे चुनाव जीते तो कश्मीर, कश्मीरियों और राजनीतिक कैदियों के बारे में बात करेंगे।



1987 के बाद पहली बार कुलगाम के बुगाम इलाके में जमायते इस्लामी द्वारा आयोजित पहली रैली में हजारों लोग शामिल हुए। प्रतिबंधित होने के बावजूद जमायते इस्लामी तीन दशकों में पहली बार चुनावी मैदान में है। यह सामाजिक-धार्मिक संगठन पिछले तीन दशकों से जम्मू कश्मीर में होने वाले चुनावों से दूर रहा है।

अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनावों में लोगों की भारी भागीदारी के बाद इसका हृदय परिवर्तन सामने आया, जिसमें रिकार्ड 58 प्रतिशत मतदान हुआ। इस साल फरवरी में, केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) 1967 के तहत जमायते इस्लामी (जेईआई) जम्मू कश्मीर के खिलाफ प्रतिबंध को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया। जेईआई को पहली बार 28 फरवरी, 2019 को एमएचए द्वारा गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया था।

पत्रकारों के साथ बात करते हुए जेईआई उम्मीदवार सयार अहमद रेशी ने कहा कि हम यहां यह कहने के लिए आए हैं कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा बनाए गए शून्य को भरने की जरूरत है। लोगों का समुद्र हमारी ताकत है। हमारे खिलाफ उंगलियां उठाई जाएंगी और हमारी आलोचना भी की जाएगी, लेकिन यह वास्तविकता है।

एक अन्य उम्मीदवार एजाज मीर ने कहा कि अगर वह चुने जाते हैं, तो वह बिना किसी समझौते के कश्मीर के लोगों की सेवा करेंगे। मीर कहते थे कि हम भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं देंगे। हम पारदर्शी तरीके से काम करेंगे। हम कश्मीर और कश्मीरियों के बारे में बात करेंगे। हम विधानसभा में लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंग।

याद रहे कुलगाम का बुगाम इलाका चुनावों के बहिष्कार के लिए जाना जाता था, लेकिन आज जमायते इस्लामी की रैली में लोगों की भारी भीड़ ने कश्मीर से लेकर दिल्ली तक लोगों की भौंहें चढ़ा दी हैं।

जमायते इस्लामी द्वारा मैदान में उतारे गए उम्मीदवार इस उम्मीद के साथ स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं कि अगर वे चुने गए तो जमायते इस्लामी पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए लड़ेंगे।

जमायते इस्लामी के पैनल प्रमुख गुलाम कादिर वानी ने कहा कि पहले कोई भी उनसे बात नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि अब संस्थाओं ने हमसे संपर्क किया है और लोगों ने भी हमसे बात की है, जिससे आखिरकार हमारे लिए चुनावी मैदान में उतरने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उनसे किसने संपर्क किया।

याद रहे कि 1987 में जमायते इस्लामी ने मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट (एमयूएफ) के बैनर तले पहली बार चुनाव लड़ा था। चुनावों में धांधली की खबरें सामने आने के बाद कश्मीर में आतंकवाद के फैलने का रास्ता साफ हो गया था, जबकि नेशनल कांफ्रेंस ने जीत का दावा किया था। हालांकि, 1987 के चुनावों में मुहम्मद यूसुफ उर्फ सैयद सलाहुद्दीन सामने आया, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रहता है और हिजबुल मुजाहिदीन संगठन का मुखिया है। 1987 के चुनावों के बाद, कई स्थानीय युवा नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर चले गए और कश्मीर में आतंकवाद पूरी तरह फैल गया था।

# इस बार कश्मीर के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों का बोलबाला

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 08 सितंबर (ब्यूरो)।**

कश्मीर में इस बार के विधानसभा चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवारों का भी बोलबाला है। यह इसी से स्पष्ट होता है कि दो चरणों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों में 44 प्रतिशत स्वतंत्र उम्मीदवार हैं जो किस्मत आजामा रहे हैं।

जैसे-जैसे जम्मू और कश्मीर अपने बहुप्रतीक्षित विधानसभा चुनावों के पहले दो चरणों में प्रवेश कर रहा है, जम्मू और कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल उम्मीदवारों में से 44% निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, वे चुनाव बाद के परिदृश्य में संभावित किंगमेकर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। कुल 214 निर्दलीय उम्मीदवारों ने चरण-1 और चरण-2 में जम्मू और कश्मीर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से लड़ने का विकल्प चुना है। निर्दलीय उम्मीदवारों में जेल में बंद सांसद इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) से जुड़े लोग शामिल हैं। विशेष रूप से, एआईपी ने जम्मू और कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से विधानसभा चुनाव के पहले दो चरणों में 26 उम्मीदवार खड़े किए हैं।

पहले चरण के चुनाव में कम से कम 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है, जबकि 92 उम्मीदवार स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। पंपोरा निर्वाचन क्षेत्र में सात उम्मीदवार स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, त्राल निर्वाचन क्षेत्र में छह, पुलवामा में सात, राजपोरा में दो, जैनापोरा में चार, शोपियां में छह, डीएच पोरा में दो, कुलगाम में चार, देवसर में तीन, डूरू में चार, कोकरनाग (एसटी) से छह, अनंतनाग पश्चिम में तीन, अनंतनाग में पांच, शांगस अनंतनाग-पूर्व से छह, पहलगाम से दो, इंदरवाल से चार, किश्तवाड़ से तीन, पद्दर-नागसेनी से तीन, भद्रवाह से तीन, डोडा से तीन, डोडा-पश्चिम से दो, रामबन से पांच और बनिहाल विधानसभा क्षेत्र से दो स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

हालांकि, पहले चरण में मतदान करने जा रहे श्रीगुफवारा-बिजबेहरा में कोई भी स्वतंत्र उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं है, जहां केवल तीन उम्मीदवार ही चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें पीडीपी की इल्तिजा महबूबा मुफ्ती, एनसी के बशीर अहमद शाह वीरी और भाजपा के सोफी यूसुफ शामिल हैं। दूसरे चरण के चुनाव में मतदान करने जा रहे 26 निर्वाचन क्षेत्रों से कुल 122 स्वतंत्र उम्मीदवार अलग-अलग सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। गंदेरबल विधानसभा क्षेत्र से सात उम्मीदवार, हजरतबल से पांच, खानयार से छह, हब्बा कदल से सात, लाल चौक से पांच, चनापोरा से तीन, जदीबल से सात, ईदगाह से आठ, सेंट्रल शाल्टेंग से आठ, बडगाम से पांच, बीरवाह से सात, खानसाहिब से चार, चर-ए-शरीफ से पांच, चदूरा से दो, गुलाबगढ़ (एसटी) से दो, रियासी से चार, श्री माता वैष्णो देवी से चार, कालाकोट-सुंदरबनी से पांच, नौशेरा से एक, राजौरी (एसटी) से सात, बुधल (एसटी) से एक, थानामंडी (एसटी) से दो, सुरनकोट (एसटी) से छह, पुंछ हवेली से चार और मेंढर (एसटी) क्षेत्र से सात निर्दलीय उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार, जिनके नामांकन स्वीकार किए गए हैं, सेंट्रल-शाल्टेंग और ईदगाह निर्वाचन क्षेत्रों से आठ-आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके अलावा, कंगन (एसटी) से कोई भी निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है उल्लेखनीय है कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से 19 निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं।

## कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रथम दो चरण 13 महिलाएं मैदान में

लैंगिक असमानता और महिलाओं की भागीदारी की कमी की एक गंभीर तस्वीर पेश करते हुए, कश्मीर के 31 विधानसभा क्षेत्रों में 327 में से केवल 13 महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं, जो 18 सितंबर से शुरू होने वाले चरण ख और चरण खख में मतदान करने वाले हैं। कुल 327 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए। उनमें से 314 पुरुष हैं, जबकि 13 महिलाएं हैं, जो दोनों चरणों के लिए मैदान में कुल उम्मीदवारों का केवल 3.97 प्रतिशत है।

चरण ख के लिए, जिसमें 18 सितंबर को कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, 164 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 159 पुरुष और केवल 5 महिलाएं हैं, जो कुल का 3.03 प्रतिशत है। इन पांच महिला उम्मीदवारों में से तीन निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रही हैं, जिनमें राजपोरा निर्वाचन क्षेत्र से कश्मीरी पंडित डेजी रैना शामिल हैं, जिसमें कुल 10 उम्मीदवार हैं और अनंतनाग पश्चिम से गुलशन अख्तर, जहां से 9 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

पांच में से दो प्रमुख दलों से हैं: नेशनल कॉन्फ्रेंस की सकीना यटू डीएच पोरा से, जहां से कुल 6 उम्मीदवार मैदान में हैं, और पीडीपी की इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा से चुनाव लड़ रही हैं, जहां से केवल 3 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए जो 25 सितंबर को होने वाला है, जिसमें पहले ही कागजात की जांच पूरी हो चुकी है, कश्मीर में 15 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। कुल 164 उम्मीदवार हैं, जिनमें से 155 पुरुष और 8 महिलाएं हैं, जो कुल का 4.84 प्रतिशत है। ये महिला उम्मीदवार 6 निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें हजरतबल, हब्बा कदल, लाल चौक, ईदगाह, बडगाम और चडूरा शामिल हैं। 8 महिलाओं में से 4 निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं, जबकि बाकी विभिन्न राजनीतिक दलों से हैं।

निर्दलीय उम्मीदवारों में लाल चौक निर्वाचन क्षेत्र से खतीजा ज़रीन शामिल हैं, जिसमें कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं; ईदगाह खंड से फैंसी अशरफ, जिसमें 15 उम्मीदवार मैदान में हैं; बडगाम से बिस्मा नबी, जिसमें 11 उम्मीदवार हैं; और चदूरा से निलोफर सज्जाद गंडरू, जिसमें 7 उम्मीदवार हैं।

पार्टी से जुड़ी महिला उम्मीदवारों में हजरतबल से पीडीपी की आसिया नकाश शामिल हैं, जहां 13 उम्मीदवार मैदान में हैं; एनसी की शमीमा फिरदौस और हब्बा कदल से नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी की रुबीना अख्तर, जहां 17 उम्मीदवार मैदान में हैं जो सभी 31 निर्वाचन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा है। गौरतलब है कि हब्बा कदल से दो महिलाओं - जेएंडके ऑल अलायंस डेमोक्रेटिक पार्टी की संतोष लाबरू और एक निर्दलीय निगहत गुल के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जैसा कि पुलवामा से नेलोफर सज्जाद का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया।

# इस बार लंबा खिंचेगा सर्दी का सीजन, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**

बीते कुछ वर्षों से सर्दी के सीजन की शुरुआत सामान्य महीनों की तुलना में देरी से शुरू होती आई है, लेकिन इस बार बन रही मौसम की परिस्थितियों के चलते सर्दी की आमद जल्द होने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक जिस तरीके से ला नीनो ने अपनी उपस्थिति के 90 दिनों के बाद सक्रियता दिखानी शुरू की है उससे ऐसे ही हालात बन रहे हैं। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस बार मानसून की विदाई अपने वक्त से तकरीबन दो सप्ताह बाद हो सकती है। इसी के साथ सर्दी की आहट भी बीते कुछ वर्षों की तुलना में पहले आने का पूरा अनुमान है। फिलहाल मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो जाते हुए मानसून की अभी भी सक्रियता बनी हुई है। यह सक्रियता सितंबर के अंत तक चलने वाली है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस बार ला नीनो की सक्रियता का असर न सिर्फ मानसून पर पड़ रहा है बल्कि इसके बाद आने वाली सर्दी के सीजन पर भी इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय में एनवायरमेंटल साइंस के प्रवक्ता डॉ एके सिंह कहते हैं कि एल नीनो के असर के बाद ला नीनो की सक्रियता में तकरीबन साठ से 90 दिन का वक्त लगता है। उनका कहना है कि यह 90 दिन का वक्त जुलाई के अंत से अगस्त की शुरुआत में पूरा हो चुका है। यही वजह है कि मानसून की विदाई के कुछ वक्त पहले से इसकी सक्रियता बढ़ गई है। बीते एक सप्ताह से उत्तर भारत समेत मध्य भारत और पश्चिमी उत्तर भारत के हिस्सों में जिस तरीके से बारिश हो रही है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानसून की सक्रियता कितनी ज्यादा है। वह कहते हैं कि अनुमान यही लगाया जा रहा है कि ला नीनो की सक्रियता के चलते इस बार सर्दी की आमद भी पहले हो जाएगी और उसका स्पेल भी लंबा होगा। मौसम विभाग की मुताबिक बीते सोमवार से जिस तरीके से मानसून की सक्रियता बनी हुई है वह इस सप्ताह भी बनी रहेगी। मौसम विभाग के प्रवक्ता डॉ राजेंद्र कहते हैं कि जिस तरीके की परिस्थितियां बन रही है उससे इस हफ्ते के अंत तक देश के अलग-अलग हिस्सों में खासतौर से उत्तर भारत और मध्य भारत समेत उत्तर पश्चिम के हिस्सों में बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों के भीतर देश की राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर और पंजाब हरियाणा मध्य प्रदेश समेत उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के हिस्सों में बारिश होगी। इन इलाकों में लगातार कम दबाव का क्षेत्र बनता जा रहा है। जिसके चलते बारिश कहीं तेज तो कहीं छिटपुट तरीके से लगातार होती जा रही है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक फिलहाल सितंबर के अंत तक हवाओं में कम दबाव का असर देश के अलग-अलग हिस्सों में बना रह सकता है। जिसके चलते मानसून की विदाई भी देर से होने की संभावनाएं बन रही हैं।और सितंबर के अंत से लेकर अक्टूबर के शुरुआत तक बारिशों का दौर बना रह सकता है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ आलोक सिंह कहते हैं कि जिस तरीके की परिस्थितियां अभी बन रही है उसे अनुमान लगाया जा रहा है कि सर्दियों का सीजन इस बार अक्टूबर से लेकर जनवरी तक का रहेगा। डॉक्टर सिंह कहते हैं कि सर्दियों का सीजन तो यही होता था लेकिन बीते कुछ वर्षों में क्लाइमेट चेंज के चलते सर्दियों के सीजन में तापमान बहुत ज्यादा दिनों के लिए नीचे नहीं गिरता था।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। पुराने परिचितों से मिलने–जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है। सैर–सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है। अगर आप ख़रीदारी पर जाएँ तो ज़रूरत से ज़्यादा जेब ढीली करने से बचें। आज का दिन उन्माद में घिर जाने का है; क्योंकि आप अपने जीवनसाथी के साथ प्रेम के चरम का अनुभव करेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

सेहत अच्छी रहेगी। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल–जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। आपके लिए अपने प्रिय से दूर रहना बहुत मुश्किल होगा। आज आपके बॉस का बढ़िया मिज़ाज पूरे कार्यालय के माहौल को अच्छा बना देगा। अपने व्यक्तित्व और रंग–रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी। आपके जीवनसाथी की ओर से मिला कोई ख़ास तोहफ़ा आपके खिन्न मन को ख़ुश करने में काफ़ी मददगार साबित होगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज अपनी सेहत के चिंता करने की क़तई ज़रूरत नहीं है। आपके आस–पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। घरेलू कामकाज आपको ज़्यादातर वक़्त व्यस्त रखेंगे। आपका महबूब आज आपको बड़ी ख़ूबसूरती से कुछ ख़ास करके चौंका सकता है। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है। अगर हाल में आप व आपका जीवनसाथी बहुत ख़ुश महसूस नहीं कर रहे थे, तो आज हालात बदल सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आपकी आकर्षक छवि मनचाहा परिणाम देगी। आज के दिन काम करते वक़्त आपको कोई ख़ास दिक़्क़त नहीं आएगी और आप एक विजेता की तरह उभरेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। आपको अपने जीवनसाथी की ओर से कुछ ख़ास देखने को मिल सकता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

किसी सृजनात्मक काम में ख़ुद को व्यस्त रखना बेहतर रहेगा। साथ ही बीमारी से जूझने के लिए ख़ुद को उत्साहित करते रहें। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। पुराने दोस्त मददगार और सहयोगी साबित होंगे। आपको उदार और स्नेह से भरे प्यार का तोहफ़ा मिल सकता है। सहकर्मियों और वरिष्ठों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इज़ाफ़ा करेगा। आपको और आपके जीवनसाथी को कोई बहुत सुखद ख़बर सुनने को मिल सकती है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक़्त परेशानियों भरा रह सकता है। परिवार और बच्चों के साथ बिताया समय आपको फिर ऊर्जा से लबरेज़ कर देगा। यह दिन प्रसन्नता और ज़िन्दादिली के साथ किसी ख़ास संदेश को भी देगा। अगर आप सीधा जवाब नहीं देंगे तो आपके सहयोगी आपसे नाराज़ हो सकते हैं। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

स्वास्थ्य का ख़याल रखें, नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं। आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड ख़राब हो सकता है। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौक़ा साबित होंगी। आज आपने जो नई जानकारी हासिल की है, वह आपको अपने प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त दिलाएगी। असजता की वजह से आप वैवाहिक जीवन में ख़ुद को फँसा हुआ अनुभव कर सकते हैं

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फँसे इंसान की मदद करने के लिए करें। दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी। बच्चे आपके दिन को बहुत मुश्किल बना सकते हैं। प्यार–दुलार के हथियार का इस्तेमाल कर उन्हें समझाएं और अनचाहे तनाव से बचें। कार्यक्षेत्र में प्रगतिशील और बड़े बदलाव करने में सहकर्मी आपका पूरा सहयोग करेंगे। आपको भी तेज़ी से क़दम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अंजान लोगों से बात करना ठीक है लेकिन उनकी विश्वसनियता जाने बिना उनको अपने जीवन की बातें बताकर आप अपना वक़्त ही जाया करेंगे और कुछ नहीं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

खेलों और आउटडोर गतिविधियों में भागीदारी आपकी खोयी ऊर्जा को फिर से इकट्ठा करने में आपकी मदद करेगी। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। परिवार के सदस्य कई चीज़ों की मांग कर सकते हैं। किसी दिलचस्प इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है। बहादुरी भरे क़दम और फ़ैसले आपको अनुकूल पुरस्कार देंगे। घर के कामों को पूरा करने के बाद ऐसा लगता है कि आपके जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है लेकिन इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। अपने जीवन–साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। आपकी वजह से जिसे नुकसान हुआ हो, उससे माफ़ी मांगने की ज़रूरत है। वक़्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक़्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। अपने जीवनसाथी के साथ आप आज एक शानदार शाम गुज़ार सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं होगा। एक ख़ुशनुमा और बढ़िया शाम के लिए आपका घर मेहमानों से भर सकता है। अपने प्रेम–प्रसंग के बारे में इधर–उधर ज़्यादा बातें न करें। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। बिना किसी को बताए आज आप अकेले वक़्त बिताने घर से बाहर जा सकते हैं। लेकिन आप अकेले तो होंगे लेकिन शांत नहीं आपके दिल में आज के दिन कई चिंताएं हैं होंगी। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

सेहत अच्छी रहेगी। जिन व्यापारियों के संबंध विदेशों से है उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है इसलिए आज के दिन सोच समझकर चलें। घर वालों के साथ समय बिताना ख़ुशनुमा अनुभव रहेगा। आप महसूस करेंगे कि आपकी रचनात्मकता कहीं खो गयी है और फ़ैसले करने में आपको ख़ासी दिक़्क़त का सामना करना पड़ेगा। जिन रिश्तों को आप अहमियत देते हैं उन्हें समय देना भी आपको सीखना होगा नहीं तो रिश्ते टूट सकते हैं। आपको महसूस होगा कि आपका वैवाहिक जीवन बहुत ख़ूबसूरत है।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 09 सितंबर 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : भाद्रपद , शुक्ल पक्ष
तिथि : षष्ठी रात्रि 09:55 तक
नक्षत्र : विशाखा सायं 06:04 तक
योग : वैधृति रात्रि 12:31 तक
करण : कौलव प्रातः 09:01 तक
चन्द्रराशि : तुला प्रातः 11:29 तक
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:23 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08, सूर्यास्त 06:24 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:01 , सूर्यास्त 06:17 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:55 सूर्यास्त 06:14 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– सूर्य–स्कन्द षष्ठी, बलराम जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

भाजपा में नहीं थम रही बगावत

# पूर्व मंत्री-विधायक समेत आठ का इस्तीफा, कांग्रेस में भी विद्रोह

**चंडीगढ़, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा में भाजपा में बगावत थमने का नाम नहीं ले रही है। पहली सूची जारी होने के तीन दिन बाद भी नेताओं के पार्टी छोड़ने और विरोध जताने का सिलसिला जारी रहा। पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक समेत आठ नेताओं ने इस्तीफे दे दिए। कुछ नेताओं ने भाजपा छोड़ने का ऐलान कर रखा है और फैसले के लिए रविवार को समर्थकों की बैठक बुलाई है।




वहीं, कांग्रेस के 32 प्रत्याशियों की पहली सेफ मानी जाने वाली सूची जारी होने के बाद आधा दर्जन हलकों में बागी स्वर उठे हैं। बरोदा से दोबारा इंदुराज नरवाल को टिकट देने के विरोध में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी कांग्रेस नेता डॉ. कपूर सिंह नरवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। भाजपा छोड़ने वाले एक पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य ने सफीदों से और कैलाशचंद पाली ने महेंद्रगढ़ में नामांकन भी भर कर दिया है। टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम खोखर, झज्जर के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित अहलावत, पूर्व उम्मीदवार दाताराम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चावला, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेंद्र उडाना, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने इस्तीफा दे दिया है।

सीएम ने पीपीपी के स्टेट कोआर्डिनेटर सतीश खोला से बातचीत की। बाद में उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से बातचीत की। उधर, सीएम नायब सैनी ने पूर्व मंत्री कविता जैन और राजीव जैन से फोन पर बातचीत की। उसके बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने बातचीत के लिए दिल्ली बुलाया है। भाजपा के सहप्रभारी बिप्लब देव ने पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज से बातचीत की और उन्हें हाईकमान के सामने बात रखने का आश्वासन भी दिया। शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशियों से भी कहा है कि वे बागियों से बात करें। रेवाड़ी से उम्मीदवार लक्ष्मण यादव ने सतीश खोला से मुलाकात की।

सिरसा जिले में कालांवाली से पूर्व विधायक सरदार बलकौर सिंह ने भाजपा को छोड़कर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। उनके साथ आए ब्लॉक समिति चेयरमैन, जिला पार्षदों और 40 संरपचों व पूर्व सरपंचों ने भी कांग्रेस में आस्था जताई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने आजाद चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वह नीलोखेड़ी से टिकट मांग रहीं थीं। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा व उनकी पत्नी राधा ने खरकड़ा में पंचायत की, जिसमें तय हुआ कि महम चौबीसी के बड़े गांवों में पंचायत कर चुनाव लड़ने पर फैसला लेंगे।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के 32 प्रत्याशियों की पहली सेफ मानी जाने वाली सूची जारी होने के बाद आधा दर्जन हलकों में बागी स्वर उठे हैं। बरोदा से दोबारा इंदुराज नरवाल को टिकट देने के विरोध में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी कांग्रेस नेता डॉ. कपूर सिंह नरवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हुड्डा पिता- पुत्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हुड्डा ने उनकी राजनीतिक हत्या की है।

उन्होंने रोहतक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पिता श्रीकृष्ण हुड्डा ने वर्ष 2005 में विधायक बनने के बाद भी तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए किलोई सीट छोड़ दी थी। दीपेंद्र हुड्डा मुझे भाई कहता था, लेकिन भाई कहकर मेरा गला काट दिया। 2020 के उपचुनाव में भूपेंद्र और दीपेंद्र ने इंदुराज नरवाल को टिकट देते हुए वादा किया था कि आगामी चुनाव में कोई एक सीट देंगे, लेकिन इस बार भी मेरे साथ धोखा किया है। कांग्रेस के साढौरा से विधायक रेनू बाला को दोबारा प्रत्याशी बनाने से नाराज हुड्डा के समर्थक बृजपाल छप्पर और उनकी पत्नी पिंकी छप्पर ने बसपा का दामन थाम लिया है। इसी बीच बृजपाल भावुक होकर रोने लगे। बृजपाल के बसपा ज्वाइन करने की जानकारी मिलते ही साढौरा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे बसपा जिला प्रभारी राजेश कटारिया के अलावा जिला सचिव शिव व जगजीत सिंह ने भी पद व पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के पूर्व विधायक अनिल धनतोड़ी ने कहा कि वे नोटा का बटन दबा देंगे, लेकिन रामचरण काला को वोट नहीं देंगे।

कहा कि पार्टी का फैसला मान्य है, पर प्रचार करने के बजाय वह घर बैठेंगे। रविवार को 36 बिरादरी की बैठक में फैसला होगा कि वे क्या करें। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बजरंग गर्ग और प्रत्याशी रहे रामनिवास राड़ा के पार्टी छोड़ने की खबर वायरल होते ही दोनों नेताओं ने मीडिया में आकर बयान दिया कि सोशल मीडिया पर चल रही खबर पूरी तरह गलत है।

## 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचेंगे कुरुक्षेत्र

### चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

**कुरुक्षेत्र, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को धर्मनगरी पहुंचेंगे, जहां वे थीम पार्क में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जिले की चारों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। दोपहर बाद दो बजे आयोजित होने वाली इस रैली को लेकर कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।



राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अपने चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री को सुनने के लिए भारी जनसमूह उमड़ेगा। सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता एकजुट होकर लोगों तक पिछले 10 सालों में किए गए विकास कार्यों की रिपोर्ट लेकर पहुंच रहा है। यह कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की नेक नीतियों का भी प्रचार–प्रसार कर रहा है। इसके साथ ही तुलनात्मक अध्ययन भी लोगों के समक्ष रख रहा है कि कांग्रेस और इनेलो की सरकार ने नौकरियों का दाम लगाया और खुले आम युवाओं से नौकरियों के नाम पर पैसा लूटा जबकि भाजपा सरकार ने बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां देने का काम किया। राज्यमंत्री ने एक निजी पैलेस में महिलाओं के सम्मेलन को भी संबोधित किया।

## बदमाशों ने फायरिंग के बाद थमाई 5.5 करोड़ रुपए की पर्ची

**अलवर, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
राजस्थान में कोटपुतली बहरोड़ जिले के नीमराणा में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल हाईवे किंग पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर 5.5 करोड़ रुपए की मांग की पर्ची थमा कर भाग गये।

मोटरसाइकिल पर सवार दोनों बदमाशों ने जो पर्ची थमाई है उस पर गुड़गांवा की कौशल गैंग लिखा था और 5.5 करोड़ रुपए की मांग की है। जिला पुलिस अधीक्षक बंदिता राणा की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सुबह 6:00 बजे होटल हाईवे किंग पर दो बदमाशों ने फायरिंग की है। मामले की जांच की जा रही है और बदमाशों की पकड़ के लिए नाकेबंदी की गई है। बदमाशो ने फिरौती की मांग को लेकर पहले पर्ची थमाई और 5.5 करोड़ की मांग की। बदमाशो ने 20 राउंड से अधिक फायरिंग की। होटल के शीशे दीवारों पर गोली के निशान आसानी से देखे जा सकते हैं। होटल पर सुबह करीब छह बजे बदमाशों ने आधुनिक हथियारों के साथ फायरिंग की।

## बच्चों के खून का प्यासा बना पिता, एक को फंदे से लटकाया, दूसरे का गला दबाया

**पानीपत, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा के पानीपत में एक पिता अपने ही बच्चों के खून का प्यासा बन गया। पानीपत के पुराना औद्योगिक क्षेत्र की इंद्रा विहार कॉलोनी में पिता ने अपने 13 और चार साल के बेटे को मारने का प्रयास किया। आरोपी पिता ने एक बेटे को फंदे पर लटकाकर और दूसरे को गला दबाकर मारने की कोशिश। छोटे बेटे ने पड़ोसियों को इस बारे में बताया कि उन्होंने दोनों बच्चों को बचाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुराना औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बच्चों को जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया, यहां इलाज के बाद दोनों को शेल्टर होम भेजा गया। वहीं जांच में सामने आया कि बच्चों का पिता अपनी पत्नी की मौत के बाद से ही मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। पुलिस ने उसे रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया है।



इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी छोटू की पत्नी लक्ष्मी (31) की 15 अगस्त को बीमारी से मौत हो गई थी। छोटू पुराना औद्योगिक क्षेत्र में ही एक फैक्ट्री में काम करता था। पत्नी लक्ष्मी की मौत के बाद छोटू पर अपने 13 साल के बेटे मोहित व सात साल के शिवा व चार साल के शिवम की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई थी। छोटू पत्नी की मौत के बाद काफी परेशान रहने लगा। वह मानसिक रूप से परेशान हो चुका है। वह आए दिन तीनों बेटों को बुरी तरह पीटता था। पड़ोसियों ने बताया कि वह घर में सामान की तोड़फोड़ भी करता था। अकसर चिल्लाता रहता और रोता रहता था। शनिवार शाम को छोटू चीख रहा था। कुछ देर बाद कमरे से बीच वाला बेटा शिवा रोते हुए बाहर आया। उसने पड़ोसियों को बताया कि उसका पिता उसके भाई मोहित व शिवम को मार रहा है। पड़ोसी कमरे में गए तो छोटू ने मोहित को कपड़े से गला घोट कर हवा में लटकाया हुआ था। शिवम का एक हाथ से गला घोंटा हुआ था। पड़ोसियों ने दोनों बच्चों को छुड़ाया और पुलिस को मौके पर बुलाया। बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. मुकेश आर्य ने बताया कि बच्चों की काउंसलिंग की गई है। बच्चों के साथ अकसर मारपीट की जाती थी। अब बच्चों को शेल्टर होम भेजा गया है। पुलिस को मामले में कार्रवाई के लिए कहा गया है। पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाना प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से परेशान है।

## कांग्रेस में 24 सीटों पर कांग्रेस का फिर सर्वे, चहेतों को टिकट के लिए खेमेबंदी

**चंडीगढ़, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए 32 प्रत्याशियों की दो सूचियां जारी करने के बाद कांग्रेस में 24 सीटों पर पेच फंस गया है। ये ऐसी सीटें हैं, जहां पर दावेदार अधिक हैं और अलग–अलग खेमों से जुड़े हुए हैं। इन सीटों पर हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला का टकराव सामने आ रहा है।

तीनों नेता अपने चहेतों को टिकट दिलाने पर अड़े हैं। कई बार मंथन के बाद बढ़ते विवाद को खत्म करने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने इन सीटों पर दोबारा से सर्वे कराया है। सूत्रों का दावा है कि रविवार शाम तक इन सीटों को लेकर सर्वे रिपोर्ट आ जाएगी और इसके बाद ही प्रत्याशी तय किए जाएंगे। वहीं, संभावना है कि रविवार देर रात्रि तक 30 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी हो सकती है।




इससे पहले, पांच बार स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें करने के बाद केंद्रीय चुनाव समिति 66 सीटों पर नाम तय किए थे। 24 सीटों पर प्रत्याशी तय करने के लिए सब कमेटी का गठन किया गया था। कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव और मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व वाली सब कमेटी इन सीटों को लेकर कई बैठकें कर चुकी हैं, लेकिन अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंची है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने समर्थकों को टिकट दिलाने के लिए पिछले 15 दिनों से दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। शुक्रवार को सांसद कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने हाईकमान के सामने अपने चेहतों की मजबूत पैरवी की। वे दोनों अपने–अपने क्षेत्रों में समर्थकों को टिकट दिलाने के लिए बकायदा नामों की सूची भी सौंप चुके हैं। बढ़ते टकराव के बाद अब कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से सर्वे कराया है। संभावना है कि रविवार शाम तक इसकी रिपोर्ट आ जाएगी। संभावना है कि इन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा सबसे आखिर में की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है इन सीटों में फतेहाबाद, टोहाना, नारनौंद, जगाधरी, यमुनानगर, पानीपत व जींद विधानसभा सीटें हैं। इनके अलावा हिसार, सिरसा जिले की विधानसभा सीटों पर भी पेच फंसा है। कुमारी सैलजा हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में प्रत्याशियों को टिकट के लिए पैरवी कर चुकी हैं और जबकि सुरजेवाला कैथल और जींद में पैरवी कर रहे हैं।

## भजनलाल जापान एवं दक्षिण कोरिया की यात्रा के लिए जयपुर से रवाना



**जयपुर, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जापान एवं दक्षिण कोरिया की अपनी छह दिवसीय यात्रा के लिए रविवार सुबह जयपुर से रवाना हुए। श्री शर्मा यहां से दिल्ली गये हैं और शाम को वह जापान और दक्षिण कोरिया की अपनी छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। मुख्यमंत्री आगामी नौ से ग्यारह दिसंबर तक जयपुर में होने वाले राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 की तैयारी के तहत इन दो देशों की यात्रा पर गये हैं जहां वह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापारिक नेताओं से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।

## पार्वती नदी में चार बालिकाओं के बहने से मचा हड़कंप

**भरतपुर, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
राजस्थान के भरतपुर सम्भाग में धौलपुर के मनिया थाना इलाके के बोथपुरा गांव में रविवार सुबह चार बालिकाओं के पार्वती नदी में बहने से हड़कंप मंच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ऋषि पंचमी के पर्व पर गांव की करीब 20 से अधिक बच्चियां नदी में नहाने के लिए गई थी जहां गहरे पानी में जाने से चार बालिकाएं नदी में बह गई। घटना की सूचना के बाद पहुंचे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों एवं स्थानीय गोताखोरों की तरफ से बच्चियों की तलाश शुरू की गई है। सूचना के बाद प्रशासन के अधिकारियों ने एसडीआरएफ की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया है। पुलिस के अधिकारी भी मौके के लिए रवाना हुए है।

फिलहाल गांव में मचे हड़कंप के बीच नदी के पानी मे लापता बच्चियों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर ग्रामीणों का हुजूम लगा हुआ है।

## राजस्थान में इस बार अब तक हो चुकी है अतिवृष्टि जैसी बारिश

**जयपुर, 08 सितंबर (एजेंसियां)।**
राजस्थान में इस बार मानसून काफी मेहरबान हैं और अब तक रिकार्ड 621.92 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 61.26 प्रतिशत अधिक हैं जो औसत सामान्य वर्षा के अनुमान से कहीं ज्यादा अतिवृष्टि जैसी (असामान्य) बरसात हैं।

जल संसाधन विभाग के अनुसार मानसून सीजन एक जून से 30 सितंबर के बीच 417.46 मिलीमीटर औसत सामान्य बारिश के अनुमान से पहले ही इस बार आठ सितंबर तक 621.92 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है पूरे सीजन से भी 204.46 मिलीमीटर अधिक है और अभी मानसून सक्रिय बना हुआ है। गत वर्ष एक जून से आठ सिंतबर के बीच 401.60 मिलीमीटर बरसात हुई थी जिससे इस बार 220.32 मिलीमीटर अधिक हैं। गत वर्ष इस दौरान 13 जिलों में बरसात की कमी बनी हुई थी।

प्रदेश में अब तक छह जिले ऐसे हैं जो एक हजार मिलीमीटर से अधिक बरसात होने के आंकड़े को पार कर चुके है उनमें सर्वाधिक 1166.22 मिलीमीटर वर्षा टोंक जिले में हुई जो सामान्य से 118.15 प्रतिशत अधिक हैं। इसी तरह करौली जिले में अब तक 1123.11 मिलीमीटर बरसात हुई जो सामान्य से 88.75 प्रतिशत ज्यादा हैं। इसी प्रकार सवाईमाधोपुर जिले में 1188.83 मिलीमीटर जो सामान्य से 93.84 प्रतिशत अधिक, दौसा जिले में 1137.88 मिलीमीटर जो सामान्य से 104.74 प्रतिशत अधिक, जयपुर जिले में 1004.33 मिलीमीटर जो सामान्य से 91.84 प्रतिशत एवं बूंदी जिले में अब तक 1025.25 मिलीमीटर बरसात हुई जो सामान्य से 73.23 प्रतिशत ज्यादा हैं और इन सभी जिलों में यह वर्षा अतिवृष्टि जैसी है। सामान्य से 60 प्रतिशत अधिक बरसात असामान्य वर्षा मानी जाती है। अब तक सबसे कम हुनमानगढ जिले में 314.65 मिलीमीटर बरसात हुई लेकिन वह भी सामान्य से 35.07 ज्यादा है। हालांकि क्षेत्र के हिसाब से होने वाली अनुमानित औसत बरसात के अनुसार अब तक सर्वाधिक बरसात फलौदी जिले में हुई हैं जहां औसत सामान्य वर्षा 179.59 मिलीमीटर के मुकाबले अब तक 526.40 मिलीमीटर हो चुकी है जो सामान्य से 193.11 प्रतिशत अधिक हैं। प्रदेश में 50 जिलों में इस बार 28 जिले ऐसे हैं जहां अब तक असामान्य बरसात हो चुकी है उनमें अजमेर, अलवर, अनूपगढ, ब्यावर, बीकानेर, दौसा, डीग, धौलपुर, डीडवाना–कुचामन, दूदू, गंगागर, गंगापुरसिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, करौली, केकड़ी, खेरथल –तिजारा, नागौर, सवाईमाधोपुर, टोंक, कोटपुतली–बहरोड़, बालोतरा , बाड़मेर, जैसलमेर, जोधुपर ग्रामीण, फलौदी, बूदी एवं चुरु शामिल हैं। इस बार 14 जिले ऐसे हैं जहां सामान्य से अधिक बरसात दर्ज की गई उनमें बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटा, नीमकाथाना, पाली, राजसमंद, सांचोर, शाहपुरा, सीकर एवं उदयपुर शामिल हैं।

# 16 सितंबर को सूर्य करेंगे कन्या राशि में गोचर



ज्योतिष शास्त्र में सूर्य का विशेष स्थान है। सूर्य देव को सभी ग्रहों का राजा कहा जाता है। वे हर महीने राशि परिवर्तन करते हैं। इस गोचर का सभी राशियों पर प्रभाव पड़ता है। 15 जून को सूर्य देव वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। इस राशि में 1 महीने तक रहेंगे। अजमेर की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि सूर्य देव 16 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव 16 सितंबर को संध्याकाल 07:52 मिनट पर सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव 16 अक्टूबर तक रहेंगे। खास बात ये है कि ये सूर्य देव के मित्र ग्रह की राशि है। व्यक्ति की कुंडली में सूर्य अच्छे स्वास्थ्य, प्रसिद्धि, नाम, सरकारी नौकरी, सफलता, उच्च पद के कारक होते हैं। ये हर राशि में लगभग एक महीने तक विराजमान रहते हैं। ज्योतिषशास्त्र में ग्रहों के राशि परिवर्तन का विशेष महत्व होता है। जब भी कोई ग्रह किसी एक राशि में मौजूद होता है फिर किसी निश्चित समय में दूसरी राशि में परिवर्तन करता है तो इसका प्रभाव सभी जातकों पर शुभ और अशुभ दोनों तरह का होता है। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से सूर्य हर एक महीने में राशि परिवर्तन करते हैं। कुंडली में सूर्य के शुभ भाव में होने पर व्यक्ति को नौकरी, मान-सम्मान और धन लाभ होता है।

आत्मा के कारक सूर्य देव 17 अक्टूबर को सुबह 07:52 मिनट पर कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 26 सितंबर को हस्त नक्षत्र और 10 अक्टूबर को चित्रा नक्षत्र में गोचर करेंगे। ज्योतिष में सूर्य को तेज, मान-सम्मान और यश, उच्च पद-प्रतिष्ठा, आदि का कारक ग्रह माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार सूर्य का राशि परिवर्तन एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। जिसका प्रभाव सभी राशि के जातकों पर पड़ता है। सिंह राशि के स्वामी सूर्य तुला राशि में नीचराशि तथा मेष राशि में उच्चराशिगत संज्ञक माने गए हैं। उच्च भाव में ग्रह अधिक मजबूत और बलशाली होते हैं। जबकि नीच राशि में ये कमजोर हो जाते हैं।

### सूर्य का शुभ-अशुभ प्रभाव

सूर्य के शुभ प्रभाव से जॉब और बिजनेस में तरक्की के योग बनते हैं और लीडरशीप करने का मौका भी मिलता है। ज्योतिष में सूर्य को आत्माकारक ग्रह कहा गया है। इसके प्रभाव से आत्मविश्वास बढ़ता है। पिता, अधिकारी और शासकिय मामलों में सफलता भी सूर्य के शुभ प्रभाव से मिलती है। वहीं सूर्य का अशुभ प्रभाव असफलता देता है। जिसके कारण कामकाज में रुकावटें और परेशानियां बढ़ती हैं। धन हानि और स्थान परिवर्तन भी सूर्य के कारण होता है। सूर्य के अशुभ प्रभाव से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी होती है।

**उपाय –** भगवान श्री विष्णु की उपासना करें। बंदर, पहाड़ी गाय या कपिला गाय को भोजन कराएं। रोज उगते सूर्य को अर्घ्य देना शुरू करें। रविवार के दिन उपवास रखे। रोज गुढ़ या मिश्री खाकर पानी पीकर ही घर से निकलें। जन्मदाता पिता का सम्मान करें, प्रतिदिन उनके चरण छुकर आशीर्वाद लें । भगवान सूर्य की स्तुति आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।

### 4 राशियों के लिए शुभ

वृष, कन्या, वृश्चिक और मकर राशि वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। इन राशि वाले लोगों को जॉब और बिजनेस में तरक्की मिल सकती है। प्रॉपर्टी और आर्थिक मामलों में फायदा मिल सकता है। सेहत के लिए समय अच्छा रहेगा। किस्मत का साथ मिल सकता है। पारिवारिक मामलों के लिए भी समय शुभ कहा जा सकता है। इन 4 राशि वालों पर मौजूदा अशुभ ग्रह स्थिति का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### 4 राशियों के लिए मिला-जुला समय

मेष, मिथुन, सिंह और धनु राशि वाले लोगों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। इन 6 राशि वाले लोगों को धन लाभ तो होगा, लेकिन खर्चा भी हो जाएगा। कुछ मामलों में सितारों का साथ मिलेगा वहीं कामकाज में रुकावटें, तनाव और विवाद होने की भी आशंका है। सेहत संबंधी परेशानी भी हो सकती है।

### 4 राशियों को रहना होगा संभलकर

कर्क, तुला, कुंभ और मीन राशि वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इन 4 राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। कामकाज में रुकावटें आ सकती हैं। विवाद होने की आशंका है। धन हानि और सेहत संबंधी परेशानियां भी हो सकती हैं। नए काम की शुरुआत करने से बचना होगा। कर्जा न लें। कामकाज में लापरवाही और जल्दबाजी करने से भी बचना चाहिए।



■ ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा
अजमेर

# आज चंद्र देव करेंगे राशि परिवर्तन

## इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन

सितंबर का महीना कई राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। इस महीने कई ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। वहीं, मन के कारक चंद्र देव भी राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन से राशि चक्र की सभी राशियों पर प्रभाव पड़ेगा। इनमें 3 राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा। इन राशियों के सभी बिगड़े काम बन जाएंगे। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलेगी।

### चंद्र राशि परिवर्तन

ज्योतिषियों की मानें तो 9 सितंबर को चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव 9 सितंबर को सुबह 11 बजकर 28 मिनट पर तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में चंद्र देव सवा दो दिनों तक रहेंगे। इसके बाद वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में गोचर करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन से 3 राशि के जातकों को लाभ होगा।

### कर्क राशि

कर्क राशि के स्वामी चंद्र देव हैं और आराध्य देवों के देव महादेव हैं। इस राशि के जातकों पर चंद्र देव की विशेष कृपा बरसती है। इसके साथ ही कर्क राशि में देवगुरु बृहस्पति उच्च के होते हैं। इसके लिए कर्क राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल देते हैं। चंद्रमा के वृश्चिक राशि में गोचर के दौरान कर्क राशि को लाभ मिल सकता है। इस दौरान ससुराल पक्ष से धन लाभ मिलेगा।

### तुला राशि

चंद्र देव के राशि परिवर्तन से तुला राशि के जातकों के जीवन में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस राशि के जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है। बड़ी खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। मां से प्यार और स्नेह मिलेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा या देव दर्शन हेतु जा सकते हैं। परिवार में आपसी मनमुटाव दूर होगा। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। चंद्र देव की कृपा पाने के लिए सोमवार के दिन कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें।

### मकर राशि

मन के कारक चंद्र देव के वृश्चिक राशि में गोचर करने से मकर राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा।

चंद्र देव मकर राशि के एकादश भाव में विराजमान होंगे। इस भाव में चंद्रमा के रहने से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। कारोबार हेतु यात्रा करनी पड़ सकती है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। इस राशि के जातकों को आने वाले दिनों में सर्वाधिक लाभ होगा।




# राधा अष्टमी से लेकर परिवर्तिनी एकादशी तक, जानें सभी त्यौहारों का शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में भाद्रपद माह को धार्मिक दृष्टि से खास महत्वपूर्ण माना जाता है। इस महीने में कई अहम व्रत और त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका विशेष महत्व है। पंचांग के अनुसार, 09 से 15 सितंबर तक स्कंद षष्ठी, राधा अष्टमी, महालक्ष्मी व्रत और परिवर्तिनी एकादशी समेत कई पर्व मनाए जाएंगे। चलिए इस लेख में जानते हैं इस सप्ताह में पड़ने वाले सभी पर्व की डेट और शुभ मुहूर्त के बारे में।

### स्कंद षष्ठी 2024 शुभ मुहूर्त

भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि की शुरुआत 08 सितंबर को रात 07 बजकर 58 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 09 सितंबर को रात 09 बजकर 53 मिनट पर होगा। ऐसे में स्कंद षष्ठी का पर्व 09 सितंबर को मनाया जाएगा।

### राधा अष्टमी 2024 शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 सितंबर को रात 11 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और 11 सितंबर को रात 11 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः 11 सितंबर को राधा अष्टमी मनाई जाएगी।




### महालक्ष्मी व्रत 2024 डेट और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 सितंबर को रात में 11 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 11 सितंबर को रात में 11 बजकर 46 मिनट पर होगा। ऐसे में महालक्ष्मी व्रत का शुभारंभ 11 सितंबर से होगा। वहीं, आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 सितंबर को पड़ रही है। इस दिन व्रत का समापन होगा।

### कब है ज्येष्ठ गौरी विसर्जन

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह में 12 सितंबर को गौरी पूजा का समापन होगा। इस दिन गौरी मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

### परिवर्तिनी एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि शनिवार 13 सितंबर को रात 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन रविवार 14 सितंबर को रात 08 बजकर 41 मिनट पर होगा। ऐसे में 14 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी व्रत किया जाएगा।

### वामन जयंती 2024 शुभ मुहूर्त

धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु के वामन अवतरण दिवस के रूप में वामन जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष वामन जयंती 15 सितंबर को है। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 01 बजकर 30 मिनट तक है।

# गणेशोत्सव में करें गणेश चालीसा का पाठ, साथ ही पढ़ें बप्पा से जुड़े मंत्र और आरती, बरसेगी कृपा

गणपति बप्पा के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, इस बार चतुर्थी तिथि की शुरुआत 06 सितंबर 2024 को दोपहर 03:01 बजे से होगी और समापन 07 सितंबर को शाम 05:37 मिनट पर होगा। घर-घर और शहर-शहर गणेशजी की स्थापना होगी। 10 दिन तक सुबह-शाम बप्पा की विशेष पूजा और आरती होगी। यहां हम आपको गणेश जी से जुड़े मंत्र और आरती-चालीसा बता रहे हैं। पूजा या आरती के दौरान इनका पाठ विशेष फल प्रदान करता है।

### गणेश चालीसा पाठ

**दोहा– जय गणपति सदगुणसदन, कविवर बदन कृपाल। विघ्न हरण मंगल करण, जय जय गिरिजालाल।।**

**चौपाई**

जय जय जय गणपति गणराजू।
मंगल भरण करण शुभ काजू।।
जय गजबदन सदन सुखदाता।
विश्व विनायक बुद्धि विधाता।।
वक्र तुण्ड शुचि शुण्ड सुहावन।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन।।
राजत मणि मुक्तन उर माला।
स्वर्ण मुकुट शिर नयन विशाला।।
पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं।।
सुन्दर पीताम्बर तन साजित।
चरण पादुका मुनि मन राजित।।
धनि शिवसुवन षडानन भ्राता।
गौरी ललन विश्व-विख्याता।।
ऋद्धि-सिद्धि तव चंवर सुधारे।
मूषक वाहन सोहत द्वारे।।
कहौ जन्म शुभ-कथा तुम्हारी।
अति शुचि पावन मंगलकारी।।
एक समय गिरिराज कुमारी।
पुत्र हेतु तप कीन्हो भारी।।
भयो यज्ञ जब पूर्ण अनूपा।
तब पहुंच्यो तुम धरि द्विज रुपा।।
अतिथि जानि कै गौरि सुखारी।
बहुविधि सेवा करी तुम्हारी।।
अति प्रसन्न है तुम वर दीन्हा।
मातु पुत्र हित जो तप कीन्हा।।



मिलहि पुत्र तुहि, बुद्धि विशाला।
बिना गर्भ धारण, यहि काला।।
गणनायक, गुण ज्ञान निधाना।
पूजित प्रथम, रुप भगवाना।।
अस कहि अन्तर्धान रुप है।
पलना पर बालक स्वरुप है।।
बनि शिशु, रुदन जबहिं तुम ठाना।
लखि मुख सुख नहिं गौरि समाना।।
सकल मगन, सुखमंगल गावहिं।
नभ ते सुरन, सुमन वर्षावहिं।।
शम्भु, उमा, बहु दान लुटावहिं।
सुर मुनिजन, सुत देखन आवहिं।।
लखि अति आनन्द मंगल साजा।
देखन भी आये शनि राजा।।
निज अवगुण गुनि शनि मन माहीं।
बालक, देखन चाहत नाहीं।।
गिरिजा कछु मन भेद बढ़ायो।
उत्सव मोर, न शनि तुहि भायो।।
कहन लगे शनि, मन सकुचाई।
का करिहौ, शिशु मोहि दिखाई।।
नहिं विश्वास, उमा उर भयऊ।
शनि सों बालक देखन कहाऊ।।
पडतहिं, शनि दृग कोण प्रकाशा।
बोलक सिर उड़ि गयो अकाशा।।
गिरिजा गिरीं विकल हुए धरणी।
सो दुख दशा गयो नहीं वरणी।।
हाहाकार मच्यो कैलाशा।
शनि कीन्हो लखि सुत को नाशा।।
तुरत गरुड़ चढ़ि विष्णु सिधायो।
काटि चक्र सो गज शिर लाये।।
बालक के धड़ ऊपर धारयो।
प्राण, मंत्र पढ़ि शंकर डारयो।।
नाम गणेश शम्भु तब कीन्हे।
प्रथम पूज्य बुद्धि निधि, वन दीन्हे।।
बुद्धि परीक्षा जब शिव कीन्हा।
पृथ्वी कर प्रदक्षिणा लीन्हा।।
चले षडानन, भरमि भुलाई।
रचे बैठ तुम बुद्धि उपाई।।
धनि गणेश कहि शिव हिय हरषे।
नभ ते सुरन सुमन बहु बरसे।।
चरण मातु-पितु के धर लीन्हें।
तिनके सात प्रदक्षिण कीन्हें।।
तुम्हरी महिमा बुद्धि बड़ाई।
शेष सहसमुख सके न गाई।।
मैं मतिहीन मलीन दुखारी।
करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी।।
भजत रामसुन्दर प्रभुदासा।
जग प्रयाग, ककरा, दुर्वासा।।
अब प्रभु दया दीन पर कीजै।
अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजै।।
श्री गणेश यह चालीसा।
पाठ करै कर ध्यान।।
नित नव मंगल गृह बसै।
लहे जगत सन्मान।।

**दोहा**

**सम्वत अपन सहस्त्र दश, ऋषि पंचमी दिनेश।**
**पूरण चालीसा भयो, मंगल मूर्ति गणेश।।**

# 3 अक्टूबर से शुरू होगी शारदीय नवरात्रि

## जानिए कलश स्थापना विधि व पूजन सामग्री

सनातन धर्म में त्योहारों का विशेष महत्व है। नवरात्रि का पर्व भी खास अवसरों में से एक है। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। साल में चार बार नवरात्रि का पावन त्योहार आता है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि आती है। हालांकि सबसे ज्यादा महत्व शारदीय नवरात्रि का है।

पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्रि का त्योहार हर साल अश्विनी माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। नवरात्रि के 10वें दिन दशहरा मनाया जाता है। इस साल शारदीय नवरात्रि का त्योहार 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।



### शारदीय नवरात्रि 2024 तिथियां

3 अक्टूबर 2024, गुरुवार- मां शैलपुत्री की पूजा
4 अक्टूबर 2024, शुक्रवार- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
5 अक्टूबर 2024, शनिवार- मां चंद्रघंटा की पूजा
6 अक्टूबर 2024, रविवार- मां कूष्मांडा की पूजा
7 अक्टूबर 2024, सोमवार- मां स्कंदमाता की पूजा
8 अक्टूबर 2024, मंगलवार- मां कात्यायनी की पूजा
9 अक्टूबर 2024, बुधवार- मां कालरात्रि की पूजा
10 अक्टूबर 2024, गुरुवार- मां सिद्धिदात्री की पूजा
11 अक्टूबर 2024, शुक्रवार- मां महागौरी की पूजा
12 अक्टूबर 2024, शनिवार- विजय दशमी
13 अक्टूबर 2024, रविवार- दुर्गा विसर्जन

### शारदीय नवरात्रि पूजा और कलश स्थापना विधि

सबसे पहले सुबह उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। घर की अच्छे से साफ-सफाई करें। मुख्य द्वार की चौखट पर आम के पत्तों का तोरण लगाएं। पूजा के स्थान को गंगाजल से पवित्र करें। अब चौकी पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा में कलश की स्थापना करें।


कलश स्थापना के लिए एक मिट्टी के बर्तन में जौ के बीज बोएं। तांबे के कलश में शुद्ध पानी और गंगाजल डालें। कलश पर कलावा बांधें। इसके बाद उसमें दूर्वा, अक्षत और सुपारी भी डालें। फिर कलश पर चुनरी मौली बांध कर एक सूखा नारियल रखें। विधि-विधान से माता की पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। आखिरी में आरती करें और प्रसाद का वितरण करें।

### शारदीय नवरात्रि पूजा सामग्री

नवरात्रि में मां शक्ति के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। पूजा सामग्री में कुमकुम, पुष्प, देवी की मूर्ति या फोटो, जल से भरा कलश, मिट्टी के बर्तन, जौ, लाल चुनरी, लाल वस्त्र, नारियल, अक्षत, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, मिसरी, कपूर, श्रृंगार का सामान, दीपक, घी, फल, मिठाई और कलावा।

# दीपिका पादुकोण ने बेटी को दिया जन्म

## रणवीर सिंह बने पापा



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने फरवरी में बताया था कि वह सितंबर में बच्चे को जन्म देने वाली हैं। दीपिका पादुकोण एक दिन पहले शनिवार को मुंबई के मुंबई के एच एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल पहुंची थीं। अब खबर आ रही है कि दीपिका पादुकोण ने बेटी को जन्म दिया है। इस तरह से शादी के 6 साल बाद रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के घर में किलकारी गूंजी है। हालांकि, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने अभी तक इसकी जानकारी नहीं दी है। फिलहाल, इस खुशखबरी के बाद फैंस कपल को बधाई दे रहे हैं। फैंस का कहना है कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के घर लक्ष्मी आई है।

**एच एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में थीं दीपिका पादुकोण**

सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जानकारी दी है कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बेटी के माता पिता बने हैं। इसके बाद कपल के तमाम चाहने वाले फैंस ने बधाई देना शुरू कर दिया है। बताते चलें कि दीपिका पादुकोण की कार शनिवार को मुंबई के एच एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में जाते हुए नजर आई थी और इसके बाद लोगों समझ गए थे कि जल्द ही खुशखबरी आने वाली है। भले ही रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने इस खबर को ऑफिशियल नहीं किया है लेकिन उनके फैंस काफी खुश हैं।

**दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में की थी शादी**

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने हाल ही में सिद्धिविनायक मंदिर जाकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान दीपिका पादुकोण साड़ी में नजर आईं और उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। अब गणेश चतुर्थी के अगले दिन खुशखबरी आई है कि दीपिका पादुकोण ने बेटी को जन्म दिया है। बताते चलें कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी की थी और 6 साल बाद ये कपल बेटी के माता-पिता बने हैं। दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आई थीं। अब दीपिका पादुकोण दीवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' में काम करते दिखाई देंगी।

# वामिका गब्बी ने बेबी जॉन की शूटिंग के बीच परिवार के साथ एक छोटा सा लिया ब्रेक

अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच, अभिनेत्री वामिका गब्बी ने हाल ही में चंडीगढ़ में अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए दो दिन निकाले।मुंबई में अपने व्यस्त कामों में वापस लौटने से पहले वामिका गब्बी ने यह संक्षिप्त विश्राम लिया।अभिनेत्री, जो राज और डीके की नई सीरीज़ की तैयारी के अलावा अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन की शूटिंग में व्यस्त हैं, ने दिल्ली में पहले से तय कार्यक्रम के बाद आराम करने का अवसर लिया।उनके संक्षिप्त लेकिन बहुमूल्य 48 घंटे के ब्रेक ने उन्हें अपने प्रियजनों के साथ फिर से जुडऩे और अपने व्यस्त पेशेवर जीवन में लौटने से पहले रिचार्ज करने का मौका दिया।एक प्रशिक्षित कथक नर्तक, वामिका ने पंजाबी फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 से प्रसिद्धि प्राप्त की, जिसमें यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल थे।उन्होंने सिक्सटीन में मुख्य भूमिका निभाने के अलावा इश्क ब्रांडी और इश्क हाजिर है में भूमिकाओं के साथ पंजाबी फिल्म उद्योग में अपनी जगह पक्की की।निक्का जैलदार 2 और निक्का जैलदार 3 में दिखाई देने से पहले गब्बी ने तेलुगु फिल्म भले मंची रोजू में भी अभिनय किया।कबीर खान द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स बायोपिक 83 में अन्नू के रूप में उनकी भूमिका ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत पर आधारित इस फिल्म में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे शानदार कलाकार थे।वामिका को आखिरी बार विशाल भारद्वाज की जासूसी थ्रिलर खुफिया में देखा गया था, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, जिसमें तब्बू और अली फजल भी थे।बेबी जॉन एक एक्शन फिल्म है जिसका निर्देशन कलीज़ ने किया है और इसका निर्माण एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे ने जियो स्टूडियो, सिने1 स्टूडियो और ए फॉर एप्पल प्रोडक्शंस के तहत किया है। फिल्म में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं।






जूनियर एनटीआर ने दिया सरप्राइज

# देवरा के नए पोस्टर संग ट्रेलर की रिलीज डेट का किया ऐलान

अभिनेता जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म देवरा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक्टर ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। यह फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। उससे पहले दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है, जिसकी रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म देवरा: पार्ट' में जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन देखने को मिलेगा।जूनियर एनटीआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ लिखा है, आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 10 सितंबर 2024 को जारी होगा। फिलहाल नए पोस्टर पर यूजर्स की देखने लायक प्रतिक्रिया है। कमेंट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के प्रति दर्शक किस कदर क्रेजी हैं।कहा जा रहा है कि देवरा: पार्ट 1 के ट्रेलर में बड़े पैमाने में ड्रामा और एक्शन का एक रोमांचक मिश्रण देखने को मिल सकता है। इस फिल्म में सैफ अली खान खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, जान्हवी कपूर भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। इस फिल्म से जान्हवी साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।इस फिल्म को दो भागों में बनाने की तैयारी है। इस फिल्म के दूसरे भाग की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि वॉर 2 और प्रशांत नील की अगली फिल्म को खत्म करने के बाद जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट- 2 की शूटिंग शुरू करेंगे।

# कुबेर के नए पोस्टर में दिखा धनुष-नागार्जुन का इंटेंस लुक




धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। शेखर कम्मुला निर्देशित यह फिल्म 31 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है। जिसमें धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं। दोनों अपोजिट कैरेक्टर में हैं लेकिन दोनों के चेहरे पर ही गंभीरता और निडरता देखी जा सकती है।कुबेर के मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जिसे देखते ही फैंस खुश और एक्साइटेड हो गए। धनुष जहां पूरी दाढ़ी और बढ़े हुए बालों के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अजीबोगरीब अपीयरेंस ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि फिल्म किस बारे में होगी। दूसरी ओर नागार्जुन अक्किनेनी एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, उनका लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है। इनके अलावा, फिल्म में रश्मिका मंदाना, जिम सर्भ, दलीप ताहिल जैसे सितारे भी हैं। शेखर कम्मुला के साथ, फिल्म को एमिगोस क्रिएशन ने प्रोड्यूस किया है वहीं इसका म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है।कुछ वक्त पहले ही कुबेर के एक पोस्टर में धनुष का मासूम चेहरा दिखाया गया है। बदन पर फटा और गंदा कपड़ा, लंबी दाढ़ी-मूंछ में धनुष की मासूमियत और गरीबी साफ दिखाई दे रही हैं। इस पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्टर फिल्म में एक ऐसी पर्सनालिटी को रिप्रेजेंट करेंगे, जो अपनी गरीबी और समस्याओं से जूझ रहा है। वहीं 5 जुलाई, 2024 को मेकर्स ने कुबेर से रश्मिका मंदाना की पहली झलक शेयर की थी। वीडियो में एक्ट्रेस एक घने जंगल के अंदर जमीन खोदती है और उसके अंदर से उन्हें पैसे से भरा बैग मिलता है।


# लाल साड़ी, डरावनी आंखें, स्त्री 2 को टक्कर देगी अक्षय कुमार की ये फिल्म!



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने 57वें जन्मदिन पर अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट का हिंट दिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक मोशन पोस्टर शेयर करते हुए फैंस के बीच खलबली मचा दी है।पोस्टर शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन लिखा- गणपति बप्पा मोरया! कुछ स्पेशल अनाउंस करने के लिए आज के दिन से बेहतर क्या हो सकता है। आपको कुछ खास मिलने वाला है लेकिन इसका खुलासा मेरे जन्मदिन पर होगा। देखते रहिए।अक्षय ने कथित तौर पर फिल्म मेकर प्रियदर्शन के साथ मिलकर एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म बनाई है और इसका अनाउंसमेंट उनके जन्मदिन यानी 9 सितंबर को होने की उम्मीद है। दोनों ने 14 साल पहले फिल्म खट्टा-मीठा के लिए साथ काम किया था। हालांकि इस नई हॉरर-कॉमेडी के बारे में अभी ज्यादा कुछ डिटेल सामने नहीं आई है लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म ब्लैक मैजिक के बारे में होगी और इसमें अक्षय तीन एक्ट्रेसेस के साथ काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है।फिल्म के अधिकांश भाग हैदराबाद, केरल के एक जंगल, श्रीलंका में शूट किए जाने हैं, वहीं इसका आखिरी शेड्यूल अगले साल गुजरात में होगा।

# सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2 की डेट हुई रिलीज

## 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक फिल्म




साल 1997 में रिलीज हुई जेपी दत्ता की बॉर्डर ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। इस देशभक्ति से भरी मूवी में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी सहित कई कलाकारों ने अपनी दमदार एक्टिंग से दिल छू लिया था। वहीं अब इस फिल्म का मोस्ट अवेटेड सीक्वल आ रहा है। बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज डेट जानने के लिए बेसब्र हो रहे हैं। फाइनली मेकर्स ने बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। चलिए जानते हैं ये फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी?बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इसके सिनेमाघरों में रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं इस फिल्म में अहम रोल निभा रहे सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। यानी ये फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट ने फैंस की एक्साइटमेंट अब पीक लेवल पर कर दी है।बता दें कि हाल ही में बॉर्डर 2 का टीजर भी रिलीज हुई था। टीजर की शुरुआत सोनू निगम के गाने ए गुजरने वाली हवा बता, मेरा इतना काम करेगी क्या।।। इसके बाद वरुण धवन की आवाज आती है। दुश्मन की हर गोली से जय हिंद बोलकर टकराता हूं, जब धरती मां बुलाती है सब छोड़कर आता हूं। हिंदुस्तान का फौजी हूं मैं। इस टीजर के साथ सनी देओल ने अनाउंस किया था कि बॉर्डर 2 मे वरुण धवन की एंट्री हुई है। उन्होंने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, बॉर्डर 2 की बटालियन में फौजी वरुण धवन का वेलकम है। बॉर्डर 2का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, भूषण कुमार और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म में सनी देओल तो लीड रोल प्ले करेंगे ही वहीं आयुष्मान खुराना और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारो को भी फिल्म में लिया गया है। कलाकारों की सूची में विनाली भटनागर और नितीश निर्मल का नाम भी शामिल है।

# धमाकेदार ओपनिंग के बाद दूसरे ही दिन घटी थलपति विजय फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की कमाई



थलपति विजय और निर्देशक वेंकट प्रभु की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (गोट) ने अपने रिलीज के दिन 126.32 करोड़ की जबरदस्त कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर खाता खोला था। जिसके बाद फिल्म ने अपने दूसरे दिन कमाई में भारी गिरावट देखी है। इसके बावजूद फिल्म का दो दिन का कलेक्शन 150 करोड़ के पार पहुंच गया है। आइए जानते हैं थलापति विजय की फिल्म ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की।सैकनिल्क के अनुसार विजय की गोट ने पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 43 प्रतिशत की गिरावट देखी। जी हां धमाकेदार ओपनिंग के बाद विजय की फिल्म ने भारी गिरावट देखी है। दूसरे दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भारत में 24.75 करोड़ की कमाई की है। इससे फिल्म की दो दिन की कमाई 68.75 करोड़ रुपये हो गई। शुक्रवार को फिल्म ने तमिल में 60।38 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की। फिल्म ने अपने पहले दिन भारत में 43 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 126.32 करोड़ रुपये का जबरदस्त कलेक्शन किया था। गोट को 380 करोड़ रुपये के भारी बजट के साथ बनाया गया है।गौरतलब है कि गोट का पहले दिन का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन विजय की 2023 में रिलीज होने वाली लियो से रहा। सेवन स्क्रीन स्टूडियो के मुताबिक लियो ने पहले दिन 148.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

फिल्म को दर्शकों ने सराहा है और थलपति विजय की पिछली फिल्म में उनके परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हुई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि थलापति की फिल्म आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित, गोट में विजय डबल रोल प्ले कर रहे हैं। उनके अलावा फिल्म में प्रशांत, प्रभुदेवा, मोहन, स्नेहा, जयराम, लैला, मीनाक्षी चौधरी और अजमल अमीर जैसे कलाकार शामिल हैं। गोट का म्यूजिक युवान शंकर राजा ने तैयार किया है। यह 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# सरकार चलाने के लिए दिल, दिमाग और जज्बा चाहिए: सीएम योगी

## अंबेडकरनगर में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास





*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंबेडकरनगर में 1,231 करोड़ की 6,778 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। योगी ने युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्ट्स किट भी प्रदान किया।*

**अंबेडकर नगर/लखनऊ, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार चलाने के लिए दिल, दिमाग और जज्बा चाहिए होता है। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि विरासत में नहीं मिलती है। जो लोग सत्ता को अपनी बपौती मानते थे, उन्हें भी पता चल गया है कि अब वो उत्तर प्रदेश में वापस नहीं आ पाएंगे, इसलिए षड्यंत्र रच रहे हैं। सीएम योगी ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों की तैयारी शुरू कर दीजिए, डबल इंजन सरकार दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में 1,231 करोड़ रुपए की 6,778 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को स्पोर्ट्स किट वितरित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। अभी 60200 से ज्यादा युवाओं को पुलिस में भर्ती कर रहे हैं। इसमें 15 हजार बेटियां हैं। ये भर्ती जैसे ही संपन्न होगी, वैसे ही पुलिस की 40 हजार और भर्ती निकालने जा रहे हैं। साथ ही बहुत जल्द अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 40 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का शिक्षा आयोग गठित हो चुका है। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा में तेजी के साथ भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है। सपा के लोगों को इसी में गौरव की अनुभूति होती है। सपा की सरकार में पुलिस भागती थी और गुंडे माफिया दौड़ाते थे। आज उल्टा हो गया है। माफिया भाग रहा है, पुलिस दौड़ा रही है। सुल्तानपुर एनकाउंटर पर इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जब कोई डकैत मारा जाता है तो सपा के लोग तिलमिला जाते हैं। लगता है जैसे उनकी दुखती नस पर हाथ रख दिया गया है। पुलिस मुठभेड़ में डकैत के मारे जाने का सपा को बुरा लग रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि एक बेटी, सबकी बेटी है। उसके सम्मान और रक्षा का दायित्व पूरे समाज का होता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी के साथ सपा के नेता ने क्या किया, किसी से छुपा हुआ नहीं है। निषाद बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी का सपा के लोग बचाव कर रहे हैं। कन्नौज में नाबालिग बेटी के साथ अन्याय करने वाला भी सपा का नेता है। उसको भी ये लोग बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में दबंगई के बल पर गुंडे एवं माफिया गरीब और व्यापारी की जमीन पर कब्जा करते थे, लेकिन हमारी सरकार माफिया और गुंडों से जमीन जब्त कर गरीबों में बांटने का कार्य कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि बेटी और व्यापारी सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाले लोग गायब हो गए हैं, जो माफिया बचे हैं वो अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने का अगर कोई दुस्साहस करेगा तो उसका काम तमाम करने कार्य डबल इंजन की सरकार करेगी। सीएम योगी ने कहा कि जाति की राजनीति करने वाले लोग आम नागरिक की सुरक्षा में सेंध लगाना चाह रहे हैं।

इन्हें जब भी सत्ता मिली, तुष्टिकरण किया और अराजकता फैलाई। पर्व और त्योहार के दौरान दंगा कराया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग जाति के नाम पर लड़वाने का कार्य करेंगे। यह हम सबके एकजुट होने और विकास की प्रक्रिया से जुड़ने का समय है।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के हर जिले में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस द्वारा पोषित माफिया की समानांतर सरकारें चलती थीं। हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष की टांडा में हत्या होती है और कोई सुनवाई नहीं होती है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त बन गया है। उन्होंने कहा कि विकास और लोककल्याण से सपा-कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का मानचित्र हम सबके सामने रखा है। इसके लिए उन्होंने 25 वर्ष की व्यापक कार्ययोजना भी रखी है। इसके अन्तर्गत डबल इंजन की सरकार हर हाथ को काम और हर खेत को पानी के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का बनना देश की बहुसंख्यक आस्था की आवश्यकता की पूर्ति थी। उन्होंने कहा कि आज 15 करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है। 56 लाख गरीबों को मकान मिला है। 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दे रहे हैं। हम जाति, मत, मजहब और चेहरा देखकर योजना नहीं चलाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के युवा अपना उद्योग लगाएं हमारी सरकार पहले चरण में पांच लाख तो दूसरे चरण में 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन दे रही है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को जब कभी अवसर मिलता है तो आपस में उलझ पड़ते हैं, क्योंकि इन्हें पता है कि आम जनता को अगर छुआ तो पुलिस की लाठी उन्हें ठीक कर देगी।

सीएम योगी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार अंबेडकर नगर में महाराजा सुहेलदेव के किले का पुनरोद्धार करने जा रही है। इसके लिए हमारी सरकार एएसआई से बात करने जा रही है। महाराजा सुहेलदेव के किले में उनका भव्य स्मारक भी बनाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, गिरीश चन्द्र यादव, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा साधु, विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बजरंग पूनिया की मानसिकता खराब : बृजभूषण

**गोंडा, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** बयानों को लेकर एक बार फिर भाजपा के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह विवाद में हैं। रविवार को विश्नो-हरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों पर फिर निशाना साधा। बजरंग पूनिया के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसिकता तो पूनिया की खराब है, जिसने अपनी पत्नी को दांव पर लगा दिया है।

उन्होंने जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आंदोलन को लीड कौन कर रहा था, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा कर रहे थे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आई थीं और आज जो सिक्केस मिल रहे हैं, वे कांग्रेस के मिल रहे हैं। बताया कि खिलाड़ियों का नहीं एक परिवार और एक अखाड़े का प्रदर्शन था। जीजा-साली और एक अखाड़ा था।

पांच हजार वर्ष पहले द्रौपदी को दांव पर लगाया गया था और हार गए थे। देश ने आज भी उन्हें माफ नहीं किया है। वैसे जो हमारे देश के बहन बेटियों को दांव पर हुड्डा परिवार ने लगाया है, देश उन्हें माफ नहीं करेगा। इसके गुनहगार वो रहेंगे। जिन तीन घटनाओं का आरोप हमारे ऊपर लगा है, उसमें मैं बाहर था। एक में मैं सर्बिया में था और दो घटनाओं के दिन लखनऊ में था। यह कोर्ट का विषय है लेकिन सब बातें जब निकल के आएंगी तो जवाब देते नहीं बनेगा।

कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा की कांग्रेस हमारी कुंडली में बैठी है, सन 1974 में जब मेरा घर गिराया गया था, तब भी कांग्रेस की सरकार थी। पहला मुकदमा लिखा गया था, जब मेरे ऊपर टांडा लगा था तब भी कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस मेरी कुंडली में बैठी है। हरियाणा चुनाव को लेकर तो वह कुछ नहीं बोले, लेकिन कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा। हरियाणा चुनाव के बीच विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने के बाद से लगातार बृजभूषण शरण सिंह का बयान आ रहा है। इस पर भाजपा सतर्क हो गई है, मीडिया से बातचीत के दौरान की रविवार को भाजपा हाईकमान का फोन पूर्व सांसद के पास आया है। बताया जा रहा है कि बयानों पर नियंत्रण की सलाह एक बार फिर दी गई है। हालांकि, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने स्पष्ट किया कि वह कोई पत्रकार वार्ता नहीं कर रहे हैं, सिर्फ सवालों का जवाब दे रहे हैं।

## जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण होगा: योगी

**गोरखपुर, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं का पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए और उसके समाधान के लिए त्वरित प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है।



सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। ध्यान से उनकी बात सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने समस्या लोगों से कहा कि चिंता मत करिए, सबकी समस्या दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया पीपी को

## जूना अखाड़े ने मठाधीश बना दिया, मचा बवंडर

**प्रयागराज, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** संगम की रेती पर प्रयागराज महाकुंभ से पहले माफिया डॉन पीपी को पंचदश नाम जूना अखाड़े का मठाधीश बनाने के मामले में संत समाज में हंगामा खड़ा हो गया है। अल्मोड़ा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया डॉन प्रकाश पांडेय पीपी को जूना अखाड़े ने नया नाम प्रकाशानंद गिरि दिया है। पहल दो दिन पहले प्रकाशानंद को जेल में ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत और मठाधीश बनाने का ऐलान किया गया।

महाकुंभ से पहले माफिया पीपी को पंचदश नाम जूना अखाड़े का मठाधीश बनाने के मामले में संत समाज में हंगामा खड़ा हो गया है। अल्मोड़ा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया डॉन प्रकाश पांडेय पीपी को जूना अखाड़े ने नया नाम प्रकाशानंद गिरि दिया है।

दो दिन पहले प्रकाशानंद को जेल में ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत और मठाधीश बनाने का ऐलान किया गया। इसके बाद तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। संत समाज में भी इसे लेकर आलोचना होने लगी। किरकिरी के बाद अखाड़ा प्रबंधन बैकफुट पर आ गया है। माफिया पीपी दाऊद इब्राहिम को मारने के लिए कराची तक पहुंच गया था।

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि ने शनिवार को अमर उजाला से कहा कि इस मामले पर जांच बैठा दी गई है। उन्होंने कहा कि हर किसी को जीवन में स्वेच्छा से सनातन की शरण में आने का अधिकार है, इसलिए सनातन की शरण में आए माफिया पीपी को अकेला छोड़ उससे किनारा नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि माफिया को बीते बृहस्पतिवार को शिक्षक दिवस के मौके पर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि की अगुआई में 11 संतों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल तीन सदस्यों ने अल्मोड़ा जेल के भीतर जाकर दीक्षा दी। साथ ही पीपी को अंसेश्वर मठ, मुनस्यारी माता का मठ, गंगोलीहाट में लमकेश्वर, यमुनोत्री में भैरव और भद्रकाली मंदिर का उत्तराधिकारी यानी मठाधीश बनाए जाने की घोषणा की थी।

प्रकाश पांडे उर्फ पीपी उत्तराखंड के रानीखेत में स्थित खनौइया गांव का मूल निवासी है। उसका 1990 के दशक में कुमाऊं मंडल में अपराध के मामले में दबदबा था। उसका नाम नैनीताल, अल्मोड़ा, हल्द्वानी व रानीखेत में अवैध शराब, लीसा तस्करी में आया है। नब्बे के दशक में वह मुंबई पहुंचा।

### डकैत मंगेश यादव के एनकाउंटर पर अखिलेश यादव की रुदाली

## डकैतों की चली गोली से कोई यादव ग्राहक भी मर सकता था

**अंबेडकरनगर, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंबेडकरनगर में कहा कि सत्ता में आने के लिए सपा षड्यंत्र रच रही है। जाति के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। सीएम बोले कि सपा सरकार में जो जितना बड़ा गुंडा होता था उसको उतना बड़ा ओहदा मिलता था। योगी ने कहा, हम विकास, सुरक्षा और खुशहाली ला रहे हैं जबकि सपा और कांग्रेस को सिर्फ माफियाओं की फिक्र रहती है। सपा के राज में माफियाओं की जिले जिले में समानांतर सरकार चलती थी। पहले माफिया त्यौहार नहीं होने देते थे। अब माफियाओं की छुट्टी हो गई है।

योगी ने कहा कि सत्ता विरासत में मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं। सीएम ने सुल्तानपुर डकैती में एक बदमाश के मारे जाने को लेकर सपा प्रमुख की आपत्ति पर उन्हें निशाने पर रखा। बोले कि असलहा लहरा कर डकैती डाल रहे बदमाश ने यदि किसी ग्राहक को गोली मार दी होती तब क्या होता। उस ग्राहक में कोई यादव भी हो सकता था।

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है। सपा के लोगों को इसी में गौरव की अनुभूति होती है। सपा की सरकार में पुलिस भागती थी और गुंडे माफिया दौड़ाते थे। आज उल्टा हो गया है। माफिया भाग रहा है, पुलिस दौड़ा रही है। सुल्तानपुर एनकाउंटर पर इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जब कोई डकैत मारा जाता है तो सपा के लोग तिलमिला जाते हैं। लगता है जैसे उनकी दुखती नस पर हाथ रख दिया गया है। पुलिस मुठभेड़ में डकैत के मारे जाने का सपा को बुरा लग रहा है।

### जो जिस लायक है, उसे मिल रहा वैसा जवाब: डिप्टी एसपी

**सुल्तानपुर, 08 सितम्बर (एजेंसियां)।** सुल्तानपुर में सराफा डकैती में शामिल मंगेश यादव का इनकाउंटर करने वाली यूपी एसटीएफ टीम को लीड करने वाले डिप्टी एसपी डीके शाही कहा, जो जिस लायक है, उसको उसी तरह का जवाब मिल रहा है। डिप्टी एसपी डीके शाही सुल्तानपुर स्थित पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉलीबॉल संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने कहा कि जो जेल जाने लायक हैं, उन्हें जेल भेजा जा रहा है। पुलिस पर जो गोली चला रहा है तो उसका वैसे ही जवाब भी मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि यूपी में संगठित अपराध का खात्मा हो गया है।





# राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**मुरादाबाद, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**

**कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ मुरादाबाद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम रामगंगा विहार में हुआ।**

लीग का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोठीवाल डेंटल कॉलेज रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. केके मिश्रा, विशिष्ट अतिथि स्प्रिंगफील्ड कॉलेज के प्रबंध विपिन जेटली ने दीप प्रज्वलित करके व फीता काटकर किया।

कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ के प्रबंधक अचल विश्नोई ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कार्ड प्रीमियर लीग में मुरादाबाद के अलावा बरेली, आगरा, बिजनौर, बदायूं, अमरोहा, संभल आदि जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभा कर रहे हैं। प्रीमियर लीग में 18 टीमों में 72 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का परिणाम आज देर रात घोषित किया जाएगा।

मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. केके मिश्रा ने कहा कि जो खिलाड़ी खेल के मैदान में पसीना बहाते हैं, वह निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते हैं। कोई भी खिलाड़ी अपने लिए खेल में नहीं खेलता है, वह अपने जिले, प्रदेश और देश के लिए खेलता है। प्रतियोगिता में जब उसे जीत हासिल होती है तो उसके शहर का नाम, प्रदेश का नाम और देश का नाम ऊंचा होता है।

प्रीमियर लीग कार्यक्रम का संचालन निमित जायसवाल ने किया। इस मौके पर आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पूर्व जूडो कोच सतीश चंद्र शर्मा, बैडमिंटन प्रशिक्षक आसिफ सिद्दीकी, भाजपा पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, योगेश शर्मा, देशकांत त्यागी, नरेंद्र बिश्नोई आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### द्रविड़ को कोच के तौर पर जोड़ने कई फ्रैंचाइजियों ने दिए थे लुभावने प्रस्ताव, सभी को ठुकराकर पुरानी टीम रॉयल्स से जुड़े



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ पैसे से अधिक महत्व रिश्तों को देते हैं। यह इससे पता चलता है कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए कोच के तौर पर अपनी पुरानी टीम राजस्तान रॉयल्स को चुना जबकि उन्हें एक फ्रैंचाइजी ने अपनी टीम से जोड़ने के लिए ब्लैंक चेक का भी प्रस्ताव दिया था। द्रविड़ को आईपीएल में कोच के तौर पर अपने साथ जोड़ने के लिए कई टीमें तैयार थीं ओर इस दौरान उन्हें कई लुभावने प्रस्ताव भी मिले थे। द्रविड़ पूर्व में भी राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और खिलाड़ी के अलावा टीम के मेंटोर भी रहे हैं। इसी कारण उन्होंने रॉयल्स जाना सही समझा। द्रविड़ आईपीएल 2025 में 7 साल के बाद इस टीम के साथ जड़ रहे हैं। मुख्य कोच के तौर पर आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में टीम को जीत दिलाकर द्रविड़ ने एक अहम उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। इसी कारण एक आईपीएल की नामी फ्रेंचाईजी उन्हें किसी भी कीमत पर अपने साथ जोड़ना चाहती थी पर द्रविड़ तैयार नहीं हुए।

### इंग्लैंड लायन्स के मुख्य कोच बने फ्लिंटॉफ




**लंदन ।** पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ अब कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। फ्लिंटॉफ को इंग्लैंड लायन्स का मुख्य कोच बनाया गया है। वह खेल से संन्यास के बाद से ही कमेंटटर के तौर पर खेल से जुड़े रहे है पर अब उन्हें कोचिंग की जिम्मेदारी मिली है। इस पूर्व क्रिकेटर का कहना है कि वह इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। इसमें उन्हें देश की कुछ उभरती हुई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार को वह टीम के भविष्य को आकार देने में अपना योगदान दे सकते हैं। कोच के तौर पर फ्लिंटॉफ को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरों के साथ-साथ भारत ए और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले सत्र में होने वाले मुकाबलों की जिम्मेदारी दी गई है। फ्लिंटॉफ टी20 विश्व कप में सहायक कोच रहे हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के मेंटोर की भूमिका निभाई थी। वह श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजी कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक की जगह लेंगे। फ्लिंटॉफ ने इंग्लैंड के लिए 79 टेस्ट खेले हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि फ्लिंटॉफ ''बेहतरीन क्षमता वाले आवेदकों के समूह में से सबसे बेहतर उम्मीदवार थे।

### ऋषभ की शानदार वापसी




**बेंगलुरु ।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दलीप ट्रॉफी से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में शानदार वापसी की है। ऋषभ यहां पहली पारी में असफल रहे थे और सात रन ही बना पाये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर अपनी क्लास दिखायी। कार हादसे के बाद सीमित ओवरों में उन्होंने पहले ही धमाकेदार वापसी की थी पर अब टेस्ट प्रारुप में भी अपने को साबित किया है। वहीं अब लंबे प्रारुप में अपने प्रदर्शन से दिखाय है कि उनमें कोई बदलाव नहीं आया है। ऋषभ का रिवर्स स्कूप काफी पसंद किया जाता है। वह विश्व के दिग्गज गेंदबाजों के खिलाफ भी ये शॉट खेल चुके हैं। अब दलीप ट्रॉफी में इंडिया बी की ओर से खेलते हुए ऋषभ ने यही रिवर्स स्कूप खेला। इंडिया ए के तेज गेंदबाज आकाश दीप के खिलाफ उन्होंने ये शॉट लगाया। इस दौरान गेंद तेजी से चार रनों के लिए निकल गयी। इस मुकाबले की पहली पारी में वह एक बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच हो गये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने कोई गलती नहीं की और केवल 34 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक लगा दिया। 47 गेंदों पर ही उन्होंने 61 रनों की पारी खेली। इसमें 9 चौके के साथ ही दो छक्के भी शामिल थे।

# एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष बने रणधीर सिंह, यह पद ग्रहण करने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने गए हैं। रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 44वीं ओसीए आम सभा में इसकी घोषणा की गई। वह ओसीए अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय हैं। ओसीए ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पांच बार के ओलंपियन 77 वर्षीय रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। आम सभा में अध्यक्ष, पांच क्षेत्रों के लिए पांच उपाध्यक्ष और पांच कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

नए कार्यकारी बोर्ड की ओर से रणधीर ने कहा कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आपने जो प्यार और स्नेह दिखाया है, उसके लिए हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मैं तहे दिल से आपका शुक्रिया अदा करता हूं।

**ओसीए अध्यक्ष:** राजा रणधीर सिंह (भारत)

### ओसीए उपाध्यक्ष

**पूर्वी एशिया:** टिमोथी फ़ोक (हांगकांग, चीन)
**दक्षिण पूर्व एशिया:** डॉ नोर्ज़ा जकारिया (मलेशिया)
**दक्षिण एशिया:** एचआरएच प्रिंस जिग्येल उग्येन वांगचुक (भूटान)
**पश्चिम एशिया:** डॉ. थानी अल-कुवारी (कतर)
**मध्य एशिया:** ओटाबेक उमारोव (उज़्बेकिस्तान)

### कार्यकारी बोर्ड के सदस्य

**पूर्वी एशिया:** मिकाको कोटानी (जापान)
**दक्षिण पूर्व एशिया:** प्रो. डॉ. सुपित्र समाहितो (थाईलैंड)
**मध्य एशिया:** ओल्गा रयबाकोवा (कजाकिस्तान)
**पश्चिम एशिया:** नूरा अल जस्मी (संयुक्त अरब अमीरात)
**दक्षिण एशिया:** कोई उम्मीदवार नहीं

### खेल प्रशासन में लंबा अनुभव रहा

रणधीर सिंह ने 1987 में खेल प्रशासन करियर की शुरुआत की। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ का महासचिव नियुक्त किया गया। इस पद पर वह 2012 तक रहे। 1987 में ही उन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण के संचालन बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

इस पद पर वह 2010 तक रहे। वह 2010 के दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के उपाध्यक्ष भी थे। वर्ष 1991 में उन्हें ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया का महासचिव नियुक्त किया गया। इस पद पर वे 2015 तक रहे। 2015 से 2021 तक ओसीए के आजीवन उपाध्यक्ष रहे। 2021 में ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष बने।



## पेरिस पैरालंपिक में भारतीय एथलीट सिमरन को कांस्य

**पेरिस।** भातीय महिला एथलीट सिमरन को पेरिस पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 200 मीटर टी12 फाइनल में कांस्य पदक मिला है। सिमरन 24.75 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकलाकर तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान उनके गाइड अभय सिंह भी शामिल थे। पैरालंपिक में टी12 स्पर्धा में दृष्टिबाधित एथलीट शामिल होते हैं। इसलिए एथलीट ट्रैक पर एक गाइड के साथ दौड़ते हैं। वह इसी साल जापान के कोबे में हुई स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनी थी। वहीं इससे पहले 100 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस खिलाड़ी को बचपन से ही कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। भारत ने पेरालिपिंक में अब 6 स्वर्ण , 10 रजत और 13 कांस्य के साथ ही कुल 29 पदक जीत लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा मेडल पेरा एथलेटिक्स में ही आए हैं। इस कैटेगरी में तीन स्वर्ण, 7 रजत और 7 कांस्य सहित 17 पदक मिले हैं।

# दलीप ट्रॉफी : शुभमन से हुई गलती, फील्डिंग के लिए उतार दिए 12 खिलाड़ी



**बेंगलूरु, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**

**भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने दिलीप ट्रॉफी में इंडिया ए टीम की कप्तानी करते हुए एक बड़ी गलती कर दी जबकि उन्हें भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी का दावेदार माना जाता है। शुभमन ने इंडिया बी के खिलाफ मैच में फील्डिंग के लिए 12 खिलाड़ी उतर दिये।**

इस गलती का पता चलने पर अंपायर ने जानकारी दी और अतिरिक्त खिलाड़ी को हटाने का आदेश दिया। इससे शुभमन की कप्तानी क्षमताओं पर सवाल भी उठे हैं। कहा जा रहा है कि कप्तान को ये तक पता नहीं था कि मैदान में कितने खिलाड़ी हैं जबकि उनको भारतीय टीम के अगले कप्तान का भी दावेदार माना जाता है।

शुभमन ने इंडिया बी के खिलाफ मैच के दूसरे दिन मैदान में 11 नहीं बल्कि 12 खिलाड़ी उतार दिये।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में इंडिया बी ने 94 रन के स्कोर पर टीम ने 7 विकेट गंवा दिए थे। वहीं दूसरे दिन जब मुशीर खान बल्लेबाजी कर रहे थे तभी

शुभमन ने मैदान पर फील्डिंग के लिए 11 की जगह एक अतिरिक्स खिलाड़ी उतारा और शिवम दुबे पारी का 99वां ओवर फेंकने लगे। उन्होंने 2 गेंद फेंकी उसी समय अंपायर ने देखा कि मैदान पर 11 नहीं बल्कि 12 खिलाड़ी फील्डिंग कर रहे हैं। तब शुभमन ने अतिरिक्त खिलाड़ी को हटाया पर ये हैरानी की बात रही कि कप्तान को ये ही नहीं पता था कि मैदान में कितने खिलाड़ हैं।

# मोईन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**



**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुने जाने के बाद इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर मोइन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। दस साल के लंबे करियर के बाद उन्होंने इंग्लैंड टीम को अलविदा कह दिया। मोईन ने कहा कि यह उनके लिए संन्यास लेने का सही समय है, ताकि युवाओं को टीम में ज्यादा से ज्यादा मौका मिल सके। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वाइट बाल सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था।**

मोईन अली ने डेली मेल के साथ साक्षात्कार में कहा कि मैं 37 साल का हूं और इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए मुझे नहीं चुना गया। मैंने इंग्लैंड के लिए काफी क्रिकेट खेली है। अब अगली पीढ़ी को मौका देने का समय आ गया है, जिसके बारे में मुझे बताया भी गया। मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने अपना काम कर दिया है।

स्टार ऑलराउंडर मोईन ने 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने तीनों प्रारूपों को मिलाकर 6678 रन बनाए। इनमें 8 शतक, 28 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 366 विकेट भी लिए। मोईन 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रह चुके हैं। मोईन अली ने 2014 से 2024 तक 298 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लिया।

# रुट की बल्लेबाजी देखकर उनका प्रशंसक बन गया हूं : विलियमसन

**लंदन, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबा जो रूट की प्रशंसा करते हुए कहा है उनकी जबरदस्त बल्लेबाजी देखकर मैं उनका प्रशंसक बन गया हूं। रुट ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। रूट ने श्रीलंका के खिलाफ पहले 2 मैचों में ही 3 शतक लगा दिये। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का रिकार्ड भी तोड़ दिया और टेस्ट प्रारूप में सबसे अधिक 34 शतकों का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। रूट को अब कुक के सबसे अधिक टेस्ट रनों का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए केवल 82 रनों की जरुरत है। विलियमसन ने कहा है कि वह रुट के अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल विराट कोहली और स्टीवन स्मिथ के भी बड़े प्रशंसक हैं पर रूट काफी समय से विशेष प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि वह जल्द ही कई बड़े रिकार्ड अपने नाम कर लेंगे। जो आसान नहीं है। विलियमसन बोले, मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। केवल उनका ही नहीं, बल्कि अन्य खिलाड़ियों विराट और स्मिथ का भ प्रशंसक हूं।

कीवी टीम को अगले माह भारत में सीरीज खेलनी है जबकि उसका रिकार्ड भारतीय धरती पर का



काफी खराब रहा है। इसी को लेकर विलियमसन ने कहा कि हमें एशिया में कई तरह से चुनौती मिलने वाली है पर एक टीम के रूप में हमारे लिए यह अहम है कि हम हालातों के अनुसार आगे बढ़ते रहें, अगले ढाई महीनों में जो अनुभव हमें मिलने वाले हैं उन्हें हासिल करें और इस दौरान बेहतर बनने का प्रयास करें।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी20 में भी स्कॉटलैंड को हराकर 3-0 से सीरीज जीती

**एडिनबर्ग, 08 सितंबर (एजेंसियां) ।**

कैमरून ग्रीन के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने यहां स्कॉटलैंड को तीसरे टी20 में भी 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज 3-0 से जीत ली है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने मुन्से ने के 25 और ब्रैंडन मैकमुलेन के 56 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 149 तक रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 16.1 ओवर में ही चार विकेट पर 153 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही पर मार्श ने 31 और कैमरून ग्रीन ने 62 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। सलामी बल्लेबजा जेक फ्रेजर खाता खोले बना ही पेवेयियन लौट गये। ट्रेविस




हेड 12 ही रन बना पाए। वहीं कप्तान मार्श ने 23 गेंदों पर तीन चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। ग्रीन ने एक छोर संभाला और तेजी से रन बनाये। टिम डेविड ने भी 14 गेंदों पर 25 रन बनाये। ग्रीन ने 39 गेंदों पर 2 चौके और 5 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। एरोन हार्डी ने 11 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले स्कॉटलैंड की शुरुआत मुन्से और हैरिस ने की। हैरिस 12 जबकि मुन्से 25 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद मैकमुलेन ने एक छोर संभाला और स्कोर 39 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की सहायता से 56 रन तक पहुंचाया। कप्तान बैरिंगटन ने 8 जबकि मैथ्यू क्रॉस ने 7 रन बनाये। मध्यक्रम में माइकल ने 13 जबकि मार्क वॉट ने 18 रन बनाए। इस प्रकार टीम ने कुल 149 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एरोन हार्डी और एबॉट ने 2- 2 जबकि कैमरून ग्रीन ने 3 विकेट लिए।

## बाबर आजम के नाम है टेस्ट में ये रिकार्ड

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम वैसे तो आजकल एक खराब दौर से गुजर रहे हैं पर उनके नाम एक ऐसा रिकार्ड है जिसके करीब भी कोई क्रिकेटर नहीं पहुंच पाया है। आज ने ये रिकार्ड सा 2022 में टेस्ट क्रिकेट में बनाया था। उनके नाम इस प्रारुप में लगातार सबसे ज्यादा अर्धशतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्च 2022 से जून 2022 के बीच कुल 9 लगातार पारियों में 50 से ज्यादा रन बनाये थे। इसमें तीन शतकीय पारी भी शामिल रही हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट शतक बनाया था। वहीं लगातार टेस्ट में सबसे ज्यादा 50 रन की पारी खेलने के मामले में पाकिस्तान के ही जावेद मियांदाद दूसरे नंबर पर हैं। मियांदाद ने कुल 8 मैच में 50 या इससे ज्यादा रन बनाये थे। वहीं हैरानी की बात ये है कि टेस्ट क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा मैच में 50 या इससे उपर का स्कोर करने वालों की सूची में भारत के सचिन तेंदुलकर शामिल है और ना ही विराट कोहली इस सूची में शामिल हैं। भारत की तरफ से केवल पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के नाम ही 7 पारियों में अर्धशतक हैं।

संपादकीय

# देश विरोधी सोच

लंबी प्रतीक्षा के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने जा रहे हैं, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। परंतु जिस प्रकार के बयान जम्मू-कश्मीर से आ रहे हैं, उनको अस्वीकार करने के साथ ही उनकी निंदा करना भी आवश्यक है। सत्ता की भूख में हमारे राजनेता इतना अधिक नीचे गिर जाते हैं कि उन्हें आतंकियों का पैरोकार बनने में भी शर्म नहीं आती है। जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने आतंकी मोहम्मद अफजल उर्फ अफजल गुरु की फांसी को लेकर जिस प्रकार के मंसूबे जाहिर किए हैं, उससे उनकी सोच उजागर होती है। उनका स्पष्ट तौर पर कहना है कि अफजल को गलत ढंग से फांसी दी गई। यदि उनका बस चलता तो अफजल को फांसी नहीं होने देते। इस प्रकार की बातें करके आखिर उमर अब्दुल्ला क्या प्राप्त करना चाहते हैं? बेशर्मी से आतंकियों का पक्ष ले रहे नेताओं के बारे में विचार करते समय यह भी सोचना चाहिए कि उनकी इस प्रकार की देश विरोधी बातों पर उन्हें वोट कौन देता है? उनके मन में यह भाव क्यों है कि आतंकियों का पक्ष लेने से जम्मू-कश्मीर में उन्हें बड़ी संख्या में लोगों के वोट मिल जाएंगे? इससे तो यही आशय निकलता है कि भारत में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी सोच देश के विरुद्ध है, जो आतंकियों के हितचिंतक हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को टेरर फंडिंग के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर रशीद ने हराया था। जाहिर है कि वहाँ आतंक समर्थक सोच का प्रभाव है। लेकिन इसका दोष भी लोगों को नहीं बल्कि उन राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों को जाता है, जिन्होंने इतने वर्षों में जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिकता, अलगाववाद और आतंकवाद का पोषण किया। आज उसी सोच के हाथों उन्हें पराजय और हताशा का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन का दौर चला रहा है, ऐसे में समाज की सज्जनशक्ति को देश विरोधी सोच को हराने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। अन्यथा यह विषबेल और अधिक फैलती जाएगी। निःसंदेह, चुनाव जीतने के लिए आतंकियों का पक्ष लेनेवाले नेताओं को सबक सिखाने की जिम्मेदारी जनता की है। स्मरण रखें कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में इन्हीं उमर अब्दुल्ला के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। यदि कांग्रेस को संविधान, लोकतंत्र और भारत की जरा भी चिंता है, तब उसे उमर अब्दुल्ला के देश विरोधी बयान के बाद नेशनल क्रॉन्फ्रेंस के साथ अपना गठबंधन समाप्त कर लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना लगभग शून्य है क्योंकि कांग्रेस को भी सत्ता की भूख कम नहीं है। याद रखें कि जब जेएनयू में आतंकी अफजल की याद में आयोजित कार्यक्रम में भारत, संविधान और न्यायपालिका के विरुद्ध नारेबाजी हुई थी, तब कांग्रेस आरोपी आयोजकों के साथ जाकर खड़ी हो गई थी। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए इस प्रकार की बयानबाजी देखकर लगता है कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गहरायी से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। वैसे तो देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने संविधान में संशोधन करके अनुच्छेद-19(2) के प्रावधान से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगा दिए थे परंतु इसके बाद भी अनुच्छेद-19 का दुरुपयोग किया जाता है। कुछ मामलों में अनर्गल प्रलाप को रोकने के लिए कठोर प्रावधान करने की आवश्यकता आज भी अनुभव होती है। राजनीतिक एवं वैचारिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए आतंकवादियों का पक्ष लेना, स्पष्ट तौर पर संविधान, न्यायपालिका एवं देश का विरोध है। भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाना और आतंकियों का समर्थन करना, किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

सत्ता की भूख में हमारे राजनेता इतना अधिक नीचे गिर जाते हैं कि उन्हें आतंकियों का पैरोकार बनने में भी शर्म नहीं आती है। जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने आतंकी मोहम्मद अफजल उर्फ अफजल गुरु की फांसी को लेकर जिस प्रकार के मंसूबे जाहिर किए हैं, उससे उनकी सोच उजागर होती है। उनका स्पष्ट तौर पर कहना है कि अफजल को गलत ढंग से फांसी दी गई। यदि उनका बस चलता तो अफजल को फांसी नहीं होने देते। इस प्रकार की बातें करके आखिर उमर अब्दुल्ला क्या प्राप्त करना चाहते हैं? बेशर्मी से आतंकियों का पक्ष ले रहे नेताओं के बारे में विचार करते समय यह भी सोचना चाहिए कि उनकी इस प्रकार की देश विरोधी बातों पर उन्हें वोट कौन देता है? उनके मन में यह भाव क्यों है कि आतंकियों का पक्ष लेने से जम्मू-कश्मीर में उन्हें बड़ी संख्या में लोगों के वोट मिल जाएंगे? इससे तो यही आशय निकलता है कि भारत में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी सोच देश के विरुद्ध है, जो आतंकियों के हितचिंतक हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को टेरर फंडिंग के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर रशीद ने हराया था।

### जल-वायु दोनों की गुणवत्ता के साथ ग्रीन हाउस गैस संतुलन भी बेहद प्रभावित हुआ

# जलवायु परिवर्तन में भूमिका की अनदेखी

ऋतुपर्ण दवे

सिंथेटिक उर्वरकों के उपयोग, अपशिष्ट जल के निर्वहन और जीवाश्म ईंधन के दहन से बढ़ता नाइट्रोजन का प्रभाव एक बड़ा खतरा है। यह भूमि, जल और वायु को प्रदूषित कर जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देता है और ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है। दरअसल, इस सच्चाई तक पहुंचने में साक्ष्य, प्रमाण और वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने में लंबा समय लगा। अब खेती-किसानी से लेकर पशुपालन में इसके भरपूर उपयोग को जलवायु परिवर्तन का उतना ही दोषी माना जा रहा है जितना मानव जनित कॉर्बन डाइऑक्साइड और मीथेन को।

ऋतुप जलवायु परिवर्तन के लिए जितने भी ज्ञात और चर्चित कारण हैं, उनमें अब नाइट्रोजन भी एक नया नाम बन गया है। ऐसा लगता है कि लंबे समय तक इस पर वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने ध्यान नहीं दिया। सिंथेटिक उर्वरकों के उपयोग, अपशिष्ट जल के निर्वहन और जीवाश्म ईंधन के दहन से बढ़ता नाइट्रोजन का प्रभाव एक बड़ा खतरा है। यह भूमि, जल और वायु को प्रदूषित कर जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देता है और ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है। दरअसल, इस सच्चाई तक पहुंचने में साक्ष्य, प्रमाण और वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने में लंबा समय लगा। अब खेती-किसानी से लेकर पशुपालन में इसके भरपूर उपयोग को जलवायु परिवर्तन का उतना ही दोषी माना जा रहा है जितना मानव जनित कॉर्बन डाइऑक्साइड और मीथेन को। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनईपी प्रतिक्रियाशील नाइट्रोजन के बारे में हालिया प्रकाशित फ्रंटियर्स रिपोर्ट बेहद चौंकाती है। साल 2018-2019 में तमाम अध्ययनों के बाद जारी चेतावनी में नाइट्रोजन प्रदूषक को खतरनाक बताया गया। लेकिन वैज्ञानिक अब भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह ऐसा मिश्रण बनकर सामने आया जो स्वास्थ्य, जलवायु तथा पारिस्थितिक तंत्र यानी ईको सिस्टम के लिए खतरनाक साबित हुआ। इससे जल-वायु दोनों की गुणवत्ता के साथ ग्रीन हाउस गैस संतुलन भी बेहद प्रभावित हुआ। इसने पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। नाइट्रिक ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के अलावा खेतों से उत्सर्जित अमोनिया भी इकोसिस्टम में पहुंच, दूसरी रासायनिक



क्रियाओं के मेल से अम्लीय वर्षा तक के लिए जिम्मेदार दिखा। एयरकंडीशनर और फ्रिज में भरी जाने वाली गैस हाइड्रोफ्लोरोकार्बन्स यानी एचएफसी गैसें भी नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड यानी 'एफ श्रेणी की बेहद खतरनाक गैसों' में हैं जो पर्यावरण के लिए कितनी खतरनाक हैं, सर्वविदित है। वैज्ञानिकों ने पर्यावरणीय आंकड़ों के विश्लेषण के बाद जारी हालिया शोध पत्र में कहा कि नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में हुई भारी वृद्धि खेती-किसानी और पशुपालन गतिविधियों के चलते हुई। लेकिन उतना ही सच यह भी है कि अज्ञानतावश ही इसे रोकने या कम करने कोशिशें नहीं हुईं। जिस तेजी से सिंथेटिक उर्वरकों और पशुपालन में नाइट्रस ऑक्साइड का उपयोग बढ़ा, दबे पांव उतना ही इसने वायुमण्डल को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। स्टैनफोर्ड के वैज्ञानिक शोधों से सामने आया कि नाइट्रस ऑक्साइड इतना शक्तिशाली है कि एक पाउंड गैस 114 साल तक एक पाउंड कार्बन की तुलना में वातावरण को लगभग 300 गुना अधिक गर्म करती है। कहीं बेकाबू से बढ़ते तापमान के पीछे यही तो नहीं? वायुमंडल में इतने लंबे समय तक उपस्थिति और इसकी घातकता को समझ पाने में देरी तो हुई। नाइट्रस ऑक्साइड निश्चित रूप से समताप मंडल की ओजोन परत को नष्ट करने के साथ पृथ्वी को अधिक सौर विकिरण के संपर्क में लाकर नुकसान पहुंचाता है। जिससे फसल, मानव व अन्य जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य को गंभीर चुनौती पहुंचती है। इसके उत्सर्जन का लगभग 60 प्रतिशत प्राकृतिक तो 40 प्रतिशत मानवीय गतिविधियों से होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से इतना तो साफ हो गया है कि सन् 2020 के पहले के चार दशकों में ही इस गैस का उत्सर्जन 40 फीसदी बढ़ चुका था और दुनिया बेखबर थी! अब स्थिति यह हो गई कि दो साल पहले यानी 2022 तक वातावरण में नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा उस स्थिति पर पहुंच गई, जो कथित औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 25 प्रतिशत ज्यादा है। अत्यधिक चिंता यह कि दुनिया में ऐसी तकनीक भी नहीं जिससे वातावरण से इसे हटाया या समाप्त किया जा सके। साल 1980 से 2020 के बीच नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में 67 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई। इसका कारण नाइट्रोजन आधारित खाद और जानवरों से निकलने वाले अपशिष्ट रहे। इसका खुलासा 58 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट 'ग्लोबल नाइट्रस ऑक्साइड बजट' में भी है।

अब जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान की चर्चाओं में नाइट्रोजन प्रदूषक भी अहम है। वायुमण्डल में इसकी मात्रा कहां, क्यों और कैसे बढ़ रही है यह विश्वव्यापी चिंता है। लेकिन जब चर्चा होगी तभी समाधान निकलेगा। एक वैश्विक रिपोर्ट बताती है कि साल 2011 से 2020 के दस साल में मानवीय गतिविधियों से निकली नाइट्रस ऑक्साइड कुल उत्सर्जन का तीन चौथाई थी। वहीं इसके बाद जीवाश्म ईंधन, कूड़ा, गंदा पानी और बायोमास जलाने जैसे स्रोत भी अथाह वृद्धि के कारण हैं।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का अंतर-सरकारी पैनल यानी आईपीसीसी का अनुमान है कि कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 6.4 फीसदी नाइट्रस ऑक्साइड है जो आने वाले सालों में और बढ़ेगा। यदि इस शताब्दी के अंत तक पृथ्वी के तापमान को औसतन 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ने से रोकना है तो 2050 तक इस गैस के उत्सर्जन में 20 फीसदी की गिरावट करनी ही होगी। विडंबना देखिए नाइट्रस ऑक्साइड को सामान्यतः हंसी की गैस के रूप में जानते हैं। यह उत्साह की भावना पैदा करने वाली गैस कहलाती है। किसने सोचा था कि यह इतनी घातक भी होगी? बहरहाल, देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर तुरंत ही सक्रिय होना होगा।

दृष्टि कोण

# चीन पर बढ़ती निर्भरता के जोखिम हैं... भारत को गुण-दोष की जांच परख कर ही व्यापार करना चाहिए

चीन के साथ भारत के बढ़ते कुल व्यापार घाटे ने नई दिल्ली के सत्ता के गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। पिछले कुछ वर्षों में चीन वैश्विक आपूर्ति शृंखला के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, जिसके पास औद्योगिक वस्तुओं के व्यापार को नियंत्रित करने की क्षमता है। वैश्विक व्यापार में चीन की प्रमुख भूमिका अप्रभावित प्रतीत होती है। हालांकि कई देश अपने आयात के लिए चीन पर अत्यधिक निर्भरता से सहज नहीं हैं, फिर भी चीन ज्यादातर देशों का प्रमुख व्यापार साझेदार बना हुआ है। भारत भी इसका अपवाद नहीं है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) द्वारा भारत के विदेश व्यापार की नवीनतम छमाही समीक्षा, 2024 विश्व व्यापार में चीन की प्रमुख स्थिति की पुष्टि करती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 की पहली छमाही के दौरान भारत ने चीन को 8.5 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि 50.4 अरब डॉलर का सामान आयात किया, जिसके परिणामस्वरूप 41.9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ। भारत के सबसे बड़े व्यापार घाटे वाले साझेदार के रूप में चीन के उदय ने यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि चीन के साथ व्यापार में असंतुलन अब सिर्फ आर्थिक मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह देश की सुरक्षा और भावी पीढ़ियों की समृद्धि के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। चीन से होने वाले लागत-प्रतिस्पर्धी आयात भारतीय एमएसएमई को नुकसान पहुंचा रहे हैं, क्योंकि आयातित उत्पादों में से कई इन स्थानीय व्यवसायों द्वारा बनाए जाते हैं। भारतीय एमएसएमई सस्ते चीनी उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा न केवल उनकी लाभप्रदता को कम कर रही है, बल्कि उनके अस्तित्व को भी खतरे में डाल रही है, जिससे नौकरियां खत्म हो रही हैं और आर्थिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। महत्वपूर्ण औद्योगिक वस्तुओं और प्राकृतिक संसाधनों के लिए आयात पर भारी निर्भरता रणनीतिक दखल की जरूरत को उजागर करती है। घरेलू निर्माताओं के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने और व्यापार असंतुलन को कुछ हद तक कम करने के लिए भारत ने 2016 से 500 से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है। हालांकि, ये उपाय चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने में अप्रभावी रहे हैं, क्योंकि ऐसे कई कदमों का उद्योग और अन्य सरकारी मंत्रालयों और विभागों ने विरोध भी किया है। हाल ही में, कई सरकारी मंत्रालयों/विभागों ने चीन से आयात पर लक्षित सीमा शुल्क में वृद्धि पर आपत्ति जताई है। उनका तर्क है कि चूंकि चीन से आयात घरेलू उद्योग में उपयोग किया जाता है, इसलिए टैरिफ बढ़ाकर आयात में बाधा डालने से भारतीय विनिर्माण की प्रतिस्पर्धा क्षमता में कमी आएगी। यहां तक कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, जिसका उद्देश्य आयात निर्भरता को कम करना है, में भी चीन की महत्वपूर्ण उपस्थिति होगी, क्योंकि इस योजना के 12 विजेताओं में से 11 के आपूर्ति शृंखला साझेदार और सेवा प्रदाता चीनी हैं। सरकार और उद्योग के बीच वैचारिक मतभेद समस्या का केवल एक पहलू है। कई भारतीय निर्माता, जो लंबे समय से चीन से सस्ते सामान का आयात करते हैं, उच्च टैरिफ का विरोध करते हैं। एक ताकतवर आयात लॉबी है, जो चीनी वस्तुओं पर किसी भी प्रतिबंध का विरोध करती है। जबकि भारतीय उद्योग का एक दूसरा वर्ग टैरिफ बढ़ाने की बात करके संरक्षणवाद की वकालत करता है। इसलिए भारत को बड़े पैमाने पर चीन की तरह विनिर्माण को समन्वित और व्यवस्थित करने की जरूरत है। भारत इस मुद्दे को केवल उद्योग जगत पर छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता। आर्थिक संप्रभुता की रक्षा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए घरेलू उत्पादन को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत ने अन्य देशों की तरह एक ही देश पर निर्भरता के जोखिम को महसूस किया और ज्यादा से ज्यादा मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करके चीन से अलग हो रहा है। भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

कुछ अलग

# खाली पड़े पहाड़ों की पुकार

लेखिका अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं कि एक समय था जब वह और उनका पूरा परिवार हर साल अपने गांव, टिहरी गढ़वाल जाया करती थी। शहर की चकाचौंध से दूर, गांव की सरल जिन्दगी उन्हें बहुत आनंद देती थी। लेकिन अब ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता। गांव में सुविधाओं की कमी, पहाड़ियों को मजबूर कर रही हैं कि वे अपने घरों को छोड़कर शहरों की तरफ जाएं। लेखिका कहती हैं कि उन्होंने खुद उच्च शिक्षा के लिए अपनी मिट्टी छोड़ी। बड़े सपने देखने की ख्वाहिश एक पहाड़ी की नहीं होती, बल्कि कम चीजों में भी गुजारा करना ही एक पहाड़ी की पहचान है। ये बातें वह आज समझती हैं। लेखिका आगे कहती हैं कि उनके राज्य में 80% से ज्यादा लोग ग्रामीण पहाड़ी क्षेत्रों के निवासी हैं। उत्तराखंड बनने के बाद से ही बाह्य-प्रवासन देखने को मिला है। सच्चाई यह है कि 2001 से 2011 के बीच, ग्रामीण जनसंख्या में 7% की कमी आई, जबकि शहरी जनसंख्या लगभग 35% बढ़ गई, जो राज्य की औसत वृद्धि दर का दोगुना है। यह बाह्य-प्रवासन निम्नलिखित कारणों से हो रहा है: बुनियादी सुविधाओं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य केंद्र और नौकरियों की कमी। और एक और कारण उत्तराखंड में होने वाली प्राकृतिक आपदाएं भी हैं, जैसे भूकंप, भूस्खलन, और बादल फटने की घटनाएं। लेखिका आगे कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि सरकार द्वारा कदम नहीं उठाए गए हैं। सरकार ने कई स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोले और कुछ रोजगार की योजनाएं भी लाई, पर पहाड़ी निवासियों की जनसंख्या के अनुसार वे कम थे। प्राथमिक स्कूल खुलने के बाद माध्यमिक स्कूलों का न होना अक्सर गांव के बच्चों को या तो शहरों की ओर, या फिर अपने राज्य से बाहर प्रवास करने के लिए मजबूर करता है। यही स्थिति कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के मामलों में भी देखने को मिलती है। अस्पताल प्राथमिक स्तर के हैं, पर माध्यमिक नहीं हैं। और रोजगार के साधन पर्याप्त मात्रा में उत्तराखंड में नहीं बनाए जा सके हैं। लेखिका इस बात पर गर्व भी करती हैं कि पहाड़ में एक इंसान अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए सुबह से शाम तक सड़कों के किनारे खड़े होकर सामान बेचने से लेकर, ढाबे में चाय तक बनाने का काम करता है। अब हमारे पहाड़ों में अक्सर परिवारों के लोग होटल लाइन में काम करते हुए मिलना एक आम बात है। लेखिका आगे कहती हैं कि यदि पहाड़ों में पढ़ाई की सुविधा बेहतर हो जाए, तो नौकरियों की दर बढ़ जाएगी, पर दूसरी ही सांस में वह यह भी कहती हैं कि क्या उत्तराखंड पढ़े-लिखे लोगों को उनकी पसंद की नौकरी दे पाएगा? पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए कोशिशें होनी चाहिए कि छोटे से छोटे रोजगार के साधनों को बढ़ावा दिया जाए। लोगों के विचारों को सुना जाना चाहिए, और यदि सरकार कर सके, तो हर 3 महीने में ऐसे कार्यक्रम टीवी, एफएम रेडियो, फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से जारी किए जाएं, जहां आम लोगों की बातें सुनी जाएं। स्कूल-कॉलेजों में एक विषय अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, जिसमें उन्हें यह सिखाया जाए कि हम अपने पहाड़ में रोजगार कैसे ला सकते हैं? आज बड़ी संख्या में युवा देहरादून, दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे स्थानों पर पलायन कर रहे हैं और अच्छी नौकरी मिलने के बाद वहीं बस जाते हैं। शहरों में होने वाले रोजमर्रा के खर्चे, किराए के कमरे न जाने कितने युवाओं के परिजनों को 10 गुना मेहनत करके पैसे भेजने के लिए मजबूर करते हैं। लेखिका उत्तराखंड सरकार द्वारा फ्री बस और यात्रा पास की सुविधा की सराहना करती हैं।

देश दुनिया से

# महापुरुषों को राजनीतिक नफे-नुकसान का जरिया न बनाएं

क्षमा पर्व की यह बात हमारी राजनीति के तौर-तरीके के संदर्भ में भी याद रखी जानी चाहिए। हाल ही में महाराष्ट्र के मालवण क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक विशाल मूर्ति के ढह जाने से राज्य की राजनीति में आये तूफान ने विपक्ष को जैसे एक जोरदार मुद्दा दे दिया है। पैंतीस फुट ऊंची इस विशालकाय मूर्ति का आठ-नौ महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री ने अनावरण किया था। महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज एक इतिहास-पुरुष ही नहीं, देवत्व के स्तर का आराध्य माने जाते हैं। उनकी मूर्ति के अनावरण के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के आने के भी राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसलिए, इस बात पर भी आश्चर्य नहीं किया जाना चाहिए कि उस मूर्ति के इस तरह भरभराकर गिर जाने को विपक्ष ने राजनीतिक लाभ उठाने का एक अवसर बना लिया है।

जैन समुदाय का पर्यूषण पर्व चल रहा है। इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक-दूसरे से क्षमा मांगने का भी है –मिच्छामि दुक्कड़म। इन दो शब्दों में जीवन का एक बहुत बड़ा पाठ— जाने-अनजाने में हुई किसी भी भूल या अपराध के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांग कर नये सिरे से रिश्तों को संवारना, उन्हें बनाये रखना— छिपा है। आसान नहीं होता क्षमा मांगना। भीतर के अहं का विसर्जन करना होता है पहले। और क्षमा करना भी कम मुश्किल नहीं होता। लेकिन क्षमा मांग कर और क्षमा करके मानवीय रिश्तों को एक नया विस्तार मिलता है। कुछ क्षण के लिए ही सही, हमारे भीतर का मनुष्य जगता तो है। आवश्यकता इस 'मनुष्य' को जगाये रखने की है। क्षमा पर्व की यह बात हमारी राजनीति के तौर-तरीके के संदर्भ में भी याद रखी जानी चाहिए। हाल ही में महाराष्ट्र के मालवण क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक विशाल मूर्ति के ढह जाने से राज्य की राजनीति में आये तूफान ने विपक्ष को जैसे एक जोरदार मुद्दा दे दिया है। पैंतीस फुट ऊंची इस विशालकाय मूर्ति का आठ-नौ महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री ने अनावरण किया था। महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज एक इतिहास-पुरुष ही नहीं, देवत्व के स्तर का आराध्य माने जाते हैं। उनकी मूर्ति के अनावरण के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के आने के भी राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसलिए, इस बात पर भी आश्चर्य नहीं किया जाना चाहिए कि उस मूर्ति के इस तरह भरभराकर गिर जाने को विपक्ष ने राजनीतिक लाभ उठाने का एक अवसर बना लिया है। महाराष्ट्र की राजनीति को देखते हुए यह घटना कम महत्वपूर्ण नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह समझता है कि यह उसके लिए बचाव का क्षण है। इसलिए सत्तारूढ़ पक्ष के तीनों घटकों ने इस प्रकरण के लिए क्षमा मांगने में देरी नहीं लगायी। इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू स्वयं प्रधानमंत्री का इसके लिए क्षमा मांगना भी है। एक कार्यक्रम के लिए राज्य में आये प्रधानमंत्री ने 'मेरे और मेरे साथियों के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज' से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगना ज़रूरी समझा। शिवाजी महाराज के लिए आदर-भाव होना ही चाहिए, और जिस तरह वह मूर्ति ढही है उसके लिए दोषियों को सज़ा भी मिलनी चाहिए। लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण को राजनीति का एक हथियार बनाया जा रहा है, उससे कुछ सवाल तो उठते ही हैं। उठ भी रहे हैं। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री का क्षमा मांगने का लहजा सवालों के घेरे में है। कहा जा रहा है कि क्षमा के साथ विनय का सीधा रिश्ता है। बिना विनयी हुए क्षमा मांगना एक दिखावे के रूप में ही देखा जाता है। जिस तरह विपक्ष ने इस प्रकरण को राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर बनाया, उसी तरह महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पक्ष भी राजनीतिक नुकसान कम करने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा क्षमा मांगना इस कोशिश का एक हिस्सा माना जा सकता है। सवाल उठता है, क्षमा मांगी किससे जा रही है? राजनीति करने वाले मूर्ति के इस तरह ढहने के लिए शिवाजी महाराज से क्षमा मांग रहे हैं। इस तरह क्षमा मांगने में कुछ ग़लत नहीं है, लेकिन यह अपमान छत्रपति शिवाजी महाराज का नहीं है, अपमान महाराष्ट्र की जनता का हुआ है, जिसके लिए शिवाजी देवता हैं। जनता एक विश्वास के साथ किसी पक्ष को सत्ता सौंपती है, निश्चित रूप से इस मूर्ति की स्थापना में कहीं कुछ खोट रहा है। इस खोट के अपराधियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए। मूर्ति की स्थापना से जुड़ा वह हर पक्ष अपराधी है, जो इस प्रक्रिया से किसी भी रूप से जुड़ा था– फिर चाहे वह राजनीतिक पक्ष हो, राजनेता हो, अधिकारी हो, या शिल्पी। बहरहाल, शिवाजी महाराज जैसी विभूति राजनीतिक नफे-नुकसान का माध्यम नहीं बनायी जानी चाहिए। उनकी मूर्ति का लगाया जाना भी उनमें राज्य की जनता की आस्था का प्रतीक है, और मूर्ति का ढहना भी जनता के संतप्त होने का कारण। इसलिए, क्षमा इस देश की जनता से मांगी जानी चाहिए। अपमान उस विश्वास का हुआ है जो जनता अपने नेताओं, अधिकारियों, शिल्पियों आदि में रखती है। जनतंत्र में सत्ता जनता के हाथ में होती है। जनता ही इस तंत्र को चलाने के लिए कुछ लोगों को चुनती है। इन चुने हुए लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता के विश्वास की रक्षा करेंगे। स्पष्ट है, सिंधुदुर्ग में लगायी गयी इस प्रतिमा के संदर्भ में यह अपेक्षा पूरी नहीं हुई। कोई बड़ी चूक हुई है इस सारे प्रकरण में। क्षमा उस चूक के लिए मांगी जानी चाहिए। प्रकरण से जुड़े हर पक्ष को पूरी विनम्रता के साथ क्षमा मांगनी होगी। सच तो यह है कि बिना विनम्रता के क्षमा मांगने का कोई अर्थ ही नहीं है। विनम्रता का अभाव, दुर्भाग्य से, हमारी राजनीति की एक पहचान बन गया है। हर नेता, जिसके पास किसी भी प्रकार की सत्ता होती है, अपने आप को शासक मान कर बैठा है– जबकि होना उसे जनता का सेवक चाहिए।

आप का नजरिया

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया

हाल मोर (Hal Mohr) सिनेमा के जन्म के आस-पास जन्मा था। उसका जन्म 2 अगस्त 1894 को सेन फ्रांसिस्को के मध्य वर्गीय परिवार में हुआ था। इस विशिष्ट शुरुआती दौर के सिनेमाटोग्राफर ने छः दशक तक मोशन पिक्चर में काम किया और 1912 से उसके काम का लेखा-जोखा प्राप्त होता है। यह जानना रोचक है कि इसने अपना कैमरा खुद बनाया, कैसे बनाया इसकी भी कहानी है। कैमरा तब बनाया जब वह स्कूल में था और उसी समय से स्थानीय रुचिकर चीजों की फोटोग्राफी करने लगा। इतना ही नहीं, वह फोटो खुद डेवलप करता और खुद उन्हें प्रिंट करता। मोर ने अपने खींचे-डेवलप और प्रिंट किए फोटो न्यूयॉर्क हेराल्ड-ट्रिब्यून को भेजे और वे इतने अच्छे माने गए कि हॉलीवुड ने उसे आमंत्रण दिया। इस तरह अपनी लगन, परिश्रम और मेधा से वह हॉलीवुड पहुंच गया। वहां शुरू में उसने फ्रीलान्सिंग की फिर उसे सोल लेसेर कम्पनी की जनरल फिल्म्स ने अपने यहां न्यूजरील शूट करने के लिए रख लिया। 1915 में मोर ने हॉलीवुड में काम प्रारंभ किया, पहले यूनिवर्सल में फिल्म कटर और धीरे-धीरे असिस्टेंट फोटोग्राफार बन गया। प्रथम महायुद्ध के समय उसने अमेरिकन सेना के लिए काम किया। बाद में डॉक्यूमेंट्री बनने लगा। 1921 में वह फोटोग्राफी डॉयरेक्टर के पद पर पहुंचा। इस बीच एक साल पेरिस में यूरोपियन फिल्म मेकिंग तकनीक भी सीखी। उसने पॉल लेनी, माइकेल कर्टिज आदि निर्देशकों के साथ काम किया। बूम तथा डॉली शॉट्स का भी एक तरह से उसने अन्वेषण किया। 'द जाज सिंगर', 'बुलेट्स ओर बैलेट्स', 'द ग्रीन पैस्चर्स', 'कैप्टन ब्लड', 'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम', 'फैंथम ऑफ दि ऑपेरा', 'अनदर पार्ट ऑफ द फोरेस्ट', 'रैंचो नोटोरियस', 'द मैन फ्रॉम द डिनर'स क्लब', 'द लास्ट वोयज' 'द गन अर्नर्स' आदि उसकी फिल्माई कुछ फिल्में हैं। वह अमेरिकन सोसायटी ऑफ सिनेमाटोग्राफर्स का प्रेसीडेंट (1930-31, 1963-65 तथा 1969-70) रहा। लियोनार्ड मल्टिन ने उसका एक बहुत लंबा साक्षात्कार लिया जो 'दि आर्ट ऑफ द सिनेमाटोग्राफरः ए सर्वे एंड इंटरव्यूज विद फाइव मास्टर्स' में संकलित है। 10 मई 1974 को उसकी मृत्यु हुई। उसे 'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम' तथा 'फैंथम ऑफ दि ऑपेरा' केलिए अकादमी पुरस्कार मिला। स्वयं उसके अनुसार सैन फ्रांसिस्को के भूकंप तथा आग लगने के समय वह मात्र 11 साल का था। उन दिनों चलचित्र बहुत विरल होते थे और उस समय तक उसने कोई फिल्म नहीं देखी थी। मगर इस दुर्घटना के बाद सारे शहर में यह नया चलचित्र दिखने लगा। यह होने लगा पहले के स्टोर अथवा बेसमेंट में या फिर जल गई इमारतों में। उसने पहली पिक्चर जहां देखी वहां ट्रेन आने और पार होने वाली फिल्म दिखाई जा रही थी। बस इतना ही था। मगर मोर इसके सम्मोहन की गिरफ्त में आ गया। बस वह यही चाहता था। वह जानना चाहता था कैसे ट्रेन आती है और दर्शकों से गुजर जाती है और कोई मरता नहीं है। उसने हाई स्कूल समाप्त नहीं किया, उसे मूवी थियेटर में आने वाली फिल्म के देखभाल का काम मिल गया।



# तेल-तिलहन के भाव सुधरे जबकि सोयाबीन तिलहन में रही गिरावट

**नई दिल्ली,08 सितंबर (एजेंसियां)।** कच्ची घानी के बड़े खाने के तेल मिलों की मांग बढ़ने तथा बरसात के कारण मंडियों में कम आवक से देश के तेल-तिलहन बाजारों में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन की अगुवाई में मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ जबकि सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने बताया कि बरसात के कारण सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला आदि के फसल आने में अभी देर होगी जिसकी वजह से बाजार में कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की स्थिति बनी हुई है।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे : सरसों तिलहन 6,310-6,350 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,700-6,975 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,385-2,685 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 12,525 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,010-2,110 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,010-2,125 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,625 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 0,225 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,850 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 9,425 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 10,450 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला- 9,850 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,740-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,540-4,675 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,200 रुपये प्रति क्विंटल।

**न्यूज ब्रीफ**

## पिछले सप्ताह पांच पेन्नी स्टॉक्स ने 55 फीसदी तक रिटर्न दिया




**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह उतार चढ़ाव वाला रहा है। शुक्रवार को सेंसेक्स 900 से ज्यादा अंकों की गिरावट के बाद बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। पूरे हफ्ते सेंसेक्स लगभग 1.43 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि इस गिरावट भरे बाजार में कुछ ऐसे पेनी स्टॉक हैं, जिन्होंने कमाल किया है। 9 पेनी स्टॉक्स ने अपने निवेशकों को 10 प्रतिशत से लेकर 55 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जिसका करेंट शेयर प्राइस 20 रुपये से कम है और इनका मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से कम है। डायमंड ज्यूलरी बनाने वाली एक कंपनी ने पिछले हफ्ते बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया है, इसके शेयर प्राइस में 53 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है और यह शुक्रवार यह 10.24 रुपये के भाव पर बंद हुआ। यह कंपनी नोज़ पिन, स्टड, सॉलिटेयर, घड़ियां, बेल्ट, कफ़लिंक, और शर्ट के बटन बनाती है।

## आईआईटी बॉम्बे को अनुसंधान एवं विकास के लिए मिला 700 करोड़ का फंड



**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने 2023-24 में अनुसंधान और विकास के लिए वार्षिक अनुदान के रूप में रिकॉर्ड 700 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं। पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। 2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ रुपये और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे। आरएंडडी फंड सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों से प्राप्त राशि का संयोजन है। निजी एजेंसियों से प्राप्त धन अनुदान राशि का 35 प्रतिशत होता है, जबकि शेष सरकारी एजेंसियों द्वारा दिया जाता है। संस्थान ने कहा कि आईआईटी बॉम्बे ने अपने अनुसंधान एवं विकास को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। संस्थान ने विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के शोधकर्ताओं को शामिल करते हुए जटिल समस्याओं को समग्र तरीके से हल करने के लिए कई बड़े बहु-विषयक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। इसमें कहा गया कि छात्र और संकाय सदस्य विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन, प्रबंधन और मानविकी के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करते हैं। संस्थान ने बताया कि विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, डिजाइन और सामाजिक विज्ञान के सभी क्षेत्रों में हर साल नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू की जाती हैं, जिनमें अल्पकालिक परामर्श और दीर्घकालिक प्रायोजित अनुसंधान दोनों शामिल हैं। परियोजनाओं की अवधि आम तौर पर 2-5 साल तक होती है। आईआईटी बॉम्बे इस अनुदान का उपयोग तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा महाराष्ट्र ड्रोन मिशन जैसी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए करेगा।

# शेयर बाजार को लेकर निवेशकों में बढ़ा रुझान, देश में डीमैट अकाउंट की संख्या 17 करोड़ के पार पहुंची

**नई दिल्ली,08 सितंबर (एजेंसियां)।**

**घरेलू शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी होने का संकेत देश में लगातार बढ़ रहे डीमैट अकाउंट की संख्या से मिलता है। अगस्त महीने में देश में कुल डीमैट अकाउंट की संख्या पहली बार 17 करोड़ के आंकड़े के पार पहुंच गई। अगस्त में देश में 42.30 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। इस तरह देश में अभी तक खोले गए डीमैट अकाउंट की कुल संख्या 17.11 करोड़ हो गई है।**




डिपॉजिटरी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक अगस्त के पहले जुलाई के महीने में 44.44 लाख डीमैट अकाउंट खुले थे। इस तरह मासिक आधार पर नए खुलने वाले डीमैट अकाउंट की संख्या में अगस्त के महीने के दौरान 2.14 लाख की कमी जरूर आई लेकिन सालाना आधार पर इसमें 11.30 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इसके पहले अगस्त 2023 में 31 लाख में डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस साल जून महीने में ही देश में डीमैट अकाउंट की संख्या बढ़ कर 16 करोड़ हो गई थी। इसके दो महीने बाद ही अगस्त के महीने में इस संख्या में एक करोड़ की बढ़ोतरी हो गई। जनवरी 2023 से लेकर अगस्त 2024 के बीच 6.28 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए हैं। इनमें साल 2024 में जनवरी से अगस्त के दौरान कुल 3.18 करोड़ नए डीमैट अकाउंट खोले गए हैं। इसके पहले साल 2023 में जनवरी से दिसंबर तक कुल 3.10 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस तरह इस साल 8 महीने की अवधि में ही नए डीमैट अकाउंट खुलने का आंकड़ा 2023 के आंकड़े से आगे निकल गया है। उल्लेखनीय है कि डीमैट अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से सिक्योरिटी मार्केट में ट्रेडिंग करने के लिए किया जाता है। इस अकाउंट में शेयर के साथ ही म्युचुअल फंड, बॉन्ड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड जैसे सिक्योरिटीज को डिजिटल फॉर्म में रखा जाता है।

## शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ घटा, सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 कीमती कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। इसे कुल जारी शेयर को मौजूदा बाजार भाव पर गुना कर प्राप्त किया जाता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,824.68 करोड़ रुपये घटकर 19,82,282.42 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ रुपये घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,495.84 करोड़ रुपये घटकर 6,98,440.13 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 28,379.54 करोड़ रुपये घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,061.44 करोड़ रुपये घटकर 7,89,819.06 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 16,381.74 करोड़ रुपये घटकर 6,57,009.14 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,169.76 करोड़ रुपये घटकर 8,51,204.65 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 250.11 करोड़ रुपये घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा।। हालांकि हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 14,179.78 करोड़ रुपये बढ़कर 6,66,919.73 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,735.35 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और आईटीसी का स्थान रहा।

**अमेरिका के सामने बैकफुट पर आई चीन सरकार**

# अमेरिका से ट्रेड वॉर कर बुरा फंसा चाइना, बाजार पिटे तो समझौते के लिए गिड़गिड़ाया



**नई दिल्ली,08 सितंबर (एजेंसियां)।**

**पिछले काफी सालों से चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड वॉर को सभी ने देखा है। अमेरिका ने अपने कारोबार दर सुरक्षित रखने के लिए पहले चीन पर एक के बाद एक प्रतिबंध लगाए जवाब में ड्रैगन की तरफ से भी यूएस के बाजारों को बंद करने की कार्रवाई की गई।**

खुद को दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाले चीन के बाजार को इन प्रतिबंधों के चलते नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अब शी जिनपिंग की सरकार अमेरिका के सामने इस समय बैकफुट पर दिखाई दे रही है। जिनपिंग के मंत्री अमेरिकी समकक्ष से मुलाकात के समय यह तक कह गए कि आपको हमारे बड़े बाजारों से डरने की जरूरत नहीं है।

ये आपके लिए एक मौके की तरह हैं। खबर के अनुसार चीन के कॉमर्स मंत्रालय के उप मंत्री वांग शॉवेन ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी समकक्ष मारिसा लागो से चीन के तियानजिन शहर में मुलाकात की। यह बातचीन इस साल दोनों अधिकारियों के बीच दूसरी वार्ता है। चीनी नेता ने इस दौरान कहा हम आपके लिए एक अवसर है, खतरा नहीं। इससे पहले चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिका को चीनी सामान पर सभी टैरिफ हटा लेने चाहिए जो बाइडेन के प्रशासन ने चीन मे बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स जरूरत से ज्यादा बढ़ा दिया था।

चीनी मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों द्वारा उठाए गए नीति और व्यावसायिक मुद्दों पर पेशेवर, तर्कसंगत और व्यावहारिक बातचीत हुई। इसमें कहा गया कि चीन ने उनके देश के सामान पर अमेरिकी टैक्स सहित अन्य मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही कहा कि चीन अत्यधिक क्षमता के बहाने व्यापार और निवेश प्रतिबंधों का विरोध करता है।


# कौशल विकास मंत्रालय ने स्विगी के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली,08 सितंबर (एजेंसियां)।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑनलाइन मंच स्विगी के साथ समझौता करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत स्विगी के खाद्य वितरण और त्वरित वाणिज्य नेटवर्क के तहत कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक पहल शुरू की जाएगी। इस समझौते से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी साझेदार और रेस्तरां साझेदार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस पहल से रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े लोगों को रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। स्विगी स्किल्स पहल के तहत इसके डिलीवरी पार्टनर मंच को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे स्विगी के कर्मचारियों को ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

# बीमा कंपनी को 15 दिनों में जारी करनी होगी पॉलिसी

**नई दिल्ली,08 सितंबर (एजेंसियां)।** इंश्योरेंस रैगुलेटर ईआरडीएआई ने बीमा पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को लेकर एक मास्टर सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में ई-इंश्योरेंस पॉलिसियों, हैल्थ लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों दोनों के क्लेम सेटलमैंट की समयसीमा और कई हैल्थ बीमा पॉलिसियों वाले पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को शामिल किया गया है। बीमा कंपनी को प्रपोजल फॉर्म स्वीकार करने के 15 दिनों के भीतर पॉलिसी जारी करनी होगी। नए नियमों के तहत इंश्योरेंस कंपनी को प्रपोजल फॉर्म के साथ इनीशिजल प्रीमियम जमा करने की अनुमति नहीं है।




30 दिन का फ्री लुक पीरियड एक साल या उससे अधिक की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए, पॉलिसीहोल्डर के पास 30 दिनों की फ्री लुक पीरियड अवधि होगी। यदि पॉलिसीहोल्डर पॉलिसी की शर्तों या नियमों से असंतुष्ट है, तो उसके पास इन 30 दिनों के भीतर पॉलिसी को रद्द करने के लिए कंपनी को वापस करने का विकल्प है। कस्टमर इंफॉर्मेशन शीट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे कंपनी अनिवार्य रूप से अपने ग्राहकों को उनकी बीमा पॉलिसियों के साथ प्रदान करते हैं। यह पॉलिसी की मुख्य विशेषताओं और लाभों के सारांश के रूप में काम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसीधारकों को उनके कवरेज के बारे में अच्छी जानकारी है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष....**

## पीओके निवासी...

उन्होंने कहा कि वह समय दूर नहीं जब पीओके के लोग खुद आगे आएंगे और भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो हम अगले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर को एक आदर्श राज्य बना देंगे।

उन्होंने लोगों से 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक चुनाव होगा क्योंकि पूरा भारत उत्सुकता से इसे देखेगा। श्री सिंह ने कहा, मैं हाल ही में अमेरिका में था और वहां भारतीय लोगों ने मुझसे पूछा कि जम्मू-कश्मीर में चुनावों का क्या होगा, मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार होगी। न केवल भारतीय लोग, बल्कि दुनिया भर के लोग जम्मू-कश्मीर के चुनावों को देख रहे हैं।उन्होंने लोगों से भाजपा को अगले दस वर्षों तक उनकी सेवा करने का मौका देने के लिए भी अपील की। उन्होंने कहा, अगर भाजपा यहां सत्ता में आती है तो आप एक नया जम्मू-कश्मीर देखेंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती का स्पष्ट संदर्भ देते हुए श्री सिंह ने कहा कि कुछ लोग दावा करते थे कि अगर अनुच्छेद 370 को छुआ गया तो पूरा जम्मू-कश्मीर जल जाएगा। उन्होंने कहा, हमने इसे वापस ले लिया लेकिन एक भी गोली नहीं चली।

उन्होंने कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल कायम है। नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह पार्टी अनुच्छेद 370 की बहाली का दावा करती है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, दुनिया की कोई भी ताकत अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि जब हुर्रियत से बात करने के लिए एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल कश्मीर भेजा गया, तो उनके लिए दरवाजे बंद कर दिए गए।उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को आतंकियों के लिए सहानुभूति है।

## ममता की निर्ममता से ...

राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सांसद पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में सूचित करने के लिए पत्र लिखा है और जल्द ही राज्यसभा के सभापति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंपेंगे। पूर्व नौकरशाह ने कहा, मैंने सोचा था कि आप चल रहे आंदोलन में पुरानी ममता शैली में हस्तक्षेप करेंगी, लेकिन मैंने ऐसा नहीं देखा। उन्होंने डॉक्टर की कथित हत्या के बाद के घटनाक्रमों से निपटने के राज्य सरकार के तरीके की आलोचना की। श्री सरकार ने दावा किया कि भ्रष्टाचार के बारे में राज्य सरकार की उदासीनता के कारण उनका मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार उन पर न केवल राज्यसभा बल्कि राजनीति से भी इस्तीफा देने के लिए दबाव डाल रहा है।उनके पत्र में सुश्री बनर्जी को संबोधित करते हुए कहा गया है, आरजी कर अस्पताल में हुई भयानक घटना के बाद से मैं एक महीने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करता रहा और आपसे पुराने ममता बनर्जी के तरीके से आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ सीधे हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहा था। ऐसा नहीं हुआ और सरकार अब जो भी दंडात्मक कदम उठा रही है, वह बहुत कम और काफी देर से उठाया गया है। जवाहर सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की लगातार अनदेखी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं 2022 में पार्टी जॉइन करने के एक साल बाद पूर्व शिक्षा मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के खुले सबूत देखकर काफी हैरान था। मैंने कह दिया था कि भ्रष्टाचार से पार्टी और सरकार को निपटना चाहिए, लेकिन पार्टी में सीनियर नेताओं ने मेरे साथ गलत व्यवहार किया। मैंने तब इस्तीफा नहीं दिया, क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि आप कमीश-नखोरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेंगी, लेकिन मेरा मोहभंग बढ़ता गया, क्योंकि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों को लेकर काफी लापरवाह रही। उन्होंने कहा मुझे यह देखकर आश्चर्य होता है कि कई पंचायत और नगरपालिका स्तर के नेताओं ने बड़ी संपत्ति अर्जित कर ली है। वे महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। इससे न केवल मुझे, बल्कि पश्चिम बंगाल के लोगों को भी काफी दुख होता है। जवाहर सरकार एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। वे एक पब्लिक इंटेलेक्चुअल, स्पीकर और लेखक के तौर पर जाने जाते हैं।

## करीबियों को ठेके...

घोष के सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी अस्पताल की कैंटीन चलाती थी। पूर्व प्रिंसिपल पर अपनी पसंद के डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए मेडिकल हाउस स्टाफ की भर्ती में भी गड़बड़ी करने का आरोप है।सीबीआई ने 02 सितंबर को संदीप घोष, उसके गार्ड अफसर अली और दो दवा वेंडर्स बिप्लव सिंघा, सुमन हाजरा को गिरफ्तार किया था। घोष ने 09 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के बाद 12 अगस्त को पद से इस्तीफा दे दिया था। वह फरवरी 2021 से मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल था। संदीप घोष ने मेडिकल हाउस स्टाफ की नियुक्ति के लिए एक इंटरव्यू सिस्टम शुरू किया। हालांकि अस्पताल में इंटरव्यू लेने वालों का कोई पैनल नहीं था। नियुक्ति से पहले इंटरव्यू के फाइनल मार्क्स जारी किए जाते थे। घोष पर कई योग्य ट्रेनी डॉक्टरों को नियुक्त नहीं करने का भी आरोप है। संदीप घोष 2016 से 2018 के बीच मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में पोस्टेड था। वह तब से बिप्लव और सुमन को जानता था। घोष अपने सिक्योरिटी गार्ड, बिप्लव और सुमन के साथ भ्रष्टाचार का नेटवर्क चलाता था।घोष ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल बनने के बाद बिप्लव और सुमन को कोलकाता बुला लिया। उसने दोनों वेंडर्स को अस्पताल के कई टेंडर दिलवाए। घोष का गार्ड अस्पताल के बायोमेडिकल कचरे को बेचने के लिए भी वेंडर्स से कॉन्ट्रैक्ट करता था। बिप्लब मां तारा ट्रेडर्स, बाबा लोकनाथ, तियाशा एंटरप्राइजेज समेत कई कंपनियां चलाता था। वह इन सभी कंपनियों के नाम पर अस्पताल में टेंडर्स के लिए अप्लाई करता था।

## भारत-जीसीसी विदेश...

परिषद का मुख्य मुख्यालय सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थित है। विदेश मंत्री द्विपक्षीय यात्राओं के लिए रियाद से जर्मनी और स्विट्जरलैंड के रवाना होंगे।

## मणिपुर में रॉकेट हमलों...

मणिपुर में पिछले साल मई से जारी हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। शुक्रवार रात को बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में रात के समय ड्रोन्स देखे जाने के बाद लोग दहशत में आ गए। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल पूर्व के पुखाओ, दोलाईथाबी, शांतिपुर इलाकों में ड्रोन्स उड़ते देखे गए।

## तमिलनाडु में 2026 ...

उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रॉयस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इंपोर्ट करवाई है।

## भाजपा ने उम्मीदवारों ...

भाजपा की इस सूची में पांच मुस्लिम उम्मीदवार हैं। पार्टी ने करनाह से इदरीस करनाही, हंदवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन और गुरेज (अजजा) से फकीर मोहम्मद खान को मैदान में उतारा है।

जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा उम्मीदवारों की सूची में करनाह से इदरीस करनाही, हंदवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन, गुरेज (अजजा) से फकीर मोहम्मद खान, उधमपुर पूर्व से आरआर पठानिया, कठुआ से डॉ. भारत भूषण, बिश्नाह (अजा) से राजीव भगत, बाहु से विक्रम रंधवा, मढ़ (अजा) से सुरिंदर भगत शामिल हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 09 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# एनएमडीसी में कार्मिकों के बच्चों के लिए हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद में 01 से 30 सितंबर तक मनाए जा रहे राजभाषा माह समारोह, 2024 के अंतर्गत आज रविवार को एनएमडीसी कार्मिकों के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कक्षा एलकेजी से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता, कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता तथा कक्षा नवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में रूद्र नाथ मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने प्रतियोगिता की निर्णायक के रूप में उपस्थित श्रीमती बेला, उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद एवं डॉ. अर्चना झा, विभागाध्यक्ष, हिन्दी, सेंट-एन्स, कॉलेज फॉर वूमेन, हैदराबाद तथा प्रतिभागी बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया तथा राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन के लिए अवकाश के दिन उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतियोगिता की रूपरेखा के विषय में जानकारी दी। तत्पश्चात निर्णायकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता सम्पन्न होने के पश्चात निर्णायकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि एनएमडीसी द्वारा राजभाषा हिंदी प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं और इसी क्रम में बच्चों को के लिए हिंदी से संबंधित ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों के मन में भी राजभाषा हिंदी और देश के प्रति राष्ट्रीय भावना का विकास होता है। इसके पश्चात उन्होंने कविता एवं वाक् प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर निर्णायकों ने सभी बच्चों को प्रतिभागी पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रतियोगिता का समन्वयन डॉ. रजिन्दर कौर, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में राजेश कुमार गोंड, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), देबाशीष घोष, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), एस.के. सनोडिया, उप प्रबंधक (सचि.) एवं सुश्री फौजिया, अप्रेंटिस प्रशिक्षु का सक्रिय सहयोग रहा।






अग्रवाल समाज घांसी बाजार झूला शाखा द्वारा आर नमकराम के घर सिटी कॉलेज हाई कोर्ट रोड पर अमावस्या के उपलक्ष्य में अन्नदान किया गया। जिसमें इडली, वड़ा, मैसूरबाजी का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनिल घरसुवाला, सज्जन अग्रवाल, मनोज गौशालावाला, मनोज मित्तल, कमल अग्रवाल, शर्मिला अग्रवाल, यश अग्रवाल, पूजा सांघी, हरि नारायण, दिनेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# केबीआर पार्क में मनाई गई गणेश चतुर्थी



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शहर के प्रसिद्ध केबीआर पार्क में स्थित गणेश मंदिर में भव्य रूप से गणेश चतुर्थी मनाई गई। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी केबीआर गणेश भक्तों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दी तत्पश्चात कमल के फूलों से गणेश जी का श्रृंगार किया गया एवं पोषाक पहनाकर आशीर्वाद लिया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर सभी भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। गणेश चतुर्थी पर मुख्य यजमानों में राधेश्याम जी, विट्ठलदास अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, महेश कुमार डाकोतिया, राजेंद्र कुमार अवाल, कैलाश कुमार डंडू, सुभाष अग्रवाल, राजीव गुप्ता, मंसाराम अग्रवाल, प्रमोद सरायवाल, दीपक सरायवाल, अशोक अग्रवाल सरायवाला, विनोद टिकमणी, मोहनलाल मित्तल, गोपाल बल्दवा, माया अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल थे।

# अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक रविवार को सिकंदराबाद पान बाजार ऑफिस में आयोजित की गई। सभी अग्रवाल बंधुओं ने अपने अपने पुत्र-पुत्री के बायोडाटा आदान-प्रदान किए और उस सिलसिले पर चर्चा की। बैठक में दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज कुमार संघी, सत्यनारायण मोदी, संतोष देवी बंसल, राजेंद्र, मनोज पचैरिया, कैलाश पचेरीया, सत्यनारायण अग्रवाल, विजय मित्तल, कपिल अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता, महेश अग्रवाल, अरविंद गोयल, मीना अग्रवाल, रितुल अग्रवाल, अनूप शाह, शिखा शाह, संजय, योगेश, रमेश, शिवराज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# जन सेवा संघ केंद्रीय समिति की बैठक में छठ पूजा के आयोजन पर हुई चर्चा



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जन सेवा संघ केंद्रीय समिति की बैठक खैरताबाद स्थित केंद्रीय कार्यालय में संघ के महासचिव राजीव चौबे की अध्यक्षता में आयोजन किया गया और सभी उपस्थित सदस्यों से हरवर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा के भव्य आयोजन के लिए अपने-अपने सुझाव देने का आग्रह किया गया। संघ के अध्यक्ष आर पी सिंह ने बताया कि सभी छठ पूजा घाटों के बैनर की जिम्मेदारी घाट प्रभारीयों को दी जाए जो की जन सेवा संघ के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बनाएंगे। संघ के उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने बताया की नेकलेस रोड छठ पूजा घाट की जिम्मेदारी अनुभवी सदस्य को दिया जाए और सभी केंद्रीय समिति, संचालन समिति के सदस्यों उनकी मदद करेंगे तथा दानदाताओं की सूची सभी छठ पूजा घाट प्रभारी को बनाने के लिए कहा। सभी छठ पूजा की व्यवस्था को केंद्रीय समिति निगरानी करेगी। संघ के कोषाध्यक्ष बिनीत सिंह ने बताया कि छठ पूजा घाट के मंच पर छठ पूजा समिति से संबंधित सदस्य की देख रेख में और छठ पूजा से संबंधित गानों को चलाया जाएगा। संघ के कार्यालय प्रभारी और वरिष्ठ सदस्य सीताराम ठाकुर ने बताया कि नेकलेस रोड छठ पूजा घाट पर दो प्रवेश द्वार बनाए जाएं और घाट को और बड़ा बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों का प्रवेश सुचारू रूप से हो सके। संघ के वरिष्ठ सदस्य एस पी सिंह ने बताया कि नेकलेस रोड छठ पूजा घाट पर जन सेवा संघ के प्रोटोकॉल के तहत पूजा को पूर्ण सफल बनाया जाए।

इस अवसर पर जन सेवा संघ के अध्यक्ष आर पी सिंह, उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, महासचिव राजीव चौबे, कोषाध्यक्ष बिनीत सिंह, कार्यालय प्रभारी सीताराम ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य एस पी सिंह, जवाहर नगर क्षेत्रिय अध्यक्ष श्रीनिवास यादव आदि उपस्थित हुए।

# अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की 45वीं बैठक समाज कार्यालय राघव रत्ना टॉवर में आयोजित की गई। एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति रविवार कमेटी की बैठक 11 बजे से 1 बजे तक होती है जिसमे अभिभावक गण अपने बालक एवं बालिकाओं के बायोडेटा जमा कर उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान ले सकते हैं। कमेटी द्वारा व्हाट्सप में एक ग्रुप एएमडीसी ऑनली बायोडाटा का बना हुआ है जिसमे उन सभी लड़कियों के जिनके बायोडेटा समाज में उपलब्ध हैं केवल उन्हीं के अभिभावक गण उस ग्रुप के सदस्य हैं तथा सभी बालकों के बायोडेटा फोटो सहित ग्रुप में उपलब्ध है। लड़कियों के अभिभावक गण उस ग्रुप में देखकर अपनी लड़की के लिए उचित लड़का ढूँढ सकते हैं। पहली बार यह ग्रुप बनाया गया है जो काफ़ी उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अग्रवाल समाज कार्यालय में कमेटी के सदस्य बुधवार 11 सितंबर तथा गुरुवार 12 सितंबर को मध्याह्न 2 बजे से 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे। केवल लड़कियों के अभिभावकों से आग्रह है वे अपनी लड़कियों हेतु लड़कों के बायोडेटा जो समाज में उपलब्ध है उसका संज्ञान लेकर आगे की कार्यवाही कर सकते हैं। सभी अग्रबंधुओं से आग्रह है अपने अपने विवाह योग्य बालक बालिकाओं के बायोडेटा समाज में जमा करवायें। व्हाट्सप ग्रुप के बारे में जानकारी कमेटी के किसी भी सदस्य से ली जा सकती है। कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल के घर पर भी बायोडेटा जमा करके उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान लिया जा सकता है । रोज़ाना 12 बजे से 5 बजे तक अपने निवास बंजारा हिल्स पर वे उपलब्ध है । उनसे फ़ोन नंबर 9396222880 पर बात कर समय लेकर संपर्क किया जा सकता है ।

कमेटी में उपलब्ध बायोडेटा में समाज के इस सत्र अर्थात् 11 महीने में 133 रिश्ते नक्की हुए हैं। बैठक में अग्रवाल समाज के निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, मैरेज डेटा कमिटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्वेनर रमेश तुल्सीयान, वाइस चेयरमैन दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, सुनील कुमार मित्तल, समाज के आक्यूपंचर के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेखा एवं बालक-बालिकाओं के अभिभावक गण उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज जॉब मेला कोर कमेटी की हुई बैठक



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आगामी, 22 सितंबर को क्लासिक गार्डन, सिकंदराबाद में आयोजित किया जा रहा जॉब मेला कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए रविवार, 08 सितंबर, को सिकंदराबाद स्थित अग्रवाल समाज बैंकेट हॉल में अग्रवाल समाज जॉब कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त बैठक में कार्यक्रम को संयोजित रूप से अमली जामा पहनाने के लिए योजना तैयार की गई । बैठक में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरशोतम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, समिति के चेयरमैन प्रेम अग्रवाल, वाईस चेयरमैन आशुतोष अग्रवाल, ललित अग्रवाल, राकेश जालान, संजय पसारी के साथ-साथ शाहअलीबंडा युवा शाखा और सनतनगर युवा शाखा के सदस्यों ने भाग लिया ।

समिति चेयरमैन प्रेम अग्रवाल ने बैठक में बताया कि रोज़गार आवेदन करने की अंतिम तिथि गुरुवार दि.12 सितंबर, 2024 तय की गई है और पहले आओ पहले पाओ और योग्यता के आधार पर रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा एवं रोज़गार देने का अंतिम निर्णय कंपनी का रहेगा।

अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के इच्छुक बंधुओं एवं अग्रवाल समाज की सभी शाखाओं से आग्रह किया कि उनके क्षेत्र में रोज़गार के इच्छुक बंधुओं से आवेदन यथाशीघ्र भरवायें। उन्होंने कहा कि इस तरह का जॉब मेला कर अग्रवाल समाज तेलंगाना एक नई परंपरा की शुरुआत कर रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के समाज के हितकारी कार्य करने का हम प्रयत्न करते रहेंगे।

## स्पोर्ट्स कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार

उधर, एक अन्य बैठक में अग्रवाल समाज स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा 15 सितंबर, 2024 को होने वाले स्पोर्ट्स कार्यक्रम की रूप रेखा भी तैयार की गई। उक्त बैठक में समाज के पदाधिकारियों के साथ-साथ मानसरोवर शाखा के सदस्य उपस्थित थे, जिनकी देख-रेख में उक्त खेल कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। बैठक में अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अग्रबंधुओं से आग्रह किया कि उक्त प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा एक और विवाह सम्पन्न

अग्रवाल समाज कन्यादान समिति की चेयरमैन ऋतु अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा कन्यादान योजना के अंतर्गत एक और विवाह सम्पन्न कराया गया । इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण विवाह में होने वाला व्यय अग्रवाल समाज द्वारा वहन किया जाता है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में आर्थिक रूप से कमजोर एवं विवाह करने में असमर्थ बंधुओं की सहायता करना और एक निश्चित राशि में विवाह संपन्न कराना है । इस योजना के माध्यम से यह संदेश देने का भी प्रयास किया जा रहा है कि कम से कम राशि में भी विवाह संपन्न किया जा सकता है। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा इससे पूर्व फ़रवरी माह में भी एक विवाह सम्पन्न कराया गया । उक्त विवाह में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों के अतिरिक्त कन्यादान समिति के सदस्य प्रीति अग्रवाल, आरती अग्रवाल, किरण अग्रवाल, प्रियंका डोकनिया ने भाग लिया।



आराम घर चौरस्ता स्थित राजेंद्र नगर ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में गणपति नवरात्रि के उपलक्ष्य में विशेष पूजा अर्चना करते हुए राजेंद्र नगर के सर्किल इंस्पेक्टर किरण कुमार व पंडित गणेश जोशी महाराज।

1200 सूत्र वांचन एवं तपस्वी पारणा का आयोजन

# काचीगुडा पटेल घनश्याम भवन में श्री पर्युषण महापर्व आराधना सम्पन्न





**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

काचीगुडा स्थित पटेल घनश्याम भवन में रविवार को श्री काचीगुडा जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ के तत्वावधान मे भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व अंतर्गत 1200 सूत्र वांचन एवं तपस्वी पारणा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

आज यहां जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में संघ के अध्यक्ष प्रवीण वोरा एवं मंत्री विकास शाह ने बताया कि भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व शनिवार 31 अगस्त से शनिवार 7 सितम्बर 2024 तक प.पू. युग प्रधान आचार्य सम पन्यास श्री चंद्रशेरविजयजी म.सा. के शिष्य रत्न मुनि श्री गुणहंसविजयजी म.सा. के शिष्य मुनिश्री भुवनभूषण विजयजी म.सा. आदि ठाणा 3 की पावन निश्रा मे भव्यता के साथ बडी संख्या मे श्रावक-श्राविकायें की उपस्थिती

मे सम्पन्न हुआ। उपाध्यक्ष उपेन्द्र भूरट ने बताया कि 7 सितम्बर को भाइयों भाईयो एवं बहनो का संवतसरी प्रतिक्रमण मध्यान्ह 3 बजे से वहीं रविवार 8 सितम्बर को सामुहिक पारणा एवं सकलसंघ नवकारशी का आयोजन मुक्ताबेन कुबेरदासजी शाह परिवार की ओर से घनश्याम पटेल भवन, काचीगुडा हैदराबाद मे सम्पन्न हुआ। काचीगुडा जैन संघ मे 11 उपवास-1, 9 उपवास-2, 8 उपवास-9 तथा 26 लोगो ने तेला का तप निर्विघ्न पूर्ण किया। सभी तपस्वीयो का संघ की ओर से बहुमान किया गया। उपेन्द्र भूरट ने कहा कि मुनिश्री भुवनभूषण विजयजी म.सा. की निश्रा में 15 वर्ष से 30 वर्ष के युवाओ के लिए जिनशासन के प्रति जागृति हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बडे संख्या में युवाओ ने भाग लिया।

सभी को जिनशासन के प्रति जागृत होकर जिनशासन रक्षा हेतु आह्वान किया गया। कार्यक्रम मे चंद्रकांत नागरदास शाह, सुभाष खंडोर, भरत शाह, अभय शाह, करणराज जैन, पंकज वाणीगोता, दिलीप ओस्तवाल, ललित धोका, भरत रामाणी, कुलदीप वेद मेहता, जयेश खरगांधी, परेश शाह, जीगर बाबरिया, गुजराती समाज के घनश्याम पटेल, दिनेश गोसर, गोपाल भंडारी, अचल-गच्छ जैन संघ के रिद्धीश जागीरदार आदि उपस्थित थे।

श्री काचीगुडा जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ हैदराबाद के समस्त पदाधीकारीयों ने नगरद्वय के सभी धर्म प्रेमीयो से आग्रह किया है कि संघ के द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी आगामी कार्यक्रमो, धार्मीक अनुष्ठानों में भी पूर्ण भक्ति-श्रद्धा के साथ सम्मिलित होकर परमात्मा शासन का लाभ प्राप्त करे एवं शोभा बढ़ाने की विनती की गई।

# परिवार के साथ गोशाला में बिताएं अपना एक दिन : महेश अग्रवाल



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण एवं लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद जुबिली हिल्स शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सीताराम बाग स्थित श्री सीताराम महाराज संस्थान द्वारा संचालित श्री सीताराम बाग मंदिर गोशाला में सूखा चारा का वितरण किया गया। सीताराम बाग मंदिर की स्थापना 1887 में हुई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बद्रीविशाल बंसल एवं दक्षिण भारतीय अग्रवाल समाज के गोसेवा समिति संयोजक महेश अग्रवाल उपस्थित थे। लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण द्वारा विगत एक वर्ष से प्रतिमाह एक गोशाला को नि:शुल्क चारा प्रदान किया जा रहा है। महेश अग्रवाल ने सभी सामाजिक संस्थाओ से आग्रह किया है की वे भी आगे आकर एक-एक गोशाला को दत्तक लें और गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करे।

कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण की अध्यक्ष निर्मला संघी, नंदिनी अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अवदेश नारायण संघी, अनुषा संघी, राजेंदर खेतान, विनीता, पद्मावती, ऐशानि बंसल, श्रीदेवी, प्रेमचंद मुणोत, मंजुला मुणोत, शारदा सुरपनेनी, इंदिरा अल्लुरी, गोशाला प्रबंधक श्रीवत्स गनेरीवाल आदि भी उपस्थित थे।



श्री गुजराती सेवा मंडल सिकंदराबाद स्कूल में गणेश पूजा करते अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मंत्री जनकभ ब्रह्मभट्ट व कमेटी के अन्य सदस्य।



अत्तापुर के रामबाग स्थित शिवा एसोसिएसन द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना करते हुए राजेंद्र नगर प्रेस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बालू सुब्रमण्यम, पवन भारती, शिव कुमार, जयपाल रेड्डी, श्रीकांत, महेश कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य मित्रगण।

# पर्युषण महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न





**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिकंदराबाद डी.वी. कोलोनी स्थित श्री स्थानकवासी जैन संघ संचालित मातुश्री दयाकुंवर बापालाल दोमडिया उपाश्रय मे भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व की आराधना पू. साध्वीश्री भाविताजी महासती आदि ठाणा 3 की शुभनिश्रा मे पर्युषण महापर्व अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुए।

आज यहां जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ती मे संघ के ट्रस्टी हेमांशु राय पारेख ने बताया कि अजरामर संप्रदाय के ग. आचार्य प.पू. श्री भावचंद्रजी स्वामी तथा पू. गुरूणी रश्मिनाजी म.सा. की शिष्या साध्वी भाविताजी, साध्वीश्री नमनजी, साध्वीश्री विहांशाजी आदि ठाणा 3 की चातुर्मास शुभनिश्रा मे पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व उत्साह के सम्पन्न हुआ। कमलेश शाह ने कहा कि श्रीसंघ मे पर्युषण के 7 दिन परेशभाई रताणी परिवार, अनिलभाई महेता परिवार की ओर से एकासना रखा गया था। आगामी रविवार 22 सितम्बर को हरियाणा भवन, पेरेडाईस, सिकंदराबाद मे स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया है श्रीसंघ के पधारने का निवेदन किया गया है। श्रीसंघ स्वामिवात्सल्य का लाभ हंसराजभाई अमरशीभाई महेता हस्ते चंद्रकांतभाई, अनिलभाई, मुकेशभाई, अपूर्वाभाई तथा समस्त महेता परिवार की ओर से रहेगा। इस अवसर पर हेमांशु राय पारेख, सुबोध बेंकर, कमलेश शाह, सुरेश शाह, अपूर्वा महेता, मनीष मोदी, प्रकाश वोरा आदि उपस्थित थे।

# बिहार सहयोग समिति ने धूमधाम से किया गणेश पूजन



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार सहयोग समिति तेलंगाना द्वारा गणेश पूजा का आयोजन दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मल्काजगिरी में किया गया। इस मौके पर समिति वरिष्ठ पदाधिकारियों राजेश्वर भगत एवं शम्भू नाथ भगत द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, उपाध्यक्ष अध्यक्ष बिवेश झा, महासचिव सागर भगत, सह सचिव सुनील भगत, प्रोग्राम इंचार्ज मनोज भगत, कोषाध्यक्ष लल्लन मिश्रा, दिपक गुप्ता, पंकज यादव, आंनद गुप्ता, गोपाल भगत, रंजीत कुमार, सुरज यादव, बिपिन यादव, रामनिवास भगत, सुनील ठाकुर, बुनी भगत, मनीष यादव, साहिल, आकाश, कार्तिक, मीडिया इंचार्ज गुलशन कुमार एवं भारी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति हशमतगंज द्वारा भाग्य नगर के राजा में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वार गणेश जी की पूजा की गई। साथ में भाजपा नेता गोविंद राठी, श्रीनिवास लोया, सुमित राठी, घन श्याम तोषनीवाल, नवल डंगारा एवं समिति के अन्य सदस्यों ने साध्वी जी का आशीर्वाद लिया।



चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में सुश्री शशिकला, रूबी मिश्रा का स्वागत करते हुए सपना गुप्ता। साथ में हैं अरूणा, ज्योति, रचना गुप्ता, प्राची, के. उषा।



निम्बोली अड्डा स्थित राधेश्याम चाण्डक के निवास पर भगवान गणेजी की पूजा-अर्चना करते हुए रिधान, प्रिशा, आरणा एवं अथर्व चाण्डक।



गणेश चतुर्थी के अवसर पर शिव शक्ति भजन मंडल, खोवाबेला के गायक रमेश कुलकर्णी, स्वाति, श्रीपाद, किशोर, रमेश अग्रवाल, महेश महाराज, प्रसिद्ध तबलावादक जूला श्रीधर और अन्य ने रविवार को रामकोट गणेश मंदिर में भजन कार्यक्रम किया।



राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर 70 फुट ऊंची खैरताबाद भगवान गणेश की प्रतिमा की विशेष पूजा की। पूजा के साथ ही राज्यपाल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर खैरताबाद गणेश उत्सव का उद्घाटन किया।

# नव भारत संगम ने की भगवान गणेश की पूजा-अर्चना



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नव भारत संगम द्वारा शनिवार को स्थापित भगवान शिव के रूप में भगवान गणेश की पूजा की गई। बी शिव कुमार के परिवार के सदस्यों ने मंडपम में भगवान गणेश के दर्शन किए और 25 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इस अवसर पर नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने बी शिव कुमार शॉल एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नव भारत संगम के उपाध्यक्ष जी. विनय कुमार, महासचिव वाई. जसवन्त कुमार, कोषाध्यक्ष एम. महेश बाबू, एसोसिएशन प्रतिनिधि डी. संतोष कुमार, एम. सुरेंद्र, बी. शिवकुमार, ए गौतम, ए नरेश, एस अर्जुन, सी नरसिंग राव, डी धनराज और अन्य बुजुर्ग मौजूद रहे।



पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, डीसीपी साउथ जोन स्नेहा मेहरा, विहिप के श्याम जी, राम राजू जी, भगवंत राव जी और गोविंद राठी ने श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर चारमीनार में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को सामूहिक आरती की।



सुल्तान बाजार स्थित गोयल फार्मा एंड गोयल ड्रग्स के प्रधान कार्यालय में विघ्न विनाशक भगवान गणपति का गणेश चतुर्थी पर पूजन करते हुए रामप्रकाश अग्रवाल, कुंशी अग्रवाल, लेहक अग्रवाल एवं सदस्यगण।

# रामकोट स्थित कच्छी भवन में पर्युषण महापर्व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री अचलगच्छ जैन संघ के तत्वावधान में आयोजित भव्यातिभव्य पर्युषण महापर्व की आराधना पू. साध्वीश्री कल्परसाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 की शुभनिश्रा मे हर्षोल्लास के साथ रामकोट स्थित कच्छी भवन मे सम्पन्न हुआ।

आज यहां जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ती में संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पोपटलाल छेडा ने बताया कि सरल स्वभावी प. पू. साध्वीश्री कल्परसाश्रीजी म.सा., साध्वीश्री हितदर्शाश्रीजी म.सा., साध्वीश्री योगद्रष्टिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 की चातुर्मास शुभनिश्रा मे पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व भव्यता एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। ट्रस्टी अनिश छेडा ने कहा कि इसके अंतर्गत रविवार को प्रातः 7.30 बजे से तपस्वीओ का पारणा एवं सकल श्रीसंघ नवकारशी मातृश्री प्रभावेन चीमनलाल गाला छसरा हः जयश्रीवेन भावेश गाला परिवार की ओर से कराया गया। वही प्रातः 9.30 बजे श्री अक्षयनिधि तप कुंभ तथा वरघोडा विभिन्न मार्गो से होते हुए लाभार्थी कु. मायरा कुणाल हरिया परिवार के वरकतपुरा स्थित निवास स्थान पर पहुंचा।संपूर्ण पर्युषण महापर्व मे भक्ती की रमझट सारेगामापा भक्ति ग्रुप के संगीतकार योगेश गोसर एवं टीम जमाई। इस अवसर पर रमणीक नागडा, पोपटलाल छेडा, हेमांग मोमाया, अनिश छेडा, जयेश नागडा, विपुल गाला, प्रदिप नागडा, रिद्धीश जागीरदार, कुणाल हरिया, नीतिन हरिया, जीतेन्द्र गडा, प्रवीण गाला, मेहुल छेडा आदि उपस्थित थे।

# ऋषि परंपरा की वजह से ही भारत विश्व गुरु की श्रेणी में: धनखड़

**ऋषि परंपरा के बल पर ही भारत आज जल, थल, नभ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है**

**किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं है, हथियार से युद्ध नहीं जीता जा सकता**

**चित्रकूट, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि ऋषि परंपरा की वजह से ही आज भारत विश्व गुरु की श्रेणी में खड़ा हुआ है। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट स्थित जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि भारत ऋषि परंपरा का देश है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि कभी हथियार से युद्ध नहीं जीता जा सकता। हमारा देश ऋषि परंपरा की वजह से ही आज विश्व गुरु की श्रेणी में खड़ा हुआ है। उन्होने कहा कि



आज विपक्षी लोग अपने राजनैतिक स्वार्थ के चलते भारत की ऋषि परंपरा को नजरअंदाज कर रहे हैं जो किसी मायने में उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। ऋषि परंपरा के बल पर ही भारत जल, थल, नभ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारे देश की परंपरा वसुधैव कुटुंबकम् की रही है। समस्याओं के समाधान के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषि परंपरा को मानकर चल रहे हैं। कहते हैं कि किसी भी समस्या का समाधान युद्ध ही नहीं है। आज भी चारों तरफ नजर दौड़ाएं तो ऋषि परंपरा का सम्मान हमारे देश में ही है। सांस्कृतिक विरासत का धनी देश भारत हमेशा अतुलनीय रहा है। ऋषि परंपरा के मूल सिद्धांतों को अपनाकर चलना आज की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा की यह संगोष्ठी निश्चित रूप से हम सबको एक नई दिशा देने वाली साबित होगी। क्योंकि यह संगोष्ठी एक महान ऋषि पद्मविभूषण से सम्मानित जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की उपस्थिति में आयोजित हो रही है। उन्होने कहा कि वह जगदगुरु रामभद्राचार्य को दिल्ली आकर नवनिर्मित उप राष्ट्रपति भवन पर एक दिवसीय प्रवास करने का आमंत्रण देने सपत्नीक चित्रकूट आए हैं, क्योंकि जब कोई अपने यहां किसी मनीषी संत को बुलाता है तो सपत्नीक आना होता है, उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए आज यहां आए हैं।

जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें बड़ा भाई मानती हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके मित्र हैं और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके भाई हैं। कार्यक्रम में जगदगुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, नरेंद्र कश्यप और अनिल राजभर, कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गोपाल मिश्र ने किया।

## तमिलनाडु:सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**रामनाथपुरम, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** तमिलनाडु में मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर रविवार तड़के एक कार सड़क किनारे खड़ी राज्य परिवहन निगम (टीएनएसटीसी) बस से टकरा गयी जिससे सवार एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना तब हुयी जब कार यहां मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर उचिपुली के पास पीरप्पनवलसाई गांव में एक कार टीएनएसटीसी बस से टकरा गयी। पुलिस ने कहा कि घटना में पीड़ित की पहचान सेंथिल मनोहरन (70), उनकी पत्नी अंगला ईश्वरी (60), उनके दामाद राजेश (33) और उनकी बेटी पंडी सेल्वी (28), और उनकी नातिन दर्शिला रानी (8), प्रणविका (4) और एक नवजात शिशु रामनाथपुरम के रूप में हुई है। परिवार के सभी सदस्य के एक निजी अस्पताल में बच्चे की बीमारी का इलाज करने के बाद किराए की कार से रामेश्वरम के थंगाचिमादम गांव लौट रहे थे।

पुलिस ने कहा, सेंथिल मनोहरन, अंगला ईश्वरी (58), राजेश (33), दर्शिला रानी और प्रणविका की मौके पर ही मौत हो गई, गंभीर रूप से घायल पांडी सेल्वी, बच्चे और ड्राइवर ब्रिटो (34) को क्षतिग्रस्त कार से बचाया गया और रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## तीन दिवसीय हाईलाइफ ज्वेल्स आभूषण प्रदर्शनी 14 से





**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शादी और उत्सव के सीज़न को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीयहाईलाइफ ज्वेल्स आभूषण प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 14 सितंबर, 2024 से हाईटेक सिटी स्थित एचआईसीसी नोवोटेल में किया जाएगा।

रविवार को यहाँ बंजारा हिल्स में कर्टन रेजर का आयोजन किया गया, जिसमें हाईलाइफ ज्वेल्स आभूषण प्रदर्शनी की प्रचार सामग्री का लोकार्पण करते हुए तिथियों की घोषणा की गयी।

इस कार्यक्रम में अभिनेत्री श्रावंती चोकारोपु, अभिनेत्री नायनी पवानी, प्रियंका चौधरी के साथ शहर की प्रमुख मॉडल और अन्य उपस्थित थे। प्रदर्शनी संयोजक के अनुसार, यह हैदराबाद में अपनी तरह की सबसे बड़ी आभूषण प्रदर्शनी है, जहां देशभर के 100 प्रमुख ब्रांड एक ही छत के नीचे अपने नवीनतम एवं मास्टरपीस आभूषणों के साथ उपलब्ध होंगे।

आभूषण प्रेमियों के लिए यह अच्छा अनुभव होगा, जहां कई प्रकार के विकल्पों के साथ आभूषण पसंद किये जा सकते हैं। अभिनेत्री श्रावंती चोकारोपु, अभिनेत्री नायनी पवानी, प्रियंका चौधरी ने बताया कि आभूषण महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। विशेष रूप से बदलते समय के साथ-साथ पारंपरिक सुंदरता के साथ-साथ नये आकर्षण इसमें जुड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शनी मेंएक साथ कई आभूषणों और उनके डिजाइनों को अनुभव किया जा सकता है।

# संवत्सरी पर्व हमारे जीवन के सभी राग-द्वेष को दूर करता है : साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी

**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूज्य श्री जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य पुष्करमुनिजी म.सा,श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ. शिवमुनिजी म.सा , महाश्रमण पूज्य श्री जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी श्री प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा-3 का शासनोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख सातापूर्वक विराज रहे हैं।

यहाँ संघ के मंत्री दिलीप गादिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पुष्कर शील चन्दन दरबार में संचालक पारस डोसी ने सभी श्रावक-श्राविकाओं, बाहर क्षेत्रों से पधारे दर्शनर्ति का स्वागत व अभिनंदन किया व पर्वदिराज पर्युषण पर्व की अंतिम दिन पर संवत्सरी की शुभकामनाएं दी।

पर्वदिराज पर्युषण के आठवें दिवस पर साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभा म.सा की मुखरबिंद से अंतगड सूत्र के वचन से हुआ एवं सूत्र वचन पूर्ण हुआ।

अवसर पर साध्वी प्रियांसाश्री म.सा अपने उदबोधन में फरमाया कि संवत्सरी





पर्व यह पर्व आलोचना का, क्षमा याचना का पर्व है। हमें चिंतन करना चाहिए की ऐसा कौनसा रोग है जो वेदना नहीं देता, जो कुछ नहीं करता और ना ही किसी तरह की हानि पहुंचता है। वो रोग है पागलपन। एक पागल मानुष अपने जीवन में अपनी मस्ती में रहता है और उसे ना किसी दुसरे के बारे में सोचता है और दूसरों से ज़्यादा ज़िन्दगी जीता है। उससे किसी भी प्रकार का दर्द का ऐसास नहीं होता। हम अगर उसके साथ मज़ज़क भी उड़ा लेते है तो भी वो बुरा नहीं मानता है। हम अपने जीवन में तीन तत्वों को बारे में निंदा करते है। कष्ठ पहुंचते है तब जाकर हमें वो पागलपन का रोग आता है। देव गुरु और धर्म पर कभी भी टिक्का-टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। अगर हम गुरु भगवंतों को समझ नहीं सकते हैं तो कोई बात नहीं पर कभी भी उनके बारे में बुरा-भला नही बोलना चाहिए। ऐसा करने से हमें पागलपन का रोग घर लेता है।

साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि पर्वदिराज पर्युषण महापर्व 8 आठ दिन का होता है और इन आठों दिनों में जप-तप,धर्म-साधना करने की प्रेरणा देता है। पर्युषण पर्व गतिमान है और सात दिन पुरे हो गये और यह अंतिम दिन आठवां दिन प्रयाश्चित करने का दिन है। संवत्सरी पर्व को क्षमा पर्व भी कहते हैं। क्षमा हमें किसी एक या दो से नहीं और ना अपने सगे-संबंधियों के साथ ही करना चाहिए अपितु अपने जीवन के सबस बड़े और माह शत्रु है उससे भी क्षमायाचना करते हुए मिच्छामि दुककधम करना है।

पुष्कर शील चन्दन दरबार में धर्म सभा का संचालन करते हुए चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने सर्वप्रथम सभी तापराधिकों की सुख साथा पूछते हुवे उनके तप की अनुमोदना की एवं बताया कि संवत्सरी जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण महापर्व है, जो क्षमा और आत्म-चिंतन का प्रतीक है। इस दिन अपने पिछले वर्ष के कार्यों का विचार करते हैं और अपने द्वारा किए गए अपराधों के लिए क्षमा मांगते हैं।

आगे बताया कि आज के पावन दिन पर संघ की पुन्यवानी से साध्वी प्रियांसाश्रीजी म.सा जन्मदिन के उपलक्ष्य में साध्वीश्री को शुभकामनाएं दी। संघ के मंत्री दिलीप गादिया और चातुर्मास प्रधान संयोजक गिरिराज सिंघी ने अपने विचार रखे और तेजस्वी बहु मंडल, पुष्पा सिंघवी और ज्योति जैन ने गीतिका प्रस्तुत की।

धर्म सभा में सम्पूर्ण चातुर्मास में एखासन व आयंबिल का लाभ लेने वाले श्री गौतमचन्दजी-ज्ञानाबाईजी, अजयजी -कविताजी, संजयजी, प्रीतिजी,अनमोल,रितिशा, आध्या, अनिशा,आन्या एवं समस्त श्रीमाल कोठारी परिवार व शैलेशजी कोमलजी अदर्शजी कानीश आंचलिया कोठारी परिवार का बहुमान स्मृतिचिह्न, शाल व माला द्वारा संघ के ज्ञानचन्द कोचेटा, गिरिराज सिंघी, प्रेमचन्द कोठारी, पदमा कोचेटा, संगीता कोठारी, कांताबाई कोठारी व विमला पितलिया ने किया। चातुर्मास में आठाई व ऊपर की तपस्या करने वाले तापराधिकों का रजत सिक्खे द्वारा स्वागत का लाभ लेने वाले सुरेन्द्रजी-मंजूदेवीजी, राजेन्द्रजी-सीमाजी, महेंदजी-निर्मलाजी, मनोहरजी-अल्काजी, विजयजी-रेणुजी, गिरिराजजी-शालुजी, योगेशजी- स्वेताजी, नितेशजी-नीलूजी, अभिषेकजी-शेफलीजी, अक्षय- मानवी एवं समस्त बम्ब सिंघी परिवार का बहुमान शाल व माला द्वारा संघ के कुशालराज पोकरणा, गौतम कोठारी, अभिलाषा कोठारी, ममता तिकलिया ने किया। तपस्वियों के सामूहिक पारणे का लाभ लेने वाले गौतमचन्दजी-लीलादेवीजी, पवनकुमारजी-जयाजी, लिखशिता चाणोदिया परिवार का बहुमान शाल व माला द्वारा संघ के दिलीप गादिया, पुखराज तातेड़, पारस डोसी, स्वेता सिंघी, शालु सिंघी ने किया। धर्म सभा मे पुज्य गुरुणी के मुखरबिंद से श्रीमती चंदना घोड़ावत, सुश्री मेहक गांधी मेहता,सुश्री साक्षी शामशुखा व सुश्री प्रियल भंसाली में 8 उपवास के पचखान ग्रहण किये। कार्यक्रम के पश्चात भंवरलालजी प्रदीपजी पारसजी विनेशजी विशालजी डोसी, तेजराजजी विनोदकुमारजी भंसाली, श्रीमती जामुनादेवी डूंगरचंद जी भंसाली, श्री कांतिलालजी सुशीलजी कोठारी एवं श्रीमती चन्दना घोड़वात पारिवार वालों की ओर से प्रभावन का लाभ लिया। धर्म सभा में त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 450 धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

## भारत में मंकीपॉक्स का खौफ, एक संदिग्ध को किया गया आइसोलेट

### स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (एजेंसियां)।** दुनिया के कई देश इन दिनों मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे हैं। अफ्रीकी देशों से शुरू हुआ ये वायरल संक्रमण यूएस-यूके सहित कई एशियाई देशों में भी बढ़ता जा रहा है। इस बीच, भारत में भी मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध रोगी मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लेकर जानकारी दी है। हालांकि संदिग्ध रोगी के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मंत्रालय ने बताया कि संदिग्ध ने हाल ही में मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे एक देश की यात्रा की थी। फिलहाल उसे मंकीपॉक्स के लिए तय किए गए एक अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल संदिग्ध रोगी की हालत स्थिर है। एमपॉक्स की मौजूदगी की पुष्टि के लिए मरीज के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसके लक्षण एनसीडीसी द्वारा पहले से बताए गए लक्षणों के अनुरूप ही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इसे लेकर पर्याप्त सावधानी बरती जा रही है। और सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जा रहा है। देश ऐसे अलग यात्रा-संबंधी मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

गौरतलब है कि इस वायरल जूनोटिक रोग से मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के देश सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कांगो में अब तक 18 हजार से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जबकि कम से कम 610 लोगों की इससे जान जा चुकी है। मंकीपॉक्स संक्रमण को चूंकि कई मामलों में गंभीर और जानलेवा माना जाता है इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया था। मंकीपॉक्स के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत में भी बीते दिनों अलर्ट जारी किया गया है, फिलहाल यहां अब तक संक्रमण के मामले सामने नहीं आए थे।

हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने एमपॉक्स के बढ़ते मामलों के लिए इसके नए स्ट्रेन क्लेड आईबी को जिम्मेदार माना है। विशेषज्ञों ने कहा इस बात की गंभीर चिंता है कि वायरस म्यूटेट हो रहा है और नए स्ट्रेन पैदा कर रहा है। यह उन देशों में भी रिपोर्ट किया जा रहा है जहां अब तक एमपॉक्स का खतरा नहीं था।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति हैदराबाद की छमाही बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हैदराबाद (3) की 13वीं एवं 14वीं छमाही बैठक गुरुवार को 05 सितंबर को शाम 3.30 बजे सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में स्थित एसबी हाल में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नराकास (का.) हैदराबाद (3) के अध्यक्ष तथा सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. प्रकाश कुमार ने की।

इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और जनगणना कार्य निदेशालय, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाणा क्षेत्र के निदेशक पी. बालकिरण ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण), बेंगलूरु के उप निदेशक अनिर्बान कुमार बिश्वास, हिन्दी शिक्षण योजना की उप निदेशक (प्रभारी) श्रीमती बेला और चि.वें. सुब्बाराव, समिति के सदस्य सचिव एवं वरि. हिन्दी अधिकारी, सीएसआईआर-एनजीआरआईभी मंचासीन अतिथियों में थे।

इस अवसर पर नराकास, हैदराबाद (3) के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुमार ने बैठक में उपस्थित सदस्य कार्यालय अध्यक्षों एवं हिन्दी पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं। अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा 14 एवं 15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 351 का उल्लेख करते हुए राजभाषा के विकास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजकल के कंप्यूटर युग में राजभाषा कार्यान्वयन आसान तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से अपील की कि राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्यक रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भेजना आसान हो गया है। सभी कार्यालय इस पोर्टल पर पंजीकरण करें और समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्टें राजभाषा विभाग को भेजें। उन्होंने सदस्यों को नई संसदीय राजभाषा समिति गठित होने की सूचना देते हुए उसके निरीक्षण के लिए तैयार रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली तथा उससे संबंधित मुद्दों पर समिति की ओर एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव है। उसमें भाग लें और निरीक्षण प्रश्नावली से संबंधित अपनी शंकाएँ दूर करें। उन्होंने घर में मातृभाषा- कार्यालय में राजभाषा नारे के साथ अपना उद्बोधन समाप्त किया।तत्पश्चात बैठक के मुख्य अतिथि एवं जनगणना कार्य निदेशालय, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना क्षेत्र के निदेशक पी. बाल किरण ने




अपना वक्तव्य देते हुए अपने निदेशालय में उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद से राजभाषा कार्यान्वयन में हुई प्रगति के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी में टिप्पणी लेख आसान है और टिप्पणी लेखन के लिए भारत सरकार की ओर से चलाई जाने वाली प्रोत्साहन योजनाओं को अपने-अपने कार्यालयों में लागू करके हिन्दी में टिप्पणी लेखन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हिन्दी पखवाड़े को भव्य रूप से मनाएँ। विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँ। आजकल मोबाइल से हिन्दी सीखना आसान है। उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले डिजिटल उपकरणों के बारे में उल्लेख करते हुए कंठस्थ साफ्टवेयर को उपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में जो प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी हैं, उनकी मदद लेकर शेष कर्मचारियों को हिन्दी सिखायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि शीर्षस्थ अधिकारियों को निर्णय लेना है कि उनको हिन्दी में ही कार्य करना है। उन्होंने अपने जनगणना कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

तदुपरान्त क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण), राजभाषा विभाग, बेंगलूरु से पधारे उपनिदेशक (कार्यान्वयन) अनिर्बान कुमार बिश्वास ने अपने संबोधन में कहा कि नराकास की बैठक कार्यालय प्रमुखों की बैठक है। अतः इस बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने विशेष रुप से संसदीय समिति की प्रश्नावली में इस मुद्दे को लेकर होने वाले प्रश्न और निरीक्षण प्रश्नावली भरने के संबंध में एक कार्यशाला करने तथा राकास बैठकों की सूचना राजभाषा विभाग को देने तथा राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया और सभी कार्यालय अपनी-अपनी छमाही रिपोर्टें नराकास कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजने के लिए भी अनुरोध किया। उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा बनाया गया साफ्टवेयर कंठस्थ के बारे में सदस्यों को जानकारी दी और कहा कि इसके उपयोग से राजभाषा के प्रचार-प्रसार में कठिनाइयाँ दूर होंगी। उन्होंने कहा कि संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली को डाउनलोड करके उसमें जो मुद्दे हैं उन पर ध्यान देना चाहिए और उन मुद्दों के आँकड़ों को सटीक तैयार रखना चाहिए।इस अवसर पर हिन्दी शिक्षण योजना की प्रभारी श्रीमती बेला जी ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि हिन्दी शिक्षण योजना की ओर से अब ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कार्यालय संयुक्त रूप से कक्षाओं की व्यवस्था कर सकते हैं। उसके लिए हिन्दी शिक्षण योजना की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इसके बाद समिति के सदस्य सचिव चि.वें. सुब्बाराव ने सदस्य कार्यालयों द्वारा भेजे गए राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी छमाही प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों द्वारा राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति की अनिवार्यता को लेकर जानकारी दी। इसके उपरांत बैठक में उपस्थित हिन्दी पदाधिकारियों द्वारा पुछे गए सवालों का जवाब क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण) के उप निदेशक अनिर्बान कुमारबिश्वास तथा हिन्दी शिक्षण योजना की प्रभारी श्रीमती बेला ने दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, तेलंगाना राज्य के राज्य निदेशक अजय मधुकर जोशी ने एनआईसी द्वारा प्रयोग में लाए जा रहे कार्यालयीन साफ्टवेयरों के बारे में अवगत कराया। एआरसीआई की राजभाषा प्रभारी डॉ. रंभा सिंह और डीआरडीओ-चेस की राजभाषा प्रभारी अनुराधा पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छों से किया गया। मुख्य अतिथि का परिचय समिति के सदस्य सचिव चि.वें. सुब्बाराव ने दिया। समिति के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि पी. बालकिरण, मंचासीन अतिथिगण अनिर्बान कुमार बिश्वास और श्रीमति बेला का सम्मान स्मृति चिह्न तथा शाल से किया।इस अवसर पर समिति की गतिविधियों में अपना योगदान देकर राजभाषा कार्यान्वयन में अपनी भूमिका निभा रही अनुराधा पांडेय का भी सम्मान अध्यक्ष ने प्रशस्ति-पत्र तथा शॉल से किया।बैठक की विधिवत् समाप्ति सीए-सआईआर-एनजीआरआई के वरि. हिंदी अधिकारी तथा समिति के सदस्य सचिव चि.वें. सुब्बाराव द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्र गान के साथ हुई। बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव चि.वें. सुब्बाराव ने किया। इस बैठक में समिति के विभिन्न कार्यालयों से लगभग 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जवाहरलाल नेहरू पत्रकार आवास सोसायटी को जमीन की वितरित






**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पत्रकारों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जवाहरलाल नेहरू पत्रकार आवास सोसाइटी के लिए भूमि वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के सदस्यों को भूमि आवंटित करने और उन्हें आवास के अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ने पत्रकार समुदाय का समर्थन करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और उन्हें पर्याप्त संसाधन और सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। भूमि वितरण पहल को पत्रकारों के योगदान को मान्यता देने और उनके रहने की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जाता है। इस कार्यक्रम में मीडिया और सरकारी क्षेत्रों की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जो मीडिया पेशेवरों के लिए आवास में सुधार के राज्य के प्रयासों में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

## पुलिस प्रतिनिधिमंडल ने लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में 1959 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**हैदराबाद, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस प्रतिनिधिमंडल ने लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में 1959 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र हुआ। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि तेलंगाना पुलिस के डीआईजी एन प्रकाश रेड्डी ने समूह के उप नेता के रूप में कार्य किया।

एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और कर्मी, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सतर्क निगरानी रखते हैं, शहीदों को सलामी देने में पुलिस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए।

प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान मिला, जो उस गश्ती दल का हिस्सा थे जिसने 21 अक्टूबर, 1959 को चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया था। घटना के दौरान पकड़े जाने के बावजूद, उनकी लचीलापन और साहस पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखता है।






## किशन रेड्डी ने खम्मम बाढ़ पीड़ितों को दिया सहायता का आश्वासन







**खम्मम, 08 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने तेलंगाना के खम्मम में बाढ़ पीड़ितों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में रविवार को जानकारी ली और जलग्रहण क्षेत्र में जल निकासी की स्थिति का निरीक्षण किया। श्री रेड्डी ने खम्मम जिले में दानचलापुरम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अपने दौरे के दौरान कहा कि खम्मम में आयी भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचायी है, जिससे कई लोग बेघर हो गये हैं। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भी जानकारी ली।बाद में, अग्रहारम कॉलोनी के कंडागदला समारोह हॉल में पीड़ितों को आवश्यक सामान और कंबल वितरित किए गए।रेड्डी ने जोर देकर कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है, और केंद्र और राज्य सरकारें लोगों की सहायता के लिए मिलकर काम करेंगी। उन्होंने उल्लेख किया कि बाढ़ के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से संपर्क किया।उन्होंने यह भी बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 1,345 करोड़ रुपये आरक्षित किए गए हैं, और प्रधानमंत्री मोदी ने निर्देश दिया है कि इन निधियों का उपयोग बाढ़ राहत प्रयासों के लिए किया जाए। रेड्डी ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें मुनेरू बाढ़ के पीड़ितों के साथ खड़ी रहेंगी।

### प्रभावितों ने किशन रेड्डी का घेराव किया

रविवार सुबह खम्मम शहर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने वाले केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को उस समय कड़वा अनुभव हुआ, जब दानचलापुरम में कई महिलाओं ने सरकार की ओर से मदद न मिलने की शिकायत करते हुए उनका रास्ता रोक दिया। श्रीनिवास रेड्डी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराएगी। बाद में उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को जरूरी सामान वितरित किया। उन्होंने लोगों से आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1077 पर कॉल करने को कहा। महिला डिग्री कॉलेज, स्वर्ण भारती फंक्शन हॉल, रमनापेट स्कूल और दानचलापुरम स्कूल में राहत केंद्र बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में निवासियों को राहत केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। मंत्री भट्टी विक्रमार्क और कलेक्टर मुजम्मिल खान ने शनिवार रात राहत केंद्र के साथ-साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। मुन्नेरू नदी, जिसमें शनिवार को भारी जलप्रवाह हुआ था, रविवार सुबह 5 बजे 15.50 फीट पर पहुंच गई, हालांकि बाद में जलस्तर कम हो गया और सुबह 11 बजे यह 14.25 फीट पर पहुंच गई।











स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.